जबलपुर
सोमवार, 10 फरवरी 2025
माघ मास शुक्ल पक्ष -12
वर्ष : 19, अंक : 278
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 30
न्यून. 13

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

अक्षयवट और श्री बड़े हनुमानजी के दर्शन भी करेंगी

राष्ट्रपति मूर्मू आज संगम में लगाएंगी आस्था की डुबकी

प्रयागराज। प्रयागराज की पावन धरा पर सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कदम रखेंगी और इसकी भव्यता व दिव्यता की साक्षी बनेंगी। वे आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी और इस दौरान संगम स्नान के साथ ही यहां अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगी। वे डिजिटल महाकुंभ अनुभव केंद्र का अवलोकन करेंगी। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे।

विश्व की सबसे बड़ी टायर निर्माता कंपनियों में से एक ब्रिजस्टोन मप्र में अपनी मौजूदा इकाई का विस्तार करेगी। नई उत्पादन लाइन, अनुसंधान, विकास केंद्र और कौशल विकास केंद्र की स्थापना की योजना भी बनी है।

इन्वेस्टर्स के लिए आइडियल डेस्टिनेशन बन रहा है मप्र, जीआईएस से प्रदेश का इंडस्ट्रियल सेक्टर होगा बूस्ट-अप

यूके, जर्मनी और जापान की कंपनियां तकनीक के क्षेत्र में भी मप्र को 'संवारेंगी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) अब कई मामलों में खास होने जा रही है। एक तरफ भोपाल के आसपास के औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप, बगरोदा, पीलूखेड़ी, गोविंदपुरा, अचारपुरा और फंदा के उद्यमियों को इसका लाभ मिलेगा साथ में उन युवाओं में भी खासा उत्साह है, जो नई तकनीक को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूर्ण करने में सहभागी बनना चाहते हैं। विदेशी कंपनियों के निवेश से भी मप्र में रोजगार व उद्योग में इजाफा होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवेश संबंधी अपने विदेश दौरे में कंपनियों को तकनीकी रूप से भी मप्र के विकास में सहभागी बनने का निमंत्रण दिया है।

व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए विशेष फ्रेमवर्क

मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जेट्रो) के अध्यक्ष सुसुमु काताओका के साथ बैठक में व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए विशेष फ्रेमवर्क पर सहमति बनी है। जेट्रो मप्र में अपना कार्यालय स्थापित कर सकता है।

जर्मन निवेशक को जर्मनी में ही भूमि आवंटन-पत्र प्रदान किया

नवंबर 2024 में मुख्यमंत्री के 6 दिवसीय यूके और जर्मनी दौरे में उद्योगपतियों और निवेशकों से निवेश प्रस्ताव मिले थे। मुख्यमंत्री के यूके-जर्मनी दौरे से पहले सागर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में प्रस्ताव आया था कि तकनीकी क्षेत्र में जर्मनी और भारत संयुक्त रूप भोपाल के अचारपुरा में इकाई स्थापित करेंगे। इस कंपनी के जर्मन निवेशक को जर्मनी में भूमि आवंटन-पत्र प्रदान किया गया। कंपनी भोपाल में 100 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करेगी। सॉफ्टवेयर और आईटी पार्क के निर्माण पर विभिन्न इंटरेक्टिव सेशन और राउंड टेबल डिस्कशन भी हुए। वुडपैकर सॉफ्टवेयर ने रसायन और आईटी सेक्टर में 1,100 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दिया है।

जापान जीआईएस में कंट्री पार्टनर के रूप में शामिल होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव पूरे आत्मविश्वास से कहते हैं कि इस बार जापान, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में कंट्री पार्टनर के रूप में शामिल होगा, जिससे दोनों देशों के बीच आर्थिक और औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। जापान की कंपनियों ने मप्र में मेडिकल डिवाइस, ऑटोमोबाइल्स, मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और टैक्सटाइल (रेडिमेड गारमेन्ट्स) सेक्टर में निवेश करने की इच्छा जताई है। जापान की कंपनियों के सहयोग से हम प्रदेश को इन्वेस्टमेंट के लिए एक आइडियल डेस्टिनेशन और इंडस्ट्री फ्रेंडली स्टेट बनाने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। *इंपैक्ट फीचर*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

श्रद्धा वाल्कर के पिता की हार्ट अटैक से मौत

नई दिल्ली। तीन साल पुराने श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड का फैसला अभी तक नहीं आया, लेकिन श्रद्धा के पिता विकास वालकर का रविवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया। विकास अपनी बेटी का केस लड़ रहे थे। उन्हें बेटी की अस्थियों का इंतजार था ताकि उसका अंतिम संस्कार कर पाते, इससे पहले ही उनका निधन हो गया। श्रद्धा की हड्डियां सबूत के तौर पर रखी गईं हैं।

सीएम यादव आज देंगे करोड़ों की सौगात

देवास। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज जिले के पीपलरावां पहुंचेंगे। जहां भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। साथ ही 1.27 करोड़ लाडली बहनों को 1553 करोड़, 81 लाख किसानों को किसान कल्याण योजना के तहत 1624 करोड़, 56 लाख समाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को 337 करोड़ सिंगल क्लिक कर राशि प्रदान करेंगे।

सड़क हादसे में 3 की मौत, 8 गंभीर घायल

सतना। चित्रकूट मार्ग पर मझगवाँ थाना क्षेत्र में भीषण हादसा हो गया। शनिवार देर रात बड़े हनुमान मंदिर के पास बोलेरो और पिकअप में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद पिकअप पलट गई। हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

दो जवान शहीद दो घायल हुए

मुठभेड़ सुबह इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में हुई, यह नक्सलियों के लिए सुरक्षित ठिकाना

दनादन गोलीबारी के बीच नक्सलियों की मांद में घुसे जवानों ने 31 को ठोक डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षाबल के जवानों ने रविवार को मुठभेड़ के दौरान 31 नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मियों की शहीद हुए हैं जबकि दो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस साल नक्सलियों के खिलाफ यह सबसे बड़ा अभियान है। इस साल अब तक राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों ने 81 नक्सलियों को मार गिराया है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि मुठभेड़ सुबह इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में हुई। जब विभिन्न सुरक्षाबलों का एक संयुक्त दल नक्सल रोधी अभियान पर निकला था। अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक भी जब्त किए गए हैं। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में एके 47, एसएलआर, इंसास राइफल, बीजीएल लांचर हथियार और विस्फोटक पदार्थ बरामद हुए हैं।

बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के लिए तीन चार जगह सुरक्षित मानी जाती हैं। इनमें अबूझमाड़, नेशनल पार्क और साउथ बस्तर भी शामिल है। इस बार जवानों ने जहां कार्रवाई की है वह नक्सलियों का आदर्श क्षेत्र था।

इससे पहले अक्तूबर 2024 को दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले के सीमा पर थुलथुली गांव में 35 नक्सली मारे गए थे। 16 अप्रैल 2024 को हुई मुठभेड़ में 33 नक्सली ढेर किए गए थे।

घटनास्थल पर अतिरिक्त सुरक्षाबलों को भेजा गया, दो घायल जवानों को निकालने के लिए जगदलपुर से एमआई-17 हेलीकॉप्टर मौके पर पहुंचा

खास बातें

- इस साल राज्य में अभी तक 81 नक्सलियों को मार गिराया
- बीजापुर डीआरजी, एसटीएफ और बस्तर फाइटर के जवानों की नक्सलियों की खिलाफ यह सबसे बड़ी कार्रवाई
- मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में एके 47, एसएलआर, इंसास राइफल, बीजीएल लांचर हथियार और विस्फोटक पदार्थ बरामद

अभी भी मौके पर हो रही है रुक-रुक कर फायरिंग

पुलिस अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ में दो सुरक्षाकर्मियों ने भी जान गंवाई है। जिनमें से एक राज्य पुलिस के जिला रिजर्व गार्ड से तथा दूसरा विशेष कार्य बल से था। उन्होंने कहा कि दो अन्य सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि दोनों घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

सीएम साय बोले-जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मुठभेड़ में 2 जवान बलिदान एवं 2 जवान के घायल होने की भी दुःखद खबर प्राप्त हुई है। जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा।

ये भी मुठभेड़

- **25 मई 2024:** सुकमा और बीजापुर जिले में 3 नक्सली ढेर
- **08 जून :** अबूझमाड़ के आमदई एरिया में 6 नक्सली मारे गए
- **10 मई :** बीजापुर में 12 नक्सलियों को मौत की नींद सुलाया
- **15 जून :** नारायणपुर जिले के ओरछा थाना के फरसबेड़ा-धुरबेड़ा के बीच 8 नक्सली ढेर
- **03 सितंबर :** दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा पर नौ माओवादी ढेर
- **05 सितंबर :** छत्तीसगढ़ और तेलंगाना बॉर्डर पर 6 नक्सली ढेर
- **22 नवंबर :** सुकमा जिले के थाना भेज्जी इलाके में 10 नक्सली ढेर

प्रयागराज जाने वाले रास्ते ठप, करीब 10 हजार वाहन फंसे

मप्र-यूपी बॉर्डर पर 20 किमी लंबा जाम, 'वाहनों' में ही रात गुजार रहे

- हाइवे पर वाहन रोके जाने से मैहर में भीड़ उमड़ने की संभावना
- महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों से प्रयागराज जाने का एकमात्र रास्ता एनएच 30

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना /मैहर/रीवा/कटनी

प्रयागराज महाकुंभ में भीड़ बढ़ने से जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। लिहाजा, वहां वाहनों की नो एंट्री हो जाने से एनएच 30, कटनी, मैहर और रीवा में वाहनों को रोका गया। जाम में फंसे लोगों ने वाहनों में ही रात गुजारी। वाहनों की गति इतनी धीमी रही कि एक दो किमी का सफर 4 से 5 घंटे में पूरा हो सका। अमरपाटन के खरमसेड़ा के पास हाइवे पर वाहनों की लगभग 3 किलोमीटर लंबी कतारें लग गई है। महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों से प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए एकमात्र रास्ता एनएच 30 है जो कटनी मैहर तथा रीवा होते हुए गुजरता है।

संगम में रायसेन की महिला की मौत, परिजनों का वाहन जाम में फंसा

रायसेन। महाकुंभ में रायसेन की 50 वर्षीय महिला की हार्ट अटैक से मौत हो गई। शनिवार को महिला अपने परिवार के साथ महाकुंभ स्नान के लिए आई थीं। रविवार सुबह संगम घाट के पास उन्हें हार्ट अटैक आया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। मृतका का नाम उषा चतुर्वेदी पति एडवोकेट राजू चतुर्वेदी है। उनके देवर भाजपा नेता बृजेश चतुर्वेदी ने बताया कि परिजन प्रयागराज की ओर रवाना हो चुके हैं। हालांकि, भारी जाम के कारण उन्हें वहां पहुंचने में काफी कठिनाई हो रही है। उन्होंने कहा कि अंतिम संस्कार के स्थान का निर्णय परिवार के सभी सदस्य मिलकर करेंगे।

राज्य में मई 2023 से जातीय हिंसा चल रही

मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने दिया इस्तीफा, शाह से की मुलाकात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने रविवार शाम मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

- 200 लोगों के मारे जाने के बाद उन पर था इस्तीफे का दबाव

शनिवार रात को उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। पिछले साल के अंत में राज्य में जातीय हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने जनता से माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था कि यह पूरा साल बेहद खराब रहा। राज्यपाल को सौंपे गए अपने इस्तीफे में उन्होंने लिखा कि मणिपुर के लोगों की सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है।

इंदौर से बहन की शादी में विदिशा आई थी

महिला संगीत में डांस कर रही युवती की मंच पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शादी समारोह में महिला संगीत के कार्यक्रम के दौरान मंच पर डांस करते-करते एक युवती की मौत हो गई। युवती इंदौर की रहने वाली थी। विदिशा में अपनी कजिन सिस्टर की शादी में शामिल होने आई थी।

ये घटना शनिवार रात करीब 10 बजे की है। इसका वीडियो रविवार को सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि परिणीता (23) नाम की युवती मंच पर डांस कर रही है।

इसी दौरान 'लहरा के बलखा के..' गाना बजता है। युवती इस गाने पर डांस स्टेप करती है। तभी अचानक खड़े-खड़े ही मुंह के बल मंच पर गिर जाती है। आशंका है कि डांस करते समय ही उसे हार्ट अटैक आ गया, जिससे उसकी स्टेज पर ही गिरकर मौत हो गई।

पीएम मोदी के अमेरिकी दौरे से वापसी के बाद होगा शपथ समारोह

अब10 दिन में मिल जाएगा दिल्ली को 'नया मुख्यमंत्री'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा के प्रभारी बैजयंत पांडा ने कहा कि दिल्ली को अगले 10-15 दिन में नया मुख्यमंत्री मिल जाएगा। दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह 13 फरवरी के बाद होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 से 13 फरवरी तक फ्रांस और अमेरिका के दौरे पर रहेंगेष भाजपा 27 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद दिल्ली में सरकार बनाने जा रही है। पार्टी चाहती है कि नई सरकार के शपथ ग्रहण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौजूद रहें।

मोदी 10 से 13 फरवरी तक फ्रांस और अमेरिका के दौरे पर रहेंगे

सचदेवा ने एलजी से मांगा मिलने का वक्त

भाजपा ने रविवार को उपराज्यपाल से मिलने का समय भी मांग लिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एलजी विनय सक्सेना से अपने नए 48 विधायकों और सात सांसदों संग मिलने के लिए पत्र लिखकर वक्त मांगा है। उधर, सीएम आतिशी ने रविवार को अपना इस्तीफा एलजी को सौंप दिया।

रात के तापमान में उतार-चढ़ाव के साथ हल्की सर्दी का दौर

प्रदेशभर में दिन में हवाएं दक्षिण पूर्वी और शाम से हो रहीं उत्तरी

दो दिन में 7 डिग्री उछला भोपाल का पारा, शाम की हवाओं में सर्दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को राजधानी सहित प्रदेशभर में दिन के तापमान में तेजी से बढ़त रही। भोपाल में दो दिन में अधिकतम पारा 7 डिग्री से अधिक बढने से मौसम सामान्य रहा। अधिकांश जिलों में दिन के तापमान में औसतन दो डिग्री तक बढ़त के बाद औसत दिन का पारा सामान्य से दो डिग्री तक अधिक पहुंच गया है। इससे दिन में मौसम खुशनुमा रहेगा, लेकिन शाम से हवाएं उत्तरी होने से हल्की ठंडक घुली रही। मौसम केंद्र के अनुसार दो दिन बाद तापमान में और बढ़त होगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार दक्षिण पश्चिमी राजस्थान के ऊपर एक इन्ड्यूस्ड सिस्टम बना हुआ है। इससे हवाएं बदल रही हैं। राजधानी में शनिवार को दिन के तापमान में 4 डिग्री के बाद रविवार को 3.2 डिग्री की बढ़त रही।

बड़ा तालाब का दृश्य

केंद्रीय मंत्री खट्टर ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में कई साल से चुनिंदा शहर ही टॉप थ्री में आ रहे हैं, इसलिए ये नई व्यवस्था

स्वच्छता के लिए टॉप थ्री शहरों की बनेगी 'अलग लीग'

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

परमाणु ऊर्जा, आवास व शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि स्वच्छता सर्वेक्षण में कई सालों से चुनिंदा शहर ही टॉप थ्री में आ रहे हैं। इसके लिए अब नई व्यवस्था बनाई जा रही है।

टॉप थ्री शहरों की अलग से लीग बनाकर उनके बीच प्रतिस्पर्धा कराई जाएगी। इसमें जो शहर पास नहीं होंगे, उन्हें बाहर सामान्य कैटेगरी में रखा जाएगा।

होगी प्रतिस्पर्धा, पास न हुए तो सामान्य श्रेणी में रखे जाएंगे

इससे नए शहर जो प्रयास कर रहे हैं उनमें से फर्स्ट सेकंड व थर्ड आ सकेंगे

तीन शहरों में जो सबसे नीचे, वह हो जाएगा बाहर

केंद्रीय मंत्री खट्टर ने कहा कि हम लोगों की शिकायत का समाधान ढूंढ़ रहे हैं। इसके लिए पिछले चार सालों से फर्स्ट, सेकंड, थर्ड आने वाले शहरों के लिए अलग लीग बनाएंगे। फर्स्ट, सेकंड, थर्ड आने वाले शहरों में जो सबसे नीचे रहेगा ,उसे इस लीग से बाहर कर दिया जाएगा। वह शहर नए शहरों के साथ कम्पीट करेगा।

केजरीवाल का 'जहर वाला बयान' उनको महंगा पड़ गया

खट्टर ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों के संदर्भ में कहा कि पानी को लेकर विवाद कई राज्यों के बीच में है। इसे सुलझाने की कोशिश करने की बजाए अरविंद केजरीवाल कहते थे कि 2025 का चुनाव यमुना को साफ करने के बाद ही लड़ूंगा। यमुना साफ नहीं कर पाए तो हरियाणा पर पानी में जहर घोलने का अरोप जड़ दिया। उन्होंने कहा कि यह बयान केजरीवाल को महंगा पड़ गया।

दिल्ली के नवनिर्वाचित विधायकों के संबंध में कई विशेष बातें

करनैल सिंह सबसे अमीर वहीं संजीव सबसे गरीब विधायक

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। भाजपा ने बंपर जीत दर्ज करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के 12 साल के शासन का अंत किया। इसी के साथ भाजपा नेतृत्व ने सभी जीते हुए उम्मीदवारों को बधाई दी है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। भाजपा ने बंपर जीत दर्ज करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के 12 साल के शासन का अंत किया। इसी के साथ भाजपा नेतृत्व ने सभी जीते हुए उम्मीदवारों को बधाई दी है। उधर अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि आप एक अच्छे विपक्ष की भूमिका निभाएगी। इस बीच लगातार तीसरी बार दिल्ली में एक भी सीट हासिल न कर पाने वाली कांग्रेस का बयान आना बाकी है। चुनावी नतीजे आने के बाद जीते हुए उम्मीदवारों को लेकर लोगों के मन में कई तरह के सवाल हैं? मसलन दिल्ली को अब जो नेता मिलेंगे, वे सब कितने पढ़े-लिखे हैं? उनकी संपत्ति कितनी है? इनमें कितने नेताओं पर आपराधिक केस दर्ज हैं? इसके अलावा दिल्ली की नई विधानसभा कितनी उम्रदराज होगी?

सबसे अमीर विजेता 259 करोड़ के

विधायकों की औसत आयु करीब 52 वर्ष

दिल्ली विधानसभा चुनावों में जो नेता चुनकर आए हैं, उनकी उम्र का दायरा 31 साल से लेकर 73 साल तक है। दिल्ली में चुने गए नवनिर्वाचित विधायकों की औसत आयु करीब 52 वर्ष है। यानी दिल्ली विधानसभा में युवाओं और बुजुर्ग विधायकों का एक अच्छा संगम साबित होने वाली है।

आप के झा की संपत्ति 14 लाख 47 हजार 331 रुपए

दिल्ली विधानसभा चुनाव में जो प्रत्याशी जीते हैं, उनकी औसत संपत्ति 21.28 करोड़ रुपए है। आम आदमी पार्टी से जीतने वाले संजीव झा इनमें सबसे कम संपत्ति वाले विधायक होंगे। उनकी कुल संपत्ति 14 लाख 47 हजार 331 रुपए है। वहीं, 259 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति के साथ शकूर बस्ती से चुने गए करनैल सिंह सबसे अमीर विधायक होंगे।

31 विधायकों पर मामले दर्ज अमानतुल्लाह पर 19 केस

दिल्ली की नई विधानसभा में इस बार 70 में से 31 विधायक ऐसे होंगे, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। यानी करीब 44 फीसदी जनप्रतिनिधि दागी होंगे। सबसे ज्यादा 19 मामले ओखला सीट से चुने गए अमानतुल्लाह खान पर दर्ज हैं। वहीं, 18 विधायक ऐसे होंगे, जिन पर दो या इससे ज्यादा केस दर्ज हैं।

17 पीजी, कई इंजीनियर- डॉक्टर तो राम सिंह केवल 5वीं पास

दिल्ली विधानसभा में इस बार शिक्षा का स्तर काफी बेहतर है। 70 में से 17 विधायक ऐसे हैं, जो कि पोस्ट ग्रेजुएशन कर चुके हैं। वहीं, दिल्ली में इस बार कोई भी जनप्रतिनिधि अनपढ़ नहीं है। विधायकों की शिक्षा का स्तर न्यूनतम पांचवीं पास है। उच्चतम शिक्षा की बात करें तो एक प्रतिनिधि डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त कर चुके हैं। सबसे पढ़े-लिखे विधायक भाजपा के डॉ. अजय दत्त हैं। सबसे कम-पढ़े लिखे जनप्रतिनिधि राम सिंह नेताजी हैं, जिन्होंने पांचवीं तक पढ़ाई की है।

महाकुंभ में फिर भारी भीड़, रात 11 बजे से पैदल चल रहे यात्री

प्रयागराज से पहले 28 किलोमीटर लंबा जाम लगा, झूंसी से लेकर अलोपी बाग तक 'लॉक', जबरदस्त भीड़

प्रयागराज में चल रहे मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अभी महाकुंभ के 17 दिन शेष हैं। हर दिन बढ़ रही भीड़ की वजह से घाटों पर लोगों की संख्या बढ़ गई है और वहीं सड़कों पर जाम की स्थिति बनी हुई है।

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज में चल रहे मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अभी महाकुंभ के 17 दिन शेष हैं। हर दिन बढ़ रही भीड़ की वजह से घाटों पर लोगों की संख्या बढ़ गई है और वहीं सड़कों पर जाम की स्थिति बनी हुई है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में एक बार फिर से श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है। हर दिन लाखों लोग पावन संगम में डुबकी लगा रहे हैं।

मौनी हादसे के बाद कुछ दिन के लिए थम गया। लेकिन अब फिर से भारी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। आज रविवार की छुट्टी के चलते श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ नजर आ रही है। वहीं सड़कों पर भी गाड़ियां जगह-जगह जाम में फंसी हैं। यात्री रात 11 बजे से पैदल चल रहे हैं। प्रयागराज में झूंसी से लेकर अलोपी बाग तक जाम लगा हुआ है। मेले में भारी भीड़ देखी जा रही है। घाटों पर भी भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी है। त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने के लिए महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं का आना जारी है।

घाटों पर पहुंचने के लिए घंटों इंतजार

प्रयागराज में भी लोगों को घाटों तक पहुंचने के लिए घंटों का इंतजार करना पड़ रहा है। भारी भीड़ को देखते हुए पार्किंग स्थल और रूटों पर आपात प्लान लागू कर दिया गया है। अगर बात प्रयागराज आने वाले रूट की करें तो फाफामऊ से प्रयागराज, झूंसी से प्रयागराज, जसरा से प्रयागराज आने वाले रास्तों पर भारी जाम लगा हुआ है।

प्रयागराज रायबरेली पर लंबा जाम

कसारी गांव के सामने आवागमन को पुलिस ने रोक दिया है। वहीं दूसरी तरफ प्रयागराज-रायबरेली हाईवे पर नवाबगंज से 12 किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। झूंसी से लेकर अलोपी बाग तक जाम लग गया है। मेले में भारी भीड़ देखी जा रही है। घाटों पर भी भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी है।

माघी पूर्णिमा पर रेलवे लागू करेगा नया प्लान

वसंत पंचमी के बाद से महाकुंभ नगर में उमड़ रही भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन महाकुंभ के पांचवें स्नान पर्व पर मौनी अमावस्या वाला प्लान लागू करेगा। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए सोमवार रात 12 बजे से ही रेलवे यह प्लान लागू कर देगा। इस दौरान अयोध्या, वाराणसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, कानपुर, झांसी व सतना की ओर ऑन डिमांड ट्रेनें चलाई जाएंगी। ऑन डिमांड ट्रेन चलाने का फायदा यह रहेगा कि जिस रूट पर यात्रियों की भीड़ रहेगी, उसी रूट पर रेलवे अतिरिक्त ट्रेन संचालित कर देगा। प्रयाग और फाफामऊ से अयोध्या, लखनऊ, जौनपुर, झूंसी व प्रयागराज रामबाग से वाराणसी, गोरखपुर रूट की ट्रेनें संचालित होंगी। सिके सिवाय कई और गाड़ियां चलाई जाएंगी।

जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने खत्म कराया हठयोग

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को धार देने के लिए हाईकोर्ट में लंबित सिविल वाद के वादी आशुतोष महाराज की खड़ी तपस्या के हठयोग को जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने शनिवार को समाप्त करा दिया। 13 जनवरी से आशुतोष महाराज ने प्रण लिया था। श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मुकदमे में सफलता के लिए खड़े रहने की प्रतिज्ञा ली थी।

यूबीटी के राउत ने उठाए सवाल

केंद्र के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों पर हजारे चुप क्यों?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने रविवार को कहा कि वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे दिल्ली विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल की हार से खुश हैं। राउत ने केंद्र की नरेंदर मोदी सरकार के खिलाफ पिछले कुछ सालों में लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों पर हजारे की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब मोदी के शासन में भ्रष्टाचार हुआ, तब हजारे कहां थे? केजरीवाल की हार पर हजारे खुश हैं। देश को लूटा जा रहा है और धन एक ही उद्योगपति के हाथों में जा रहा है। ऐसी स्थिति में लोकतंत्र कैसे बरकरार रह सकता है? ऐसे समय में हजारे की चुप्पी के पीछे क्या रहस्य हो सकता है। शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य राउत ने संवाददाताओं से कहा कि महाराष्ट्र और दिल्ली में मतदाता सूची में गड़बड़ी के बारे में एक समान पैटर्न था। हालांकि, हजारे ने ऐसे मुद्दों पर चुप रहने का विकल्प चुना। हरियाणा में भी ऐसी ही शिकायतें की गईं। ये बिहार चुनावों में भी सामने आएंगी।

हजारे के बयान पर बवाल बोले तब कहां थे?



भाजपा के सत्ता के आने पर संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन नहीं

उन्होंने आरोप लगाया कि 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से चुनावों में संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया है। राउत ने दावा किया कि जीत जोड़-तोड़ और धनबल के जरिए हासिल की जा रही है। भाजपा ने 70 सदस्यीय विधानसभा में 48 सीटें जीतकर दिल्ली में आम आदमी पार्टी का शासन समाप्त कर दिया। हारने वालों में प्रमुख नाम नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से केजरीवाल का था।

बिस्किट से लेकर फोन टैरिफ महंगे होंगे!

नई दिल्ली। आयकर में राहत और कर्ज पर किस्त कम होने की उम्मीदों के विपरीत लोगों को झटका लग सकता है। बिस्किट से लेकर फोन टैरिफ महंगे हो सकते हैं। दोनों क्षेत्रों की कंपनियों ने इस तरह का संकेत दिया है। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने कहा, वर्ष के अंत तक उत्पादों की कीमतों में 4.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी संभव है। सकती है।

बेंगलूरू में शीरन के स्ट्रीट शो पर लगी रोक

बेंगलूरू। लोकप्रिय ब्रिटिश सिंगर एड शीरन के बंगलूरू में स्ट्रीट शो पर रोक लगा दी गई है। बेगलूरू पुलिस ने ब्रिटिश संगीतकार एड शीरन के शहर में होने वाले लाइव स्ट्रीट परफॉरमेंस को रोक दिया। पुलिस का कहना है कि सिंगर-गीतकार ने अनुमति नहीं ली थी। सिंगर के खिलाफ शिकायत पर पुलिस ने शो पर रोक लगाई।

नासा के वैज्ञानिकों की चेतावनी

2032 में धरती पर होगी उथलपुथल! पृथ्वी से टकरा सकता है एस्टेरॉइड, परमाणु बम के जैसा विस्फोट होने की है आशंका

यूरोपीय स्पेस एजेंसी (ईएसए) के मुताबिक वैज्ञानिकों ने एक ऐसा एस्टेरॉइड खोजा है, जिसके पृथ्वी से टकराने का खतरा है। इस एस्टेरॉइड का नाम 2024 वायआर4 है। 22 दिसंबर 2032 को इसके पृथ्वी से टकराने की 2 .2 फीसदी संभावना है।

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

खगोलविदों ने हाल ही में एक ऐसी खोज की है, जो पृथ्वी के लिए किसी बड़े खतरे से कम नहीं है। यूरोपीय स्पेस एजेंसी (ईएसए) के मुताबिक वैज्ञानिकों ने एक ऐसा एस्टेरॉइड खोजा है, जिसके पृथ्वी से टकराने का खतरा है। इस एस्टेरॉइड का नाम 2024 वायआर4 है।

22 दिसंबर 2032 को इसके पृथ्वी से टकराने की 2.2 फीसदी संभावना है। नए आकलन के बाद इसका जोखिम 1.2 फीसदी बढ़ गया है। खगोलविदों को डर है कि जैसे-जैसे अवलोकन साझा किए जाएंगे, वैसे-वैसे खतरे का प्रतिशत भी बढ़ सकता है। अब तक के अनुमानों में इसकी टकराने की संभावना घटती-बढ़ती रही है।

नासा और ईएसए करते हैं अध्ययन

एस्टेरॉइड की कक्षा को निर्धारित करने के लिए नासा का सेंटर फॉर नियर-अर्थ ऑब्जेक्ट स्टडीज और यूरोपियन स्पेस एजेंसी का नियर-अर्थ ऑब्जेक्ट कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनईओसीसी) मिलकर काम करते हैं। ये संगठन एस्टेरॉइड की गति, कक्षा और पृथ्वी से निकटता की गणना करने के लिए उन्नत सॉफ्टवेयर नासा के स्काउटव सेंट्री तथा ईएसए के मीरकट और एजीस का उपयोग करते हैं। जब कोई नया एस्टेरॉइड खोजा जाता है, तो वैज्ञानिक उसकी संभावित कक्षाओं का मानचित्रण करते हैं। कुछ कक्षाएं पृथ्वी से टकराने की संभावना दिखाती हैं, जबकि अधिकांश पृथ्वी से दूर चली जाती हैं। शुरुआती गणनाओं में अनिश्चितता अधिक होती है, जिससे टकराव की संभावना अस्थायी रूप से बढ़ सकती है। लेकिन जैसे-जैसे और डेटा इकट्ठा होता है, गणनाएं अधिक सटीक होती जाती हैं और संभावित प्रभाव क्षेत्र सीमित होते जाते हैं।

बदलती संभावनाएं

जनवरी 29 को इस एस्टेरॉइड के पृथ्वी से टकराने की संभावना 1.3% थी, जो 1 फरवरी को बढ़कर 1.7% हो गई। अगले ही दिन यह घटकर 1.4% रह गई। इसके बाद, 8 फरवरी को यह संभावना 2.3% तक पहुंच गई और फिर 9 फरवरी को 2.2% हो गई। हालांकि, इसका अर्थ यह नहीं कि टकराव तय है। हालांकि, 2024 वायआर4 को नासा और ईएसए गंभीरता से ले रहे हैं। डेविड फार्नोचिया के अनुसार, टकराने की संभावना बहुत कम है, लेकिन अन्य एस्टेरॉयड की तुलना में अधिक है।

आकार बड़ी इमारत के बराबर

इस एस्टेरॉइड का व्यास 40-90 मीटर के बराबर और लंबाई लंबाई 130 से 300 फीट के बीच बताई जा रही है। कैलिफोर्निया के पासाडेना में नासा की जेट प्रोपल्शन लैबोरेटरी में सेंटर फॉर नियर अर्थ ऑब्जेक्ट स्टडीज के मैनेजर डॉ. पॉल चोडास का कहना है कि एस्टेरॉइड का आकार एक बड़ी इमारत के बराबर है। अगर एस्टेरॉइड अपनी अनुमानित आकार से बड़ा होता है तो जिस भी जगह यह गिरेगा वहां से 50 किमी दूर तक भयानक नुकसान हो सकता है।

प्रभाव क्षेत्र में अमेरिका, अफ्रीका, एशिया शामिल

यदि यह एस्टेरॉयड पृथ्वी से टकराता है, तो इसका प्रभाव एक परमाणु बम के विस्फोट जैसा हो सकता है। संभावित प्रभाव क्षेत्र में पूर्वी प्रशांत महासागर, उत्तरी दक्षिण अमेरिका, अटलांटिक महासागर, अफ्रीका, अरब सागर और दक्षिण एशिया शामिल हैं।

प्रभाव की संभावना बढ़ सकती है

एजेंसी के मुताबिक अगर यह अन्य नियर अर्थ ऑब्जेक्ट के पैटर्न का अनुसरण करता है तो प्रभाव की संभावना बढ़ जाएगी और फिर धीरे-धीरे कम हो जाएगी।

कुछ हजार वर्षों में गिरते हैं उल्कापिंड

अंतरिक्ष में यह 17 किलोमीटर प्रति सेकंड (38,028 किमी प्रति घंटे) की स्पीड से तैर रहा है। ईएसए के मुताबिक इतने बड़े उल्कापिंड कुछ हजार वर्षों में पृथ्वी पर गिरते रहे हैं।

खबर संक्षेप

इल्तिजा का दावा, उन्हें हिरासत में लिया गया

श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता इल्तिजा मुफ्ती ने शनिवार को दावा किया कि उन्हें जम्मू के सर्किट हाउस में हिरासत में लिया गया है। यह सब जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस को रद्द करने के लिए किया गया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि यह नया कश्मीर है और इसका असली चेहरा है। चुनी हुई सरकार दिल्ली में लंच आयोजित करने में इतनी व्यस्त है कि उसे मानवाधिकार उल्लंघन के पीड़ितों की चिंता नहीं है।

नामीबिया के राष्ट्रपति नुजोमा का निधन

विंधोएक। नामीबिया के पहले राष्ट्रपति सैम नुजोमा का 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। सैम नुजोमा, उग्र स्वतंत्रता सेनानी जिन्होंने 1990 में रंगभेदी दक्षिण अफ्रीका से नामीबिया को स्वतंत्रता दिलाई और 15 वर्षों तक इसके पहले राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया, और जिन्हें राष्ट्रपिता के रूप में जाना जाता था। वर्तमान नामीबियाई राष्ट्रपति नांगोलो म्बुम्बा ने रविवार को नुजोमा के निधन की घोषणा की।

युद्ध विराम समझौते का हो रहा पालन

गाजा से पीछे हटी इजराइली सेना, सैनिकों का लौटना शुरू

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइल-हमास युद्ध विराम समझौते के तहत इजराइल सैनिक गाजा के आबादी वाले इलाकों से पीछे हटेंगे और फिलिस्तीनियों को इजराइल बलों की तरफ से निरीक्षण किए बिना, नेत्ज़ारिम से होकर गुजरने वाली एक केंद्रीय सड़क से उत्तर की ओर जाने की अनुमति दी जाएगी।

रविवार को एक इजराइल अधिकारी ने कहा कि इजराइल सेना ने गाजा के एक महत्वपूर्ण गलियारे से हटना शुरू कर दिया है, जो हमास के साथ युद्ध विराम समझौते का हिस्सा है। इजराइल ने युद्ध विराम के हिस्से के रूप में नेत्ज़ारिम गलियारे से अपनी सेना हटाने पर सहमति जताई, यह एक भूमि पट्टी है जो उत्तरी गाजा को दक्षिणी से विभाजित करती है।

नेतन्याहू बोले दूसरे चरण के लिए बैठक करेंगे

इजराइल पीएम बेंजामिन नेतन्याहू कतर में एक प्रतिनिधिमंडल भेज रहे थे, जो दोनों पक्षों के बीच बातचीत में एक प्रमुख मध्यस्थ था, लेकिन इस मिशन में निम्न-स्तरीय अधिकारी शामिल थे, जिससे अटकलें लगाई जा रही थीं कि इससे युद्धविराम को आगे बढ़ाने में कोई सफलता नहीं मिलेगी। नेतन्याहू की तरफ से इस सप्ताह सौदे के दूसरे चरण पर प्रमुख कैबिनेट मंत्रियों की बैठक बुलाने की उम्मीद है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि यह कब होगी।

फौरन बंधकों को रिहा करें

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बात को दोहराते हुए ये कहा है कि, हमास को अब सभी बंधकों को रिहा करना होगा। 490 दिनों तक बंधन में रहने के बाद एली और ऑर ओहद अपने देश इजराइल में अपने घर पहुंच गए हैं। अब अमेरिकी विदेश मंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया है कि, हमास को अब सभी बंधकों को तुरंत रिहा करना होगा। इजराइल ने इस बात की पुष्टि की है कि, हमास ने बातचीत के बाद तीन बंधकों को रिहा कर दिया है। इजराइल के डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शनिवार को यह जानकारी दी थी कि, तीनों बंधकों, ओहद बेन अमी, एली शराबी और ऑर लेवी को रेड क्रॉस को सौंप दिया गया था, जहां से उन्हें इजराइल पहुंचाया गया।

पीएम मोदी की अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से अगले सप्ताह मुलाकात

रक्षा सहयोग, व्यापार संबंधों और चीन के बढ़ते आर्थिक और सैन्य प्रभाव पर होगी विस्तृत चर्चा

पीएम नरेंद्र मोदी 12 और 13 फरवरी को संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। इवे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की इस मुलाकात का असर पूरी दुनिया पर पड़ने वाला है। दोनों की बातचीत आपसी रक्षा सहयोग, व्यापार संबंधों पर होने की पूरी संभावना है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी 12 और 13 फरवरी को संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की इस मुलाकात का असर पूरी दुनिया पर पड़ने वाला है। पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बातचीत आपसी रक्षा सहयोग, व्यापार संबंधों और चीन के बढ़ते आर्थिक और सैन्य प्रभाव का मुकाबला करने पर केंद्रित होने की संभावना है।

बातचीत के प्रमुख एजेंडे में से एक भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) होगा, जो एक बहुराष्ट्रीय बुनियादी ढांचा पहल है, जिसका उद्देश्य चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का विकल्प तैयार करना है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना में एक महत्वपूर्ण भूमिका गौतम अडाणी के अडाणी समूह की भी होने वाली है।

भारत का आईएमईसी प्लान होगा अहम

- *नए बंदरगाहों, रेल नेटवर्क और ऊर्जा परियोजनाओं से कई देशों को लाभ*
- *भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा से ट्रांजिट समय में होगी बचत*

आईएमईसी भारत को यूरोप से जोड़ेगा

भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) एक विशाल बुनियादी ढांचा परियोजना है, जिसे भारत को मध्य पूर्व के माध्यम से यूरोप से जोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है। चीन के बीआरआई की आलोचना इसलिए की जाती है कि ये योजना इसमें शामिल देशों को कर्ज के जाल में फंसाने के लिए बनाई गई है। वहीं आईएमईसी को एक बाजार-संचालित पारदर्शी पहल के रूप में देखा जाता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि इसमें शामिल होने वाले देश अपने बुनियादी ढांचे पर नियंत्रण बनाए रखें। इस बीच, 400 अरब डॉलर की चीन-ईरान व्यापक रणनीतिक साझेदारी ने दुनिया के देशों के बीच चिंता बढ़ा दी है। इस साझेदारी में ऊर्जा, व्यापार और सैन्य क्षेत्रों में व्यापक सहयोग शामिल है, जो संभावित रूप से चीन को मध्य पूर्व में एक मजबूत आधार प्रदान करेगा।

उर्जा क्षेत्र में 10 अरब डॉलर का निवेश

इजराइल-भारत रक्षा व्यापार का सालाना कारोबार 10 बिलियन डॉलर से अधिक है। निजी क्षेत्र की भागीदारी से रिश्ते और मजबूत हो रहे हैं। अडाणी समूह इंडो-पैसिफिक में भी रणनीतिक बंदरगाहों का सक्रिय रूप से अधिग्रहण कर रहा है। चीन के स्टेट-कंट्रोल्ड मॉडल के विपरीत, अडाणी समूह एक स्वतंत्र निजी इकाई के रूप में कार्य करता है। बंदरगाहों के अलावा, अडाणी समूह सैन्य ड्रोन उत्पादन, सेमीकंडक्ट्रस और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में भी विस्तार कर रहा है, जो भारत के आर्थिक भविष्य के लिए बेहद जरूरी हैं।

4500 किलोमीटर का व्यापार मार्ग

आईएमईसी की भारत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, इजराइल और यूरोप को जोड़ने वाला 4,500 किलोमीटर का व्यापार मार्ग है। यह गलियारा पारंपरिक समुद्री मार्गों की तुलना में ट्रांजिट समय में काफी कटौती करेगा। नए बंदरगाहों, रेल नेटवर्क और ऊर्जा परियोजनाओं से भागीदार देशों को भी लाभ होगा। वर्तमान में, मलक्का जलडमरूमध्य, होर्मुज जलडमरूमध्य और बाब अल-मंडब जैसे महत्वपूर्ण समुद्री चोकपॉइंट तेजी से चीनी प्रभाव में आ गए हैं।

इजराइल के हाइफा पोर्ट में 70 प्रतिशत की हिस्सेदारी

अडाणी समूह की ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक्स में व्यापक रुचि है। समूह का रणनीतिक निवेश भारत की विदेश नीति के उद्देश्यों के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है और चीन के बुनियादी ढांचे के प्रभुत्व को सीधे चुनौती देता है। अडाणी समूह ने इजराइल के हाइफा पोर्ट में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण कर आईएमईसी को मजबूत किया है। यह कदम न केवल भारत-इजरायल संबंधों को मजबूत करता है, बल्कि भारत को भूमध्य सागर में पैर जमाने की सुविधा भी देता है।

मस्क ने अमेरिकी पेमेंट सिस्टम पर उठाए सवाल

हर साल 100 बिलियन डॉलर की धोखाधड़ी का लगाया बड़ा आरोप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डिपार्टमेंट ऑफ गर्वनमेंट ए फि सि एं सी (डीओजीई) विभाग का गठन किया है। इस विभाग के प्रमुख टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क हैं।

मस्क ने अमेरिकी सरकार के पेमेंट सिस्टम पर आपत्ति जताई है। दरअसल, मस्क ने दावा किया है कि सरकारी पेमेंट सिस्टम में भारी गड़बड़ियां और 100 अरब डॉलर से ज्यादा की संभावित धोखाधड़ी हर साल हो रही है। उन्होंने इस संबंध में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने लिखा कि वित्त विभाग और सरकारी दक्षता विभाग ने मिलकर सरकारी भुगतान की निगरानी के लिए नए नियम तय किए हैं। अब से नए नियम के तहत की सभी सरकारी भुगतान होंगे। सरकारी भुगतानों के लिए 'भुगतान वर्गीकरण कोड' होगा।

हर हफ्ते हो रहा घोटाला

एलन मस्क ने यह भी दावा किया कि अमेरिका में हर साल करीब 100 अरब डॉलर ऐसे लोगों को दिए जा रहे हैं, जिनके पास सोशल सिक्योरिटी नंबर (एसएसएन) नहीं है। उन्होंने कहा कि बेहद संदेहजनक है। इस संबंध में उन्होंने वित्त विभाग के अधिकारियों से भी पूछा कि कितना हिस्सा पक्का धोखाधड़ी हो सकती है।

कैरेबियन सागर में भूकंप के झटके, सुनामी की आशंका

मेक्सिको। केमैन आइलैंड के दक्षिण-पश्चिम में कैरेबियन सागर में 7.6 तीव्रता का भूकंप आया और कुछ द्वीपों और देशों ने सुनामी की स्थिति में समुद्र तट के पास के लोगों से अंतर्देशीय क्षेत्रों में चले जाने का आग्रह किया। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने इसकी जानकारी दी है।

यूएसजीएस ने कहा कि भूकंप स्थानीय समयानुसार शाम 6:23 बजे आया और इसकी गहराई 10 किलोमीटर थी। इसका केंद्र केमैन आइलैंड में जॉर्ज टाउन से 130 मील (209 किलोमीटर) दक्षिण पश्चिम में स्थित था। अमेरिकी राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि अमेरिकी मुख्य भूमि के लिए कोई सुनामी की चेतावनी नहीं है, लेकिन प्यूर्टो रिको और अमेरिकी वर्जिन द्वीप समूह के लिए सुनामी की सलाह जारी की गई है।

मैक्सिको में भीषण सड़क हादसा

ट्रक की टक्कर में 41 लोगों की मौत, 18 शवों की पुष्टि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मैक्सिको से भयानक सड़क हादसे में करीब 41 लोगों की मौत हो गई है। 48 पैसेंजरों से भरी बस हाईवे पर ट्रक से भिड़ गई। बस कैनकन से टैबस्को की ओर जा रही थी। हादसे की जानकारी देते हुए ताबास्को के कोमलकाल्को के मेयर ओविडियो पेराल्टा ने दी।

बस धू-धू कर पूरी तरह से जल गई

मेयर पेराल्टा ने कहा कि ये बस 48 लोगों को ले जा रही थी जिसके बाद ये एक ट्रक से टकरा गई। इसके बाद इस हादसे में दो ड्राइवर समेत 41 लोगों की मौत हो गई। बस धू-धू कर पूरी तरह से जल गई है। जलने के बाद ये राख में बदल गई। टक्कर के बाद आग की लपटों में घिरने के बाद बस पूरी तरह से जलकर खाक हो गई, केवल धातु के फ्रेम के अवशेष बचे थे। केवल 18 शवों की पुष्टि की गई है, वहीं अभी बहुत सारे शव गायब हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों से संवेदना व्यक्त की।

घातक प्रकोप: निपाह जैसा खतरनाक

पहली बार मनुष्य में मिला कैंप हिल वायरस, संक्रमण की चिंता

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका में पहली बार कैंप हिल वायरस की पहचान हुई है। यह वायरस छछूंदरों से मनुष्यों में फैल सकता है, जिससे वैज्ञानिकों में चिंताएं बढ़ गई हैं। इसे हेनिपावायरस परिवार से माना जा रहा है, जो जूनोटिक वायरस है। यह चमगादड़ों व छछूंदरों का प्राकृतिक मेजबान है। हेनिपावायरस में अत्यधिक खतरनाक निपाह वायरस शामिल है, जिसने दक्षिण-पूर्व एशिया में घातक प्रकोप पैदा किया है।

जबकि कैंप हिल वायरस मनुष्यों में कभी दर्ज नहीं किया गया है। लेकिन एक नए इंसानी भौगोलिक क्षेत्र में इसकी उपस्थिति एक बड़े खतरे की चेतावनी है। यह सांस लेने में दिक्कत, मस्तिष्क की सूजन, दौरे और कोमा का कारण बन सकता है। यह प्रायः गंभीर श्वसन रोग और इंसेफेलाइटिस का कारण बनता हैं और उच्च मृत्यु दर से जुड़ा है। वैज्ञानिक इस पर नजर रखे हुए हैं।

मनुष्यों में फैल सकता है

न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय और सिटी कॉलेज का न्यूयॉर्क के शोधकर्ताओं ने एक क्षेत्र विशेष में वायरस की उपस्थिति की पुष्टि की है। हेनिपावायरस प्रजातियों की सीमा को पार कर सकता है और मनुष्यों सहित विभिन्न स्तनधारियों को संक्रमित कर सकता है। लैंग्या वायरस,कैंप हिल का सबसे करीबी ज्ञात वायरस है जिसने मनुष्यों को संक्रमित किया है। यह चीन में छछूंदर से लोगों में फैला। इसकी वजह से लोगों में बुखार, थकान और यकृत की शिथिलता जैसे लक्षण पैदा हुए। दो सबसे उल्लेखनीय हेनिपावायरस हेंड्रा और निपाह वायरस हैं।

न्यूयॉर्क के चिड़ियाघरों में 15 पक्षियों की मौत

न्यूयॉर्क शहर के दो चिड़ियाघरों में एवियन फ्लू से कम से कम तीन और संभवतः 15 पक्षियों की मौत हो गई हैं। मामले में वन्यजीव संरक्षण सोसायटी ने कहा कि क्वींस चिड़ियाघर में तीन बत्तखें वायरस के संक्रमण के बाद मर गईं, और ब्रोंक्स चिड़ियाघर में संभावित संपर्क के बाद मरने वाले तीन बत्तखों और नौ जंगली पक्षियों पर परीक्षण किया जा रहा हैं। एहतियात के तौर पर, पिछले दो हफ्तों में, हमने संवेदनशील पक्षी प्रजातियों को अपने पार्कों में संरक्षित क्षेत्रों में भेज दिया है।

11 से 14 फरवरी तक ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट- इन्वेस्ट कर्नाटक 2025 का आयोजन

10 लाख करोड़ के निवेश में से 70% को पूरा करने का लक्ष्य

कई केंद्रीय मंत्री सम्मेलन में शामिल होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 11 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट- इन्वेस्ट कर्नाटक 2025 का उद्घाटन करेंगे। यह आयोजन 11 से 14 फरवरी तक चलेगा। इसका उद्देश्य कर्नाटक में बड़े पैमाने पर निवेश और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना है। कर्नाटक के उद्योग मंत्री एमबी पाटिल ने बताया कि इस आयोजन के दौरान 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिलने की उम्मीद है जिसमें से कम से कम 70% निवेश को साकार करने का लक्ष्य रखा गया है।

कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत करेंगे जबकि सीएम सिद्धारमैया 11 फरवरी को शाम 4 बजे उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करेंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इस अवसर पर सिंगल विंडो सिस्टम की शुरुआत

करेंगे जिससे निवेशकों को आवश्यक अनुमतियां और सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर मिलेंगी। इस कार्यक्रम में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी, एचडी कुमारस्वामी, शोभा करंदलाजे और सोमन्ना जैसे कई केंद्रीय मंत्री भी शामिल होंगे। इसके अलावा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समापन समारोह में भाग लेंगे।

200 एकड़ में स्टार्टअप पार्क विकसित होगा

नए औद्योगिक पार्क स्थापित होंगे

मंत्री पाटिल ने बताया कि सम्मेलन के दौरान विभिन्न उद्योगों के लिए नए औद्योगिक पार्कों की स्थापना की जाएगी। इनमें कोलार जिले के सिनिवासपुरा में एडवांस्ड फार्मा पार्क, विजयपुरा में सोलर सेल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट और फूड पार्क, चित्रदुर्ग में ड्रोन पार्क, जंगमणकोटे में डीप-टेक पार्क, हनुमंथपुर (दबासपेट के पास) में मेगा लॉजिस्टिक्स पार्क और चिक्कबल्लापुर व धारवाड़ में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्लस्टर शामिल हैं। इसके अलावा, हुबली एयरपोर्ट के पास 200 एकड़ में एक स्टार्टअप पार्क विकसित किया जाएगा जहां 400 से अधिक स्टार्टअप को जगह मिलेगी और विजयपुरा के तिदागुंडी में 1,200 एकड़ में सोलर सेल मैन्युफैक्चरिंग और एग्रो-टेक पार्क स्थापित किया जाएगा।

60 से अधिक स्टार्टअप तकनीकों का प्रदर्शन करेंगे

इस आयोजन में 60 से अधिक स्टार्टअप और प्रमुख उद्योगपति अपने नए इनोवेशन और तकनीकों का प्रदर्शन करेंगे। इनमें ऑटोनॉमस सिस्टम, कार्बन नैनोट्यूब, मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) और अत्याधुनिक रोबोटिक्स जैसी तकनीकें शामिल हैं। इस कार्यक्रम में 19 देशों के निवेशक भाग लेंगे जिनके लिए 9 विशेष देश-विशिष्ट पवेलियन बनाए गए हैं। इस दौरान 10 से अधिक सत्रों में सस्टेनेबल इकोनॉमिक ग्रोथ, कर्नाटक की ग्लोबल सप्लाई चेन में भूमिका, नवीकरणीय ऊर्जा और हेल्थकेयर जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत... ढोल-ढमाकों पर जमकर नाचे पदाधिकारी-कार्यकर्ता, आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

वीडी ने प्रदेश कार्यालय में महापुरुषों की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर प्रदेश कार्यालय में महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया और पार्टीजनों का मुंह मीठा कराकर जीत की बधाई दी।

कार्यकर्ताओं ने ढोल-ढमाकों पर जमकर नृत्य किया तथा आतिशबाजी करके अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद सुमित्रा वाल्मीक, पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा, प्रदेश महामंत्री सरदेंदु तिवारी, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, महापौर मालती राय, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, पूर्व सांसद आलोक संजर, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी सहित पार्टी के प्रदेश व जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कार्यकर्ताओं को दी बधाई

दिल्ली की जनता ने पीएम मोदी पर जताया विश्वास

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जो प्रचंड जीत मिली है, उससे पूरे देश के पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित हैं। मप्र सहित देश के कोने-कोने में पार्टी कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं। दिल्ली को अरविंद केजरीवाल और राहुल गांधी जैसे झूठ-फरेब करने वालों ने 15 सालों में जिस दुरावस्था तक पहुंचाया था, दिल्ली की जनता ने इस चुनाव में उस आपदा का अंत कर दिया है। शर्मा ने कहा कि इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास और गरीब कल्याण की नीतियों पर जनता ने मुहर लगाई है।

प्रदेश कार्यालय में भाजपा नेता दवे ने जश्न मनाकर लहराया पार्टी का झंडा

प्रदेश भाजपा कार्यालय में विजय उत्सव के दौरान पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। ढोल-ढमाकों के साथ भव्य आतिशबाजी की गई। गुलाल लगाकर एवं एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र दवे, पूर्व पार्षद रामेश्वर राय दीक्षित पार्षद बाबूलाल यादव, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र गुप्ता, गोविंद कहांरे, भागवत रघुवंशी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एकात्म धाम में हुआ आचार्य शंकर के जीवन पर केंद्रित कथा प्रसंग कार्यक्रम

आदि शंकराचार्य की शिक्षाओं ने समाज को प्रदान की नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अध्यात्म, संस्कृति और सनातन परंपराओं पर हुआ विचार-विमर्श

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आदि शंकराचार्य केरल के छोटे से स्थान से मप्र आकर नर्मदा मैया के तट पर पहुंचे और बाल्यावस्था में परिपक्व दृष्टिकोण के साथ समाज को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। उनकी शिक्षाओं ने धर्म और दर्शन को एक नई दिशा प्रदान की। यह शिक्षाएं और दर्शन आज भी प्रासंगिक हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रयागराज महाकुंभ स्थित एकात्म धाम में शनिवार की शाम आयोजित आचार्य शंकर पर केंद्रित कथा प्रसंग कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर मप्र की झलकियों पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने इसके पहले प्रयागराज में जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज के शिविर में पहुंचकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने अध्यात्म, संस्कृति और सनातन परंपराओं पर विचार-विमर्श किया। प्रयागराज महाकुंभ क्षेत्र स्थित एकात्म धाम में मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री ने आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरी और संतों से प्राप्त किया आशीर्वाद

हम एकात्मता की बात करते हैं: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब हम एकात्मता की बात करते हैं, तो आदि शंकराचार्य के संदेश का स्मरण करते हैं। एक ध्येय वाक्य है 'यत्पिंडे-तत्ब्रह्मांडे' अर्थात देह के अंदर ब्रह्मांड की तरह सब कुछ स्थिर है, जो शक्ति ब्रह्मांड को चला रही है, वहीं देह का संचालन करती है।

सरकार न्यास के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सदैव साथ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रयागराज में न्यास की ओर से जितने आयोजन हो रहे हैं, उनमें मप्र सरकार की भूमिका रहेगी। मप्र सरकार न्यास के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सदैव साथ है। इन प्रयासों को तेज गति से बढ़ाने की आवश्यकता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नायक हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गंगा के तट पर डुबकी लगाने आए। पूरा देश कुंभ के आनंद में है।

एकात्म धाम में विराजे संतों को नमन किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एकात्म धाम शिविर और यहां विराजे परमपूज्य शंकर भारती महाराज, महास्वामी संस्थापक वेदांत भारती, मठाधिपति योगानंदम मठ, मैसूर के चरणों में नमन किया। मुख्यमंत्री ने मप्र सरकार की ओर से विशिष्ट जन का अभिनंदन किया। उन्होंने कथा व्यासपीठ पर विराजमान परमपूज्य गोविंद देव महाराज, कोषाध्यक्ष श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र और एकात्म धाम में विराजे अन्य सभी संतों को भी नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि आज भी शंकराचार्य सभी को आशीर्वाद दे रहे हैं।

शनिवार को महाकुंभ पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे हुए थे। उन्होंने कहा कि उज्जैन में 2028 में होने वाले सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर प्रयागराज महाकुंभ में हुई तैयारियों से मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार के अधिकारियों का दल प्रयागराज भेजा गया है। महाकुंभ में पधारे साधु-संतों से भी इस संबंध में मार्गदर्शन लिया जाएगा। उन्होंने सीएम योगी और उप्र सरकार को बधाई दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उप्र सरकार को बधाई दी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रयागराज महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं राज्य सरकार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से उप्र सरकार ने इस भव्य महाकुंभ का कुशलता से आयोजन किया है।

अमेरिका का भारतीय अप्रवासियों को बेड़ियां बांधकर कर भेजना गलत

केंद्र सरकार ने 12 लाख रुपए तक की आय की कर मुक्त, जनता को दी बड़ी राहतः अठावले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अमेरिका द्वारा अप्रवासियों भारतीय को बेड़ियां बांधकर भेजना गलत है। अमेरिका को ऐसे कृत्य के लिए मांफी मांगना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित अमेरिकी यात्रा के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। यह बात केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने राजधानी में आयोजित पत्रकारवार्ता में कहीं। उन्होंने बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस बार के आम बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने 12 लाख तक की इनकम को पूरी तरह से आयकर मुक्त कर दिया है। इससे आम जनता को भारी राहत मिली है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास की राह पर अग्रसर है और 2047 तक देश को विकसित बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इस बार के आम बजट में रक्षा क्षेत्र को 6 लाख करोड़ से ज्यादा का आवंटन किया गया है। रेलवे को 2.52 लाख करोड़ का आवंटन 2025-26 के बजट में हुआ है। वहीं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के स्पेशल कंपोनेंट प्लान के तहत इस बार के बजट में 1 लाख 68 हजार करोड़ की राशि मिली है। इससे जनता के लिए विकास और कल्याण कार्य किए जाएंगे।

51 करोड़ से अधिक जनधन खाते खुले

अठावले ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरुआत हुई थी। 51 करोड़ से अधिक जनधन खाते खोले जा चुके हैं। 2015 में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना प्रारंभ हुई थी। इसका भी लोगों को काफी फायदा मिला है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त सिलेंडर मिला है। देश में 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए हैं। अठावले ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक मकान बनाए जा चुके हैं। उन्होंने नौजवानों से आह्वान किया कि वे आगे आएं और रोजगार सृजित करें और देश को आगे बढ़ाएं।

गांव में तैयार होगा गेहूं, चना व फसलों का हाईब्रिड बीज

भोपाल। छोटे और बड़े किसानों के लिए अच्छी खबर है। अब बोवनी के लिए किसानों को व्यापारियों से महंगा बीज नहीं खरीदना पड़ेगा, जिसके लिए कृषि विभाग ब्लॉक स्तर पर पांच पांच गांवों में बीज केंद्र बनाने जा रहा है। जहां बोवनी के लिए हाईब्रिड बीज तैयार किया जाएगा। यहां पर किसानों के लिए यूरिया और डीएपी भी रखी जाएगी, जिससे किसानों को दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए भी मोटिवेट किया जाएगा। जिले के एक ब्लॉक के 5 गांवों को आत्मनिर्भर गांव बनाया जाएगा। जिसमें हाईब्रिड बीज उसी गांव में तैयार होकर गांव में विक्रय कर उत्पादन किया जाएगा। उर्वरक यूरिया, डीएपी के स्टॉक के लिए योजना तैयार की जा रही है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रचार-प्रसार करने की जिम्मेदारी कृषि विभाग को दी गई है।

फाइनल मुकाबले में राजनांदगांव को हराकर दर्ज की जीत

जिले की महिला कबड्डी टीम बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

एक बार फिर से जिले की महिला कबड्डी टीम चैंपियन बनी है। महिला कबड्डी की टीम ने राजनांदगांव फाइनल मुकाबले में राजनांदगांव को हराकर जीत दर्ज किया है।

दरअसल, 7 से 8 फरवरी 2025 तक दो दिवसीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत कोरर विकासखंड भानु प्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर में आयोजित किया गया था। जिसमें जिले के पेंड्रा नगर की महिला टीम ने प्रतियोगिता में भाग लिया था। जहां महिला टीम ने लीग के सभी मुकाबले में जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। जिसके बाद क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कोंडागांव को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। साथ ही सेमी फाइनल मुकाबले में पडागांव जिला कांकेर को मात दी। और फाइनल में प्रवेश किया था। वहीं फाइनल मुकाबले में राजनांदगांव को हराकर किताब अपने नाम किया एवं जीत का सेहरा अपने सर बांधा है।

ट्राला छोड़कर भागा ड्राइवर, पुलिस कर रही मामले की जांच

ट्राले ने मारी बाइक सवारों को टक्कर, एक की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला मुख्यालय में एक बार फिर से तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दो अन्य को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक, शहर के बेलादुला निवासी शिवम यादव 20 साल, आलोक यादव 17 के अलावा विवेक कुमार देवांगन रविवार की सुबह कुछ सामान खरीदने के नाम से घर से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 14 एमटी 8675 में सवार होकर निकले थे।

बताया जा रहा है कि सामान खरीदने के बाद तीनों युवक घुमने के इरादे से उर्दना की तरफ गए हुए थे। इसी दौरान सुबह करीब साढ़े 11 बजे आसपास पूंजीपथरा की तरफ से आ रहे। ट्रेलर चालक ने तेज और लापरवाही बाइक सवार तीनों युवकों को जोरदार ठोकर मार दिया, जिससे घटना स्थल पर ही शिवम यादव की मौत हो गई।

उपचार जारी

वहीं विवेक कुमार देवांगन, आलोक यादव को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है। इस संबंध में सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि आज सुबह की यह घटना है। जिसमें एक युवक की मौत हो गई दो का निजी अस्पताल में उपचार जारी है। घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सक्रिय हुई वन विभाग की टीम, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

केंदई रेंज के चोटिया खदान डंपिंग के पास दिखा हाथियों का झुंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कटघोरा वनमंडल में हाथियों की मौजूदगी ने सभी को परेशान कर रखा है। केंदई रेंज के चोटिया खदान डंपिंग के पास हाथियों के झुंड को देखकर हड़कंप मच गया। जंगली हाथियों की भीड़ को देखकर ग्रामीण सहम गए। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाथियों को खदेड़ने के प्रयास में जुट गई है।

कोरबा के कटघोरा वनमंडल में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीणों के साथ ही वन विभाग के लिए हाथी किसी नासूर से कम नहीं है। रिहायशी इलाके में जंगली हाथियों के पहुंचने से समस्या काफी बढ़ जाती है। ऐसा ही कुछ एक बार फिर से हुआ। केंदई रेंज के चोटिया इलाके में हाथियों का दल अचानक पहुंच गया। खदान डंपिंग के पास हाथियों को देखकर ग्रामीण सहम गए। हाथियों के कारण दहशत से भरे ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें खदेड़ने में जुट गई। ग्रामीणों की मानें तो हाथियों के झुंड में बेबी एलिफेंट भी है। वहीं हाथी आसपास काफी लंबे समय से विचरण कर रहे हैं। फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसके अलावा शाम होते ही लोग घर से नहीं निकलते के गांव ऐसे हैं, जो जंगल से लगे हुए हैं। उन्हें हाथियों का ज्यादा डर बना रहता है। वन विभाग की टीम जंगल से लगे गांव में मुनादी कर रही है और ग्रामीण को जंगल की ओर जाने से रोका जा रहा है। वहीं हाथियों पर वन विभाग की टीम लगातार नजर रखी हुई है।

टीम लगातार सतर्क करने कर रही मुनादी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यक्रम में बोले विस प्रमुख सचिव

विधि निर्माण में वकील निभा सकते हैं उपयोगी भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने कहा कि शासन के तीनों अंगों में विधायिका और कार्यपालिका की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, लेकिन इनके निर्देशों का कार्यान्वयन कार्य पालिका की ओर से किया जाता है। सिंह ने प्रभावी तरीक़े से संसदीय प्रणाली व विधायिका की कार्य प्रक्रिया के साथ विधि निर्माण व अन्य जानकारी दी।

शासन के तीनों अंगों में विधायिका और कार्यपालिका की भूमिका महत्वपूर्ण

विधानसभा की कार्य प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छत्तरपुर के माध्यम से जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर सभागार में विधि विद्यार्थियों, पीएलवी पैनल लॉयर एवं अन्य अधिवक्ताओं के लिए विधानसभा की कार्य प्रक्रिया के संबंध में आयोजित कार्यशाला में विभिन्न तरह की जानकारी दी गई। बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव सिंह ने मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश रविन्द्र सिंह ने की।

इन्होंने की कार्यशाला में सहभागिता

सिंह ने कहा कि विधि निर्माण में वकील व विधि के जानकारों की उपयोगी भूमिका हो सकती है। यदि वे विधान सभा में पुरःस्थापित विधेयकों का अध्ययन करें। इस अवसर पर विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी दिए गए। इस अवसर पर न्यायाधीश सीजीएम श्रीमती भारती, जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा, समाजसेवी शंकरलाल सोनी सहित जिला न्यायालय के एडीआर सभागार में विधिक सेवा पदाधिकारी, अधिवक्ता तथा ला स्टूडेंट उपस्थित थे।

दो जवान शहीद, दो घायल, नक्सलियों की धरपकड़ के लिए चलाया सर्च ऑपरेशन जारी

छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर 31 नक्सलियों के मारे जाने की खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से ठीक पहले बीजापुर के नेशनल पार्क इलाके में पुलिस व नक्सलियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई है। पुलिस सुरक्षा बल ने छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर 31 नक्सलियों को मार गिराया है। दो जवान शहीद हो गए और दो जवान घायल भी हुए हैं। घायल जवानों को निकालने के लिए जगदलपुर से एमआई-17 हेलीकॉप्टर रवाना किया गया है।

बस्तर संभाग के आईजीपी सुंदर राज ने एनकाउंटर की पुष्टि की है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है। यह एनकाउंटर बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया में हुआ है, अभी भी अन्य नक्सलियों की धरपकड़ के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। बीजापुर डीआरजी, एसटीएफ और बस्तर फाइटर के जवानों ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है।

सीएम ने साय ने जवानों के बलिदान पर जताया शोक

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी जवानों के बलिदान होने की सूचना पर शोक जताया है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अब तक 12 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है।

मुखबिर से मिली थी सूचना

आईजी ने बताया कि नक्सलियों के बड़ी संख्या में जमा होने की सूचना मिली थी, इसके बाद मौके पर फोर्स रवाना की गई है। सुबह से ही रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। बताया जा रहा है कि इस नक्सल ऑपरेशन में नक्सलियों को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। बीजापुर जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र में जिस नेशनल पार्क के कोर क्षेत्र में मुठभेड़ हुई है। सूचना पर डीआरजी, एसटीएफ के करीब 650 से ज्यादा जवानों की पार्टी को लेकर तीन तरफ से रवाना किया गया था।

48 घंटे से फंसे हैं वाहन, पुलिस अनाउंसमेंट से कर रही लौटने की अपील

जबलपुर-रीवा मार्ग पर लगा महाकुंभ का भीषण जाम

हरिभूमि, जबलपुर। प्रयाग राज महाकुंभ में एक बार फिर माघी पूर्णिमा को लेकर श्रृध्दालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिले रहा है। जिसका नतीजा यह है कि शनिवार शाम से प्रयागराज में वाहनों की एंट्री बंद कर दी गई। जबलपुर और आसपास के जिलों से अपने निजी वाहनों या किराए के वाहनों से प्रयाग राज पहुंच रहे लोग, लम्बे जाम में फंस गये। शनिवार की शाम को चार बजे तक रीवा तक जाम की स्थिति बन गई थी। जबकी रविवार को यह हालात मैहर तक आ गये। राजमार्ग पर पुलिस के वाहन बैरीकेड लगाकर खड़े हो गये हैं, अनाउंसमेंट कर लोगों से लौटने की अपील की रहे हैं।

एक श्रृध्दालु के मुताबिक शनिवार शाम 4 बजे वो रीवा में थे और उन्हें चाक घाट तक पहुंचने में रविवार के शाम चार बज गये। अभी भी उन्हें प्रयागराज पहुंचने में 48 घंटे लगने की संभावना है। इस तरह महज करीब 336 किलोमीटर दूर प्रयागराज पहुंचने में जबलपुर से 72 घंटे का समय लग रहा है। बताया जा रहा है शनिवार रविवार अवकाश और मंगलवार को रविदास जयंती अवकाश को देखते हुये, श्रृध्दालुओं ने बच्चों के स्कूल, अपने दफ्तार आदि से सोमवार मंगलवार की छुट्टी लेकर कुम्भ का प्रोग्राम बनाया। 12 फरवरी को संत रविदास जयंती का सार्वजनिक अवकाश है, इसी दिन माघ पूर्णिमा का पुण्य स्नान भी है। लिहाजा देश की चारों दिशाओं से श्रृध्दालू प्रयाग राज पहुंच रहे हैं।ट्रेन और बस से जब टिकिट नहीं मिली तो अधिकांश से निजी वाहनों से सड़क मार्ग का रुख किया। पहले से क्षमता के कई गुना अधिक लोड पर चल रहे इस मार्ग पर और अचानक भीड़ दुगनी हुई। तो सिहोरा, कटनी, मैयहर से चाकघाट तक जाम ही जाम का नजारा बन गया।

आज हालात यह है कि प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ मेले में पुण्यकाल में गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है, और इसे संभालने में उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सरकार के अफसरों को पसीना छूट रहा है। जबलपुर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस समय प्रयागराज के लिए रवाना हो रहे हैं, और रास्ते में भारी जाम के कारण उन्हें भीषण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

कटनी से शुरू हुआ जाम

जबलपुर जिले के आगे बढ़ते ही कटनी सीमा से ही जाम की शुरुआत हो रहा है, जो अब रीवा और चाकघाट तक फैल चुका है। यात्रियों के अनुसार, सिहोरा के मोहतरा टोल नाके से लेकर रीवा, चाकघाट और फिर प्रयागराज तक लगातार जाम की स्थिति बनी हुई है।

आसपास के गांव कस्बे परेशान

इस जाम के कारण आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों और शहरों, कस्बों, गली-मोहल्लों में रहने वाले लोगों को भी अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर खड़े वाहनों की लम्बी कतारें, हाईवे पर मेला सा माहौल और ढाबों, होटलों में भी जगह नहीं मिलने जैसी समस्याएं लोगों के सामने हैं।

महीला बच्चे परेशान

इस जाम में फंसी हुई बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी हैं, जिनकी हालत बेहद खराब हो रही है। चिलचिलाती धूप और बिना खाने-पीने के लंबी दूरी तय करना उनके लिए बेहद कठिन हो गया है। यहां तक कि वीआईपी गाड़ियां भी इस जाम में फंसी हुई हैं, जो यह दर्शाता है कि स्थिति कितनी गंभीर हो चुकी है।

सोशल मीडिया से दी जा रही सूचना

सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो फुटेज और संदेशों से यह स्पष्ट हो रहा है कि जबलपुर के सिहोरा से लेकर कटनी, मैहर, रीवा, चाकघाट और इलाहाबाद तक जाम की स्थिति विकट हो चुकी है। सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा एक-दूसरे को सूचित किया जा रहा है कि कटनी के झुकेही इलाके से आगे जाम इतना लंबा और धीमा है कि गाड़ियां तीन दिन तक भी नहीं निकल पा रही हैं।

कटनी से मैहर तक यात्रा मुश्किल

कटनी और मैहर तक प्रशासन को श्रद्धालुओं से अपील करनी पड़ रही है कि वे आगे न बढ़ें, क्योंकि चाकघाट तक जाम ही जाम लगा हुआ है। श्रद्धा का विषय होने के कारण प्रशासन सख्त कदम नहीं उठा रहा है, लेकिन लोगों को अपने-अपने तरीकों से समझाया जा रहा है। जबलपुर रीवा राजमार्ग पर पुलिस को लाउड स्पीकर के जरिए यह घोषणा करनी पड़ रही है कि आगे यात्रा करना अब संभव नहीं है, और लोग वहीं से वापस लौट जाएं।

लौटना भी मुश्किल

जो लोग कटनी पार गये हैं उनके लिये लौटना भी एक चुनौती बन गया या है। जाम की स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि अब श्रद्धालुओं के लिए वापस लौटना भी मुश्किल हो गया है। टोल नाकों पर भारी भीड़ और लंबी कतारें लग रही हैं, जिसके चलते समय की बर्बादी हो रही है। हाईवे पर स्थित होटल, ढाबों आदि में भी अत्यधिक भीड़ लगी हुई है, जिससे श्रद्धालुओं को खाना-पीना भी मुश्किल हो रहा है।

टिमरी हत्याकाण्ड में पूर्व विधायक ने लगाए गंभीर आरोप

जबलपुर। टिमरी हत्याकाण्ड को लेकर उत्तर मध्य विधानसभा के पूर्व विधायक विनय सक्सेना रविवार को पाटन के गांव में हुए नरसंहार पर पार्टी जनता युवा मोर्चा के नगर उपाध्यक्ष श्रीकांत वर्मा कुकी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि पाटन थाना क्षेत्र के टिमरी गांव में 4 लोगों की हत्या कर दी गई थी। मरने वाले सभी लोग एक ही परिवार से सम्बंधित थे। इस घटना के दूसरे दिन अन्य सभी नेताओं के साथ उत्तर मध्य विधायक अभिलाष पांडेय भी हत्या का शिकार हुए लोगों के परिजनों को ढांढ़सा देने के लिए मौके पर मौजूद थे। श्री सक्सेना ने आरोप लगया कि इस दौरान विधायक अभिलाष पांडेय के खास साथी और हत्यारों के मित्र श्रीकांत उर्फ कुक्की वर्मा हत्यारों को फरार होने में मदद कर रहे थे, उनको पैसे ट्रांसफर कर रहे थे। श्री सक्सेना ने आरोप लगाए कि इस नरसंहार के पीछे के सफेदपोश राजनीतिक एवं अपराधियों के गठजोड़ का खुलासा होना अभी बाक़ी है। श्री सक्सेना ने कहा कि टिमरी हत्याकांड के आरोपियों को रक्षा, सुरक्षा, संवर्धन और संरक्षण भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारी श्रीकांत वर्मा 'कुक्की' द्वारा दिया जा रहा था। इस मामले में श्रीकांत वर्मा कुक्की अकेला नहीं है बल्कि 15 आपराधिक लोगों का एक घातक गिरोह शामिल है।

पत्रकारवार्ता में कांग्रेस नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा, पूर्व विधायक संजय यादव, राशिद सोहले सिद्दकी, विवेक अवस्थी, महिला कांगे्रस अध्यक्ष श्रीमती कमलेश यादव, विजय रजक, पंकज पटेल, सुशिमधर आदि उपस्थित थे।

अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण की जांच की मांग

कॉल डीटेल सार्वजनिक करने की मांग

कांग्रेस नेताओं ने माँग कि है कि जो भाजपा नेता घटना स्थल में परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने गये थे वे15 दिन पूर्व एवं बाद के अपने सभी कॉल डिटेल्ज़ जनहित में सार्वजनिक करें। वहीं कोंग्रेस ने मांग की है कि पीड़ित परिवारों के सदस्यों को प्रदेश सरकार सरकारी नौकरी प्रदान करे।

कुक्की ने कहा मानहानी के दावा करेंगे

वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर उपाध्यक्ष श्रीकांत कुक्की वर्मा ने पूर्व विधायक विनय सक्सेना ने जो आरोप उन पर लगाए है वो पूर्णतः निराधार है। कुक्की ने कहा टिमरी हत्याकांड से उनका किसी भी प्रकार से कोई लेना देना नहीं है और न ही उन्होंने किसी भी आरोपी की कोई मदद की है उन्होंने विनय सक्सेना पर आरोप लगाते हुए बताया कि उनके सारे अवैध काम बंद होने के कारण वो मुझ पर झूठे आरोप लगा कर मेरी राजनीतिक छवि खराब करने की कोशिश कर रहे है। कुक्की ने कहा ऐसे आरोप लगाने वालों के खिलाफ आने वाले समय में मानहानि का दावा प्रस्तुत करूंगा।

पुलिस जल्द करे खुलासा

कांग्रेस नेता विनय सक्सेना ने यह मांग की है कि हत्यकांड के सम्बंध में पुलिस को यह मालूम हो चुका है कि हत्यकांड को अंजाम देने के बाद फरारी काटने के लिए आरोपियों को कुक्की वर्मा ने पिपरिया स्थित एमपी ऑनलाइन से दस हज़ार रुपए उपलब्ध कराए और जब पुलिस ने कॉल रिकाड्र्स निकाले तो यह बात साफ़ हुई कि आरोपी और भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारी श्रीकांत वर्मा कुक्की एक दूसरे से फोन पर सम्पर्क में थे। पूर्व विधायक ने कहा कि बहुचर्चित टिमरी हत्याकांड में सेवक के करीबी श्रीकांत वर्मा कुक्की की भूमिका स्पष्ट है और वह भूमिगत है।

सीओडी भर्ती रैली में युवतियों ने भी दिखाया दम

1456 युवक युवतियों ने असैनिक पदों के लिये लगाई दौड़

जबलपुर। आर्मी मुख्यालय मध्य भारत क्षेत्र के अधीन केंद्रीय आयुध डिपो (सीओडी) जबलपुर में केंद्रीय भर्ती सेल (सीआरसी) द्वारा सेना आयुध कोर (एओसी) भर्ती 2024 की आधिकारिक अधिसूचना के तहत विभिन्न रिक्त पदों के लिए भर्ती रैली का आयोजन किया गया। इस भर्ती रैली में मटेरियल असिस्टेंट, कनिष्ठ कार्यालय सहायक, असैनिक मोटर चालक (ओजी), टेलीफोन ऑपरेटर ग्रेड-2, फायरमैन, कारपेंटर एवं ज्वाइनर, पेंटर एवं डेकोरेटर, एमटीएस, और ट्रेड्समैन मेट सहित अन्य पदों के लिए आवेदन किए गए थे।

इस भर्ती प्रक्रिया में 1456 युवक और युवतियों ने सेना में असैनिक पदों के लिए अपना प्रयास किया। भर्ती बोर्ड के अधिकारियों ने पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखते हुए अभ्यर्थियों का केंद्रीय पंजीकरण, प्रवेश पत्र की डिजिटल स्कैनिंग, बायोमेट्रिक सत्यापन और शैक्षणिक दस्तावेजों की जांच की।

भर्ती के दौरान सीओडी द्वारा अभ्यर्थियों की मूलभूत सुविधाओं का खास ध्यान रखा गया। इसमें कृ स्वल्पाहार, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सा सुविधाएं, चल शौचालय, सीसीटीवी कैमरा, ध्वनि विस्तारक यंत्र और पर्याप्त स्वच्छता जैसी व्यवस्थाएं की गईं। साथ ही, भर्ती रैली के सुचारु संचालन और सुरक्षा व्यवस्था के लिए सेना पुलिस, क्षेत्रीय पुलिस और महिला पुलिस का सहयोग लिया गया था।

शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान आकस्मिक दुर्घटनाओं के मद्देनजर, स्थानीय सेना अस्पताल के साथ मिलकर प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई थी।

इस भर्ती रैली में केंद्रीय आयुध भंडार जबलपुर के 2 सैन्य अधिकारी, 33 कनिष्ठ अधिकारी और 67 अन्य सैन्य पदाधिकारियों ने अपना योगदान दिया। साथ ही, दूसरी स्थानीय इकाइयों के नामित अधिकारियों और सैन्य कर्मचारियों ने भी पूरी प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान किया, जिससे यह भर्ती रैली सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

कलेक्टर ने महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा का लिया जायजा

जबलपुर। कलेक्टर दीपक सक्सेना और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने सिहोरा के पास पहुचंकर प्रयागराज कुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ और उनकी सुरक्षा का जायजा लिया। साथ ही कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिये। ज्ञात हो कि प्रयागराज कुंभ में सभी की अद्भुत श्रद्धा व आस्था है। लेकिन यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रयागराज संगम स्टेशन को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। सिहोरा-कटनी-रीवा के रास्ते अभी हाइवे पर काफी वाहन आ जाने से जाम की स्थिति बनी हुई है, इस जाम की स्थिति से निजात के लिए कलेक्टर व एसपी ने आवश्यक मार्गदर्शन दिया। पुलिस भी लगातार यात्रियों की सुरक्षा व सहूलियत को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक निर्देश दे रही है।

निगमायुक्त ने सभी विभागों को जारी किये आदेश

निगम खजाना भरने का दिया लक्ष्य

जबलपुर।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए जेएमसी कमिश्नर प्रीति यादव ने एक नई पहल शुरू की है, जिसमें खर्च करने वाले अधिकारियों के कंधों पर टैक्स वसूली की जिम्मेदारी भी डाली गई है। अब तक जो अधिकारी केवल बिल भुगतान का काम करते थे, उन्हें अब टैक्स वसूली के लिए भी फील्ड में उतरना होगा। इस संबंध में एक आदेश जारी करते हुए निगमायुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से सभी अपर आयुक्त, प्रभारी अपर आयुक्त, उपायुक्त राजस्व, संभागीय अधिकारी और राजस्व निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे बड़े बकायादारों पर पूरा ध्यान केंद्रित करें। विशेष रूप से उन बकायादारों पर, जिनका टैक्स एक लाख रुपये से अधिक बाकी है।

इसके अलावा, प्रीति यादव ने स्पष्ट किया कि यदि बड़े बकायादार टैक्स जमा करने में आनाकानी करते हैं, तो उनकी संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई करने में कोई संकोच नहीं किया जाएगा।

संभागवार मिली जिम्मेदारी

निगमायुक्त ने इस नई योजना के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारियां भी तय की हैं। दो महीने के लिए अपर आयुक्त आरपी मिश्रा को संभाग क्रमांक 12, 8, और 16, प्रशांत गोंटिया को संभाग क्रमांक 9, 7, और 15, और प्रभारी अपर आयुक्त वीएन बाजपेयी, मनोज श्रीवास्तव और अंजू सिंह ठाकुर को क्रमशः संभाग क्रमांक 5, 6, 14, 1, 2, 3, 4, 10, 11 और 13 की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

समन्वय और संपर्क बनाने के निर्देश

नगर निगम की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है, ताकि निर्धारित राजस्व वसूली लक्ष्य को हर हाल में पूरा किया जा सके। इस दौरान, सभी अपर आयुक्त और प्रभारी अपर आयुक्त, साथ ही विभाग प्रमुखों को भी यह जिम्मेदारी दी गई है कि वे बड़े बकायादारों से संपर्क कर उन्हें टैक्स जमा करने के लिए प्रेरित करें।

आगामी दो माह तक चलने वाले राजस्व वसूली अभियान में नगर निगम के सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी पूरी ताकत लगाएंगे, ताकि निगम को आर्थिक रूप से सशक्त किया जा सके।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह मार्च 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 मार्च से 31 मार्च तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 15 फरवरी 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार — 1 तोला, 5 नग — सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार — 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार — 2 नग — रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार — 3 नग — LED TV
सांत्वना पुरस्कार — 1100
कार्यालय प्रति
पाठक का नाम _____ मो.नं. _____
पिता का नाम _____ जन्मतिथि _____
स्थान _____ जिला _____
एजेंसी का नाम _____
एजेंसी का पता _____ मो.नं. _____
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।
हरिभूमि — ग्राहक प्रति — जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम _____ मो.नं. _____
पिता का नाम _____ जन्मतिथि _____
स्थान _____ जिला _____
एजेंसी का नाम _____
एजेंसी का पता _____ मो.नं. _____

साड़ी वॉकथन 2.0 में उमड़ा जनसैलाब

पर्यावरण का संदेश देने निकलीं 6 हजार महिलाएं

हरिभूमि जबलपुर।

मंगलवार सुबह भंवरताल गार्डन में शहर भर की विभिन्न संस्थाओं से करीब 6 हजार से अधिक महिलाओं ने साड़ी वॉकथन 2.0 में भाग लिया और एक अहम जन संदेश दिया। जहां महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू मुख्य अतिथि रहे. इस आयोजन में एक समूह ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया, जबकि अन्य समूहों में महिलाओं ने विभिन्न रंगों की साड़ी पहनकर विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक संदेशों के साथ स्लोगन भी लगाए।

काजल ने बताया कि महिलाएं अपने परिवार और बच्चों के साथ पूरा समय समर्पित करती हैं, और उन्हें थोड़ा समय अपने लिए भी मिल सके, इस उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम विभिन्न ग्रुपों के संयुक्त प्रयासों से आयोजित हुआ, और इसमें कई संस्थाओं ने भाग लिया।

इस दौरान महिलाओं की एक रैली भी निकाली गई, जो भंवरताल से शुरू होकर पुराने बस स्टैंड, तीन पत्ती, मालवीय चौक, करम चंद चौक, नौदराब्रिज होते हुए वापस भंवरताल गार्डन पहुंची। इस रैली में ऊर्जा संस्थान, पतंजलि, कोठारी ब्रदर्स, समदड़िया ग्रुप, मां गायत्री, कदम ट्री, शासनोदय, मुनि सुब्रतनाथ महिला परिषद हनुमानताल, बंगाली क्लब, वुमेन क्लब सहित अन्य कई संस्थाओं से जुड़ी महिलाएं शामिल थीं।

सुदामा चरित्र का वर्णन किया गया

मझौली। भगवान श्रीविष्णु वाराह मंदिर प्रांगण में चल रही भागवत कथा के अंतिम भागवत कथा वाचक सुश्री अनुष्का पाठक के द्वारा सुदामा चरित्र का वर्णन किया गया एवं उनके द्वारा यह बताया गया कि ब्राह्मण को हमेशा सबको ज्ञान कथा पुराण कहना देना चाहिए एवं हमेशा संतोष रखना चाहिए क्योंकि संतोष का फल बहुत ही मीठा होता है। कभी भी अपने सच्चे मित्र को धनवान होने पर भूलना नहीं चाहिए। यह कथा वाचक अनुष्का पाठक की उम्र 8 वर्ष है हजारों की संख्या में भक्त गण भक्तिभाव से भागवत कथा का श्रवण किया।

दिल्ली में भाजपा की जीत का मनाया जश्न

मझौली। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के ऐतिहासिक जीत पर पश्चिम मंडल मझौली भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं को विधायक अजय बिश्नोई के द्वारा सभी को मिठाई खिलाकर जीत की खुश मनाई उसके बाद समस्त कार्यकर्ता नगर का भ्रमण करते हुए भगवान श्री विष्णु वाराह मंदिर दर्शन करने पहुंचे। विधायक अजय बिश्नोई ने बताया कि वहां की जनता ने 27 वर्ष बाद आज फिर भारतीय जनता पार्टी को चुना है। इस अवसर पर विधायक अजय बिश्नोई, भारत सिंह परिहार, महेंद्र सिंह, हेमंत मिश्रा, राजेंद्र चौरसिया, दिनेश कांत चौबे, मुकेश सेन, सुनील गामा, सोनकर मनोरंजन, प्रताप साहू, बबलू चौरसिया, आदि समस्त भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

त्रिभुवनदास मालपाणी विद्यालय में आयोजित किया गया विदाई समारोह

जबलपुर। श्री त्रिभुवनदास मालपाणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मिलौनीगंज में वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार मिश्रा एवं संस्था के निर्देशक डॉ. राजेंद्र कुमार दुबे की उपस्थिति में, माता सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें राजस्थानी नृत्य, लेजी डांस, मोटिवेशनल डांस आदि की शानदार प्रस्तुति शामिल रही। कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं ने कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों का सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र दास गुरु एवं पूजा सिंह ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समन्वय विद्यालय परिवार की शिक्षिकाओं शुभांगी अग्रवाल, शैली साहू, ऋचा जैन, विनीता विश्वकर्मा, मनीषा ठाकुर, शिल्पा तिवारी, प्रीति धूसिया, सुधा तिवारी, पुष्पलता चौहान, कुसुम मसीह आदि ने किया।

संस्था के शिक्षक आबिद हुसैन खान ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों ललित शराफ, आशीष नेमा, आशीष चौबे, विकास राजपूत, विवेक व्यास आदि का विशेष योगदान रहा।

शिशु मृत्यु दर में कमी लाने दो दिवसीय प्रशिक्षण

जबलपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश द्वारा यूनीसेफ के सहयोग से नवजात एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने रीजन लेवल इमिजियेट कंगारू मदर केयर और डेवलपमेंटली सपोर्टिव केयर पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण का होटल कल्चुरी में समापन हुआ। प्रशिक्षण में मेडिकल कॉलेज जबलपुर एवं रीवा सहित रीवा संभाग, सागर संभाग एवं जबलपुर संभाग के शिशुरोग विशेषज्ञ, स्त्रीरोग विशेषज्ञ एवं नर्सिंग ऑफीसर्स ने भाग लिया। प्रशिक्षण में उन उपायों की जानकारी दी गई जिनसे अपरिपक्व बच्चों का मानसिक विकास अच्छे से हो सके। कार्यशाला में क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें, जबलपुर संभाग डॉ. संजय मिश्रा ने बताया कि प्रदेश में नवजात शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिये स्वास्थ्य विभाग निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। डॉ. मिश्रा द्वारा चिकित्सा अधिकारियों एवं नर्सिंग ऑफीसर को प्रशिक्षण में बताये गये उपायों पर अपनी स्वास्थ्य संस्था में अमल करने एवं जिला स्तर पर समस्त चिकित्सा अधिकारियों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ को प्रशिक्षित करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण में विभागाध्यक्ष शिशुरोग विभाग, मेडिकल कॉलेज, जबलपुर डॉ. मोनिका लाजरस, हेल्थ ऑफीसर यूनीसेफ डॉ. अमित डोंगरा, डॉ. पल्लवी लौंदे, शिशुरोग विशेषज्ञ रानी दुर्गावती चिकित्सालय डॉ. जया उपाध्याय तथा मेडिकल कॉलेज जबलपुर के ऐसोसियेट प्रोफेसर डॉ. रश्मि परिहार एवं असिस्टेंट प्रोफेसर मेडिकल कॉलेज जबलपुर भी उपस्थित थे। प्रशिक्षण के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

पीएम एक्सीलेंस कालेज में विशेष भर्ती अभियान 19 को

जबलपुर। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा एवं डीएमसी फिनिशिंग स्कूल प्राइवेट लिमिटेड के मध्य संपन्न हुये एमओयू के अंतर्गत पूरे मध्यप्रदेश में प्रदेश स्तरीय ओपन विशेष भर्ती अभियान का आयोजन माह फरवरी 2025 में किया जा रहा है।

प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना ने बताया कि प्रदेश स्तरीय ओपन विशेष भर्ती अभियान के अंतर्गत जबलपुर जिले में 19 फरवरी समय 11 बजे से 03 बजे तक प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर एवं 18 फरवरी समय 11 बजे से 03 बजे तक शासकीय एम.एच. होमसाइंस महाविद्यालय, जबलपुर में रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। प्रो. शुक्ल ने बताया कि जबलपुर जिले के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पास आउट युवाओ के लिए प्लेसमेंट का सुनहरा अवसर है उक्त ड्राइव में लगभग 20 कंपनियाँ प्लेसमेंट हेतु उपस्थित रहेगी। जिसमें प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर में छात्र/छात्राओं हेतु रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है एवं शासकीय एम.एच. होमसाइंस महाविद्यालय, जबलपुर में केवल छात्राओं हेतु रिक्रूटमेंट ड्राइव आयोजित है जिसमें छात्राओं हेतु प्लेसमेंट प्राप्त करने का सुनहरा अवसर रहेगा। अधिक से अधिक विद्यार्थी उक्त रिक्रूटमेंट ड्राइव हेतु अपना पंजीयन संबंधित महाविद्यालय के टीपीओं के पास कराना सुनिश्चित करें।

तीन नकबजनियों का खुलासा, आरोपी से 3 लाख के जेवर जब्त

जबलपुर। संजीवनी नगर पुलिस ने धनवंतरी नगर चौकी अंतर्गत तीन सूने घरों में नकवजनी घटनाओं का खुलासा कर वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपी को अभिरक्षा में लेकर उसके कब्जे से 3 लाख रूपऐ के जेवर जब्त किये हैं। घटना के संबंध में संजीवनी नगर पुलिस ने बताया कि गत 20 दिसम्बर 2024 को भूकम्प कालोनी में रहने वाली श्रीमति प्रिया जांघेला घर में ताला लगाकर अपने मायके गयी थी। वही उनके पति पचमढ़ी चले गये थे। गत 21 दिसम्बर को पड़ोसी राहुल सिन्गरहा ने प्रिया को फोन पर जानकारी दी कि घर का ताला टूटा है। प्रिया ने वापिस घर आकरदेखा कि मेनगेट का कुंदा टूटा था कमरे में रखी आलमारियों के लाकर टूटे थ। आलमारी में रखते जेवर, सोने का छोटा लॉकेट, कान की छोटी वाली, चांदी की पायल नगदी 15 हजार रूपऐ व गुल्लक में रखे 20 हजार रूपये गायब थे। ऐसी एक वारदात को अज्ञात चोर ने गजरथ कालोनी में भी अंजाम दिया था। गजरथ कालोनी निवासी फोटो ग्राफर महेन्द्र प्रजापति गत 22 दिसम्बर को पत्नि प्रिया प्रजापति के साथ ससुराल रामपुर गये थे जहां से गत 25 दिसम्बर को वापिस लौटे तो देखा कि घर के मुख्य दार का कुंदा टूटा था दो आलमारियों में रखे 12 हजार नगदी व सोने चांदी के जेवर गायव थे। पुलिस ने संदेही बांसखेड़ी उदयपुरा रायसेन निवासी लीलाधर केवट को पकड़ा आरोपी ने तीनों सूने घरों में चोरी करने की बात स्वीकार कर ली आरोपी निशानदेही पर चोरी किये गये 3 लाख के जेवर जब्त किये गऐ उसे अभिरक्षा में लिया गया।

बिरसिंहपुर पाली की पुलिस जप्त कर ले गई

स्टेशन के स्टैंड में 22 दिन से खड़ी थी चोरी की बाइक

जबलपुर। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 पर स्थित वाहन पार्किंग स्टैंड में पिछले 22 दिनों से खड़ी संदिग्ध बाइक का आखिरकार पर्दाफाश हो गया। यह बाइक पाली के बिरसिंहपुर से चोरी की गई थी, जिसे गत रात पाली थाना पुलिस ने बरामद कर लिया। फिलहाल, बाइक चुराने वाले आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं और अब वह अन्य चोरी की घटनाओं के बारे में भी जानकारी दे रहे हैं।

पाली थाना पुलिस ने बताया कि फरियादी राजेन्द्र प्रसाद पटेल, जो पाली के बाबूलाइन क्षेत्र के निवासी हैं, अपनी डिस्कवर बाइक को आंगनबाड़ी गैरेज के पास खड़ी करके सामान खरीदने गए थे। जब वे 15-20 मिनट बाद लौटे, तो बाइक गायब थी। उन्होंने आसपास काफी समय तक तलाश की, लेकिन बाइक नहीं मिली, जिसके बाद उन्होंने पाली थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली। पुलिस को सूचना मिली कि पाली के जितेन्द्र सिंह और राजेन्द्र चौधरी घटना के दिन डिस्कवर बाइक के साथ देखे गए थे। कड़ी पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों ने बाइक चोरी की बात कबूल कर ली और पूरी घटना का खुलासा कर दिया।

आरोपियों ने बताया कि उन्होंने बाइक को चोरी कर रात के समय जबलपुर में बेचने की कोशिश की, लेकिन तीन दिन तक नहीं बेच पाए। इसके बाद, वे बाइक को जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 के पार्किंग स्टैंड में खड़ा कर वापस पाली लौट आए। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर बाइक को जबलपुर रेलवे स्टेशन से जप्त कर लिया और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की।

इसी बीच, पार्किंग शुल्क को लेकर पाली पुलिस और पार्किंग ठेकेदार के बीच तीखी बहस हुई। पार्किंग ठेकेदार राजेश पाण्डेय का कहना था कि बाइक 22 दिनों से खड़ी है और उसका शुल्क 2466 रुपये बनता है। पुलिस का कहना था कि उसे शुल्क कोर्ट से मिलेगा। अंततः रेलवे अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने पार्किंग शुल्क अदा किया और बाइक को पाली वापस ले आई।

दो पिस्टल, दो चाकू समेत पकड़ाया आरोपी

जबलपुर। संजीवनी नगर पुलिस ने कल मुखबिर की सूचना पर कछपुरा ब्रिज के नीचे खड़े संदिग्ध युवक की तलाशी के दौरान दो पिस्टल, दो कारतूस, दो चाकू जब्त किये। आरोपी पर 25,27, 29 ए, 29 बी आयुध अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए अभिरक्षा में लिया गया। हथियार बेचने वाले की तलाश की जा रही है। संजीवनी नगर पुलिस ने बताया कि कल मुखबिर से सूचना मिली की परसवाड़ा धनवंतरी नगर निवासी अमन दाहिया अवैध हथियार बेचने की फिराक में कछपुरा ब्रिज के नीचे खड़ा होकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है। क्राईम ब्रांच व संजीवनी नगर पुलिस ने आरोपी अमन दाहिया को मुखबिर के बताये हुलिये के आधार पर दवोच लिया। तलाशी के दौरान अमन दाहिया के पास से दो पिस्टल, दो कारतूस, व दो चाकू जब किये गये। आरोपी अमन दाहिया ने बताया कि उसने यह हथियार पन्ना पवई के रामराजा दुबे 25 हजार रूपये में खरीदे है। पुलिस ने आरोपी सौदागर राम राजा दुबे की तलाश शुरू कर दी हैं।

निधन

श्री ओम प्रकाश वर्मा- गोरखपुर आजाद चौक निवासी श्री ओम प्रकाश वर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

श्री विनोद कुमार अग्रवाल- कोतवाली मेन रोड सराफा निवासी श्री विनोद कुमार अग्रवाल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती शकुंतला देवी चौहान- कैलाशपुरी गुप्तेश्वर मंदिर के पास निवासी श्री दौलत सिंह चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला देवी चौहान (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती लक्ष्मी बाई अवस्थी- कैलाशपुरी गुप्तेश्वर मंदिर के पास निवासी श्री नारायण राम अवस्थी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई अवस्थी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री जी. मनोहर नायर- यादव कॉलोनी निवासी श्री जी. मनोहर नायर (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री जीतेंद्र सतनामी- बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री रामलाल सतनामी के पुत्र श्री जीतेंद्र सतनामी (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री राजेंद्र कपूर- ईसाई मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री राजेंद्र कपूर (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री संतोष कुमार समैया- हनुमानताल खेरमाई वार्ड निवीस श्री संतोष कुमार समैया (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री कृष्ण लाल मक्कड़- त्रिमूर्ति नगर गली नं. 5 निवासी श्री कृष्ण लाल मक्कड़ (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री पवन कुमार कुचबंधिया- टेस्टिंग रोड ओम कला मंदिर चांदमारी निवासी श्री हरलाल कुचबंधिया के पुत्र श्री पवन कुमार कुचबंधिया (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती कुसुम बाई विश्वकर्मा- बेलबाग निवासी श्री कन्हैया लाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बाई विश्वकर्मा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री जगजोत सिंह खुराना- नयागांव सोसायटी रामपुर निवासी दिल्ली वाले श्री जगजोत सिंह खुराना (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री गप्पू चौकसे- जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री गप्पू चौकसे (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सुशीला बाई यादव- उदय नगर नं. 1 व्हीकल रोड गोकलपुर निवासी श्री गुलाब चंद यादव की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला बाई यादव (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री शंकर लाल- बजरंग नगर व्हीकल रांझी निवासी श्री शंकर लाल (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

कु. सिया जाट- कंजड़ मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री शोभित जाट की अल्पायु पुत्री कु. सिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

खबर संक्षेप

कोल इंडिया का सीएसआर पर खर्च 36.5 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल पर खर्च चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह (अप्रैल-जनवरी) के दौरान 36.5 प्रतिशत बढ़कर 497 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक साल पहले इसी अवधि में कंपनी ने सीएसआर पर 364 करोड़ रुपये खर्च किए थे। अधिकारी ने बताया कि घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी सीआईएल अपने सीएसआर कोष का 70 प्रतिशत से अधिक स्वास्थ्य सेवा, पोषण एवं स्वच्छता तथा शिक्षा एवं आजीविका पर खर्च करती है।

फोर्टिस हेल्थकेयर का शुद्ध मुनाफा 89 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 89 प्रतिशत बढ़कर 254.3 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 134.23 करोड़ रुपये रहा था। फोर्टिस हेल्थकेयर लिमिटेड (एफएचएल) ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में उसकी एकीकृत परिचालन आमदनी 1,928.26 करोड़ रुपये रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 1,679.68 करोड़ रुपये थी।

नैबफिड चालू तिमाही में 30 हजार करोड़ जुटाएगी

नई दिल्ली। नैबफिड (राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण एवं विकास बैंक) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजकिरण राय जी ने कहा है कि कंपनी देश में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए चालू तिमाही के दौरान 30,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, ''हमें इस साल (वित्त वर्ष 2024-25 में) एक लाख करोड़ रुपये के ऋण मंजूरी के आंकड़े को छूने की उम्मीद थी... हम इसके बहुत करीब हैं और इस साल इस लक्ष्य को पार कर लेंगे।'

मारुति सुजुकी ने आईटीबीपी को जिम्नी की 60 इकाइयां सौंपी

नई दिल्ली। वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि उसने अपनी एसयूवी ''जिम्नी'' की 60 इकाइयां भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) को सौंप दी हैं। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में पहली बार इस मॉडल को शामिल किया गया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इन वाहनों को लेह-लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा, ''मारुति सुजुकी का सशस्त्र बलों के साथ पुराना संबंध है।

बीते सप्ताह अधिकांश तेल तिलहन की कीमतों में सुधार

नई दिल्ली। विदेशों में आयातित खाद्य तेलों के दाम बढ़ने तथा आगामी त्योहारों की वजह से आवक घटने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए। डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने तथा विनिमय दर बढ़ाये जाने से भी खाद्य तेलों में सुधार को बल मिला। बाजार सूत्रों ने कहा कि इन सबके अलावा विनिमय दर बढ़ाये जाने से भी खाद्य तेल कीमतों में मजबूती रही।

जुकरबर्ग की कंपनी में फिर बड़ी छंटनी, इस हफ्ते 3000 लोगों की जाएगी नौकरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंस्टाग्राम, फेसबुक और व्हाट्सएप की पैरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स अगले सप्ताह छंटनी की योजना बना रही है। एक आंतरिक मेमो के अनुसार, यह छंटनी सोमवार सुबह 5 बजे (अमेरिका समयानुसार) से शुरू होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार मेटा के हेड ऑफ पीपल जैनेल गेल द्वारा लिखे गए आंतरिक पोस्ट के अनुसार, अमेरिका सहित अधिकांश देशों में प्रभावित कर्मचारियों को सोमवार सुबह से नोटिस भेजे जाएंगे।

हालांकि, जर्मनी, फ्रांस, इटली और नीदरलैंड्स में कर्मचारियों को "स्थानीय नियमों" के कारण छंटनी से छूट दी गई है। अन्य देशों में 11 फरवरी से 18 फरवरी के बीच छंटनी की सूचना दी जाएगी। मेटा ने इस छंटनी या भर्ती प्रक्रिया को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

मेटा प्लेटफॉर्म्स अगले सप्ताह छंटनी की योजना बना रही

कम प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों की होगी छंटनी

मेटा ने पहले ही पुष्टि की थी कि वह अपने सबसे कम प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों में से लगभग 5 प्रतिशत की छंटनी करेगा। हालांकि, कुछ पदों को फिर से भरा जाएगा। गेल ने इन कटौतियों को "प्रदर्शन समाप्ति" कहा है। पिछली छंटनी के विपरीत, इस बार मेटा के कार्यालय खुले रहेंगे और छंटनी को लेकर कोई अतिरिक्त जानकारी साझा नहीं की जाएगी।

मशीन लर्निंग इंजीनियरों की तेजी से भर्ती

इसी बीच, मेटा मशीन लर्निंग इंजीनियरों और अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए भर्ती प्रक्रिया तेज कर रहा है। कंपनी के मोनेटाइजेशन डिवीजन के वीपी ऑफ इंजीनियरिंग, पेंग फैन द्वारा पोस्ट किए गए एक अन्य मेमो में कर्मचारियों से कहा गया कि वे 11 फरवरी से 13 मार्च के बीच तेजी से भर्ती प्रक्रिया में सहायता करें।

2022-23 के बाद की सबसे बड़ी छंटनी

वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी ने अपने कर्मचारियों की संख्या के लगभग एक चौथाई लोगों को नौकरी से निकाल दिया था। जिनकी संख्या 21 हजार थी। उसके बाद से अब कंपनी बड़ी संख्या में छंटनी करने जा रही है। जिन लोगों को नौकरी से निकाला जा रहा है उन्हें 10 फरवरी तक सूचित कर दिया जाएगा। कर्मचारियों को पहले से तय नियमों के अनुसार भत्ता भी दिया जाएगा।

सरकार ने जुलाई 2024 में सोने पर से आयात शुल्क में कटौती की घोषणा की

आयात शुल्क में कटौती के बाद सोने की तस्करी में आई उल्लेखनीय कमी : सीबीआईसी प्रमुख

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार द्वारा जुलाई, 2024 में बहुमूल्य धातु पर आयात शुल्क में कटौती के बाद से सोने की तस्करी में उल्लेखनीय कमी आई है। अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने यह बात कही है।

■ आयात शुल्क को घटाकर छह प्रतिशत किया गया

सरकार ने जुलाई, 2024 में सोने पर आयात शुल्क घटाकर छह प्रतिशत किया गया था। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, सीमा शुल्क और डीआरआई अधिकारियों ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून की अवधि में देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर 544 करोड़ रुपये मूल्य का 847 किलोग्राम सोना जब्त किया है।

सीमा शुल्क 15 प्रतिशत रहा

जुलाई में, सरकार ने सोने पर सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया था। अग्रवाल ने कहा, पिछले साल के बजट में सोने पर शुल्क की दर कम किए जाने के बाद सोने की तस्करी में उल्लेखनीय कमी आई है।''

वाणिज्यिक कार्गो पर नियमित निगरानी

हालांकि, अग्रवाल ने जब्त किए गए सोने की मात्रा या मूल्य का खुलासा नहीं किया, लेकिन उन्होंने कहा कि अधिकारी किसी भी मार्ग से मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात, सीमाओं और देश में आने वाले वाणिज्यिक कार्गो पर नियमित निगरानी रख रहे हैं।

सीमा पर माल की गुप्त आवाजाही

तस्करी, सीमा शुल्क या आयात या निर्यात प्रतिबंधों से बचने के लिए राष्ट्रीय सीमाओं के पार माल की गुप्त आवाजाही है। यह आमतौर पर तब होता है जब सीमा शुल्क इतना अधिक होता है कि तस्कर ऐसे उत्पादों को चोरी-छिपे लाकर अधिक लाभ कमा सकते हैं।

2023-24 में 1319 किलो सोना किया गया जब्त

सीबीआईसी के तहत राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) भारत में तस्करी-रोधी क्षेत्र में भारतीय सीमा शुल्क की शीर्ष एजेंसी है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, अकेले डीआरआई अधिकारियों ने 1,319 किलोग्राम सोना जब्त किया था। यह 2023-24 में सीमा शुल्क अधिकारियों सहित सीबीआईसी द्वारा जब्त किए गए 4,869.6 किलोग्राम सोने का हिस्सा है।

1922 लोगों की किया गया गिरफ्तार

वर्ष के दौरान सीबीआईसी द्वारा 1,922 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। दिसंबर में जारी डीआरआई की भारत में तस्करी पर रिपोर्ट के अनुसार, भारत अवैध सोने के आयात का एक प्रमुख गंतव्य बन गया है। इसमें सोना और चांदी मुख्य रूप से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सऊदी अरब जैसे खाड़ी देशों से आते हैं, जहां ये धातुएं कम कीमतों पर उपलब्ध हैं।

हवाई मार्ग से तस्करी प्रमुख माध्यम

भारत में हवाई मार्ग के माध्यम से सोने की तस्करी एक प्रमुख माध्यम है। पश्चिम एशियाई और दक्षिण पूर्व एशियाई देश पारंपरिक रूप से इसके मुख्य उद्गम स्थल रहे हैं। हाल ही में नैरोबी और अदीस अबाबा जैसे अफ्रीकी हवाई अड्डे, साथ ही ताशकंद जैसे हवाई अड्डे भी तस्करी के के लिए प्रमुख स्थान बनकर उभरे हैं।

मारुति सुजुकी चार्जिंग बुनियाद करेगी मजबूत

कंपनी जल्द ई-विटारा उतारने जा रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की प्रमुख वाहन कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) का लक्ष्य ई-विटारा को बाजार में उतारने से पहले देश में चार्जिंग बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी अपने इस मॉडल को देश के परिवारों का प्रमुख वाहन बनाना चाहती है।

■ इस मॉडल को कंपनी परिवारों का प्रमुख वाहन बनाना चाहती है

वाहन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ने बिक्री के बाद सहायता बढ़ाने, लीजिंग मॉडल लाने तथा ग्राहकों को मॉडल खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने को 'वित्तपोषण' के अधिक विकल्प उपलब्ध कराने की भी योजना बनाई है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने बातचीत में कहा, /"ग्राहकों के लिए सबसे बड़ी चिंता चार्जिंग के मामले में सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की कमी है। इसलिए हम शीर्ष 100 शहरों में 10 किलोमीटर की दूरी पर फास्ट चार्जर लगाने की योजना बना रहे हैं।/" बनर्जी ने योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि देश में जितने भी इलेक्ट्रिक वाहन बिक रहे हैं, उनका अधिकांश हिस्सा यानी 97 प्रतिशत हिस्सा इन 100 शहरों से आ रहा है। बनर्जी ने कहा, ''हमारा मानना है कि जो ग्राहक कार खरीदेगा वह शहर से बाहर भी जाएगा, इसलिए हम अपनी ई-विटारा को प्राथमिक कार बनाना चाहते हैं, न कि द्वितीयक कार।

विटारा विदेशी बाजार में होगी निर्यात

एमएसआई ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में इलेक्ट्रिक एसयूवी का अनावरण किया था। ई-विटारा को पहले कुछ प्रमुख विदेशी बाजारों में निर्यात किया जाएगा और उसके बाद इसे भारत बेचा जाएगा।

एफडीआई को बढ़ावा देने प्रक्रिया को आसान बनाने पर विचार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार देश में अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करने के लिए कुछ क्षेत्रों में प्रक्रियाओं को और आसान बनाने पर विचार कर रही है। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी।

■ मानदंडों को आसान बनाने पर विचार किया जा रहा

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने विभिन्न सरकारी विभागों, नियामकों, उद्योग संघों, सलाहकार एवं कानूनी फर्मों, पेंशन कोषों, निजी इक्विटी और उद्यम पूंजी कंपनियों के साथ हितधारक परामर्श आयोजित किया है। विभाग ने देश में एफडीआई को और अधिक आकर्षित करने के तरीकों पर उनके विचार मांगे। अधिकारी ने कहा, "हमने परामर्श पूरा कर लिया है। विभाग को विभिन्न मुद्दों पर सुझाव प्राप्त हुए हैं। अभी तक चीजों को अंतिम रूप नहीं दिया गया है...प्रक्रियात्मक मोर्चे पर मानदंडों को आसान बनाने पर विचार किया जा रहा है।" हालांकि, अधिकारी ने यह नहीं बताया कि सरकार किन क्षेत्रों में प्रक्रियागत ढील देने पर विचार कर रही है। परामर्श में जिन मुद्दों को उठाया गया उनमें ई-वाणिज्य कंपनियों को केवल निर्यात उद्देश्यों के लिए ऑनलाइन व्यापार के इन्वेंट्री-आधारित मॉडल में एफडीआई प्राप्त करने की अनुमति देना; लाभकारी स्वामित्व को परिभाषित करके प्रेस नोट-3 को आसान बनाना; तथा एकल-ब्रांड खुदरा व्यापार के लिए नीति में कुछ बदलाव करना शामिल था।

भारत में निवेश सालाना आधार पर बढ़ा

इनमें से अधिकतम प्रवाह को आकर्षित करने वाले प्रमुख क्षेत्रों में सेवा क्षेत्र, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, दूरसंचार, व्यापार, निर्माण विकास, वाहन, रसायन और फार्मास्युटिकल्स शामिल हैं।

एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार से 7342 करोड़ रुपए निकाले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भारतीय शेयर बाजारों से निकासी का सिलसिला जारी है। अमेरिका द्वारा कनाडा, मेक्सिको और चीन जैसे देशों पर शुल्क लगाने की वजह से वैश्विक व्यापार को लेकर जो तनाव बना है उसके चलते विदेशी निवेशकों ने चालू महीने के पहले सप्ताह में स्थानीय शेयर बाजारों से 7,300 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने भारतीय बाजारों से 78,027 करोड़ रुपये की निकासी की थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर, 2024 में एफपीआई ने भारतीय बाजारों में 15,446 करोड़ रुपये का निवेश किया था। विशेषज्ञों का मानना है कि आगे चलकर बाजार की धारणा वैश्विक वृहद आर्थिक घटनाक्रमों, घरेलू नीतिगत उपायों और मुद्रा के उतार-चढ़ाव से तय होगी।

■ एफआईआई ने बाजार से 7300 करोड़ रुपए की निकासी की

कंपनी का इरादा आधुनिक ई-रिक्शा बाजार में पेश करने का

बजाज ऑटो चालू वित्त वर्ष के अंत तक ई-रिक्शा बाजार में उतरेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बजाज ऑटो चालू वित्त वर्ष के अंततक घरेलू ई-रिक्शा बाजार में उतरने की तैयारी कर रही है। कंपनी का इरादा तेजी से बढ़ते, लेकिन काफी हद तक असंगठित ई-रिक्शा बाजार में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाना है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

बजाज ऑटो के कार्यकारी निदेशक राकेश शर्मा ने विश्लेषकों को बताया कि कंपनी को अपने ई-रिक्शा के लिए चालू तिमाही के अंततक नियामकीय मंजूरी मिलने की उम्मीद है, जिससे वह इस क्षेत्र में उतर सकेगी। ई-रिक्शा बाजार फिलहाल मासिक 45,000 इकाई का है। शर्मा ने कहा, ''इस वित्त वर्ष के अंततक हमारा इरादा एक आधुनिक 'ई-रिक्शा' पेश करने का है, जो इस खंड में बिल्कुल नया मानक स्थापित करेगा और मालिकों और यात्रियों दोनों को उच्च स्तर की संतुष्टि प्रदान करेगा।'' उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा खंड तिपहिया खंड जितना ही बड़ा है और नए ई-रिक्शा से नया कारोबार उत्पन्न होना चाहिए।

सभी जरूरी मंजूरियां मिल जाएगी

समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर शर्मा ने कहा, ''हमें इस तिमाही के अंततक, यानी चालू वित्त वर्ष के अंततक ई-रिक्शा पेश करने की उम्मीद है। उस समय तक हमें इसके लिए सभी जरूरी मंजूरियां मिल जाएंगी। या हो सकता है कि यह अप्रैल के पहले सप्ताह तक आए। खुदरा बिक्री अप्रैल के पहले सप्ताह या मार्च के अंत तक भी शुरू हो सकती है।''

फाउंड्री उद्योग को 2000 करोड़ रुपए का मिलेगा निवेश

कोलकाता। प. बंगाल में फाउंड्री उद्योग को अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए 2,000 करोड़ रुपये का निवेश मिलेगा। यह निवेश नई परियोजनाओं और मौजूदा उद्योगों के विस्तार के लिए किया जाएगा। फाउंड्री उद्योग में धातु को पिघलाकर उसे ढालने, आकार देने और विभिन्न उत्पादों के रूप में बनाने का काम किया जाता है। इसमें धातु जैसे लोहे, इस्पात एल्युमिनियम आदि का प्रयोग होता है। इस निवेश का उद्देश्य उद्योग को लाभ पहुंचाना और इसकी क्षमता को बढ़ाना है। इंस्टिट्यूट ऑफ इंडियन फाउंड्रीमैन (आईआईएफ) के अध्यक्ष नवनीत बी अग्रवाल ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि पश्चिम बंगाल में फाउंड्री उद्योग तेजी से बढ़ रहा है और इसकी वृद्धी राष्ट्रीय औसत से 50 प्रतिशत अधिक है। फाउंड्री उद्योग के विस्तार के लिए बड़े उद्योगों और सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) दोनों को ध्यान में रखते हुए, कुल 2,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह आने वाले मुद्रास्फीति और अन्य वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताते हुए कहा है कि इसके अलावा विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार पर असर डालेंगी। साथ ही कंपनियों के तिमाही नतीजे और रुपये-डॉलर का रुख भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।

■ इस सप्ताह आएगा मुद्रास्फीति का आंकड़ा

मास्टर ट्रस्ट ग्रुप के निदेशक पुनीत सिंघानिया ने कहा, ''यह सप्ताह भारतीय और विदेशी बाजारों के लिए गतिविधियों वाला होगा। सप्ताह के दौरान महत्वपूर्ण वृहद आर्थिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे आने हैं। मुद्रास्फीति, औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े और प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजे बाजार की दिशा को प्रभावित करेंगे।'' सिंघानिया ने कहा कि बुधवार को जनवरी के लिए अमेरिकी के मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर सभी का ध्यान रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत के मुद्रास्फीति और औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े 12 फरवरी को जारी किए जाएंगे। सिंघानिया ने बताया कि बृहस्पतिवार को ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के आंकड़े आएंगे। शुक्रवार को अमेरिका के जनवरी माह के खुदरा बिक्री के आंकड़े आएंगे। उन्होंने कहा कि कंपनियों के तिमाही नतीजे भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे।

इन कंपनियों के आएंगे परिणाम

सप्ताह के दौरान आयशर मोटर्स, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, वोडाफोन आइडिया, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''अच्छे बजट और मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) द्वारा रेपो दर में कटौती से बाजार की धारणा में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है।

कस्टमर्स को झटका देने की तैयारी में बिस्किट कंपनियां

फिर महंगे हो जाएंगे आपके पसंदीदा बिस्किट और केक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एफएमसीजी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने इस वित्त वर्ष के अंत तक अपने प्रोडक्ट्स की कीमतें और बढाने का ऐलान किया है। ब्रिटानिया गुड डे, मारी गोल्ड और न्यूट्री च्वाइस जैसे मशहूर बिस्किट्स सहित कई तरह के खाद्य पदार्थ बेचती है। दिसंबर तिमाही में भी ब्रिटानिया ने अपने प्रोडक्ट्स के दाम 2 फीसदी बढाए थे। गौरतलब है कि ब्रिटानिया समेत हिंदुस्तान यूनिलीवर और नेस्ले इंडिया जैसी एफएमसीजी कंपनियों को पाम ऑयल, कोको और चीनी जैसी आवश्यक वस्तुओं की महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। इस वजह से कंपनियों को मार्जिन बनाए रखने के लिए कीमतों में बढ़ोतरी करनी पड़ रही है।

■ ब्रिटानिया 2025 तक प्रोडक्ट्स की कीमतें 4-4.5 फीसदी बढ़ाएगी

कंपनी बढ़ती महंगाई से निपटना चाह रही : ब्रिटानिया ने अपने पोस्ट-अर्निंग्स कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान निवेशकों को बताया कि बढ़ती महंगाई से निपटने के लिए वित्तीय वर्ष 2025 के अंत तक 4-4.5 प्रतिशत तक कीमतें बढ़ाने की योजना बनाई है। कीमतों में चरणबद्ध तरीके से होगी वृद्धि। ब्रिटानिया ने बताया कि तीसरी तिमाही में कुल कीमत वृद्धि 2 फीसदी रही और आगामी महीनों में अतिरिक्त 4-4.5 फीसदी की वृद्धि की उम्मीद है।

महंगाई से निपटने के लिए रणनीति तैयार

ब्रिटानिया के प्रबंधन ने कहा, 'जब कीमतें बढ़ती हैं तो वॉल्यूम प्रभावित होता है। लेकिन हमें सही कदम उठाने होते हैं। अगर महंगाई का दबाव जारी रहा, तो कीमतों में और बढ़ोतरी की जा सकती है। हम इस स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।' कंपनी का इबिडाटा मार्जिन 17-18 प्रतिशत की मौजूदा सीमा में रहने की उम्मीद है। तीसरी तिमाही के नतीजे अनुमान से बेहतर रहे, क्योंकि कीमतों में बढ़ोतरी से कच्चे माल की लागत में वृद्धि के प्रभाव को कम करने में मदद मिली।

महंगाई के साथ कमजोर मांग

महंगाई और कमजोर मांग के चलते कंपनी वित्तीय वर्ष 2025 में कुल 6-6.5 फीसदी कीमत वृद्धि का लक्ष्य बना रही है, जिसमें 2-2.5 फीसदी लागत दक्षता शामिल होगी। हालांकि, कंपनी के प्रबंधन ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि महंगाई बनी रहती है तो वे कीमतों में और बढ़ोतरी करने के लिए तैयार हैं।

मुनाफे में 5 प्रतिशत की वृद्धि

ब्रिटानिया ने 31 दिसंबर को समाप्त तिमाही के लिए समेकित शुद्ध लाभ में 5 प्रतिशथ की वृद्धि दर्ज की। कंपनी का मुनाफा 582 करोड़ रुपए रहा जो विश्लेषकों के 521 करोड़ रुपए के अनुमान से अधिक था। ब्रिटानिया का तिमाही राजस्व 8 प्रतिशत बढ़कर 4,593 करोड़ हो गया, जबकि कुल खर्च 9 प्रतिशत बढ़कर 3,875 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। हालांकि, शेयर बाजार में ब्रिटानिया के शेयरों में शुक्रवार को 1.70 प्रतिशत की गिरावट देखी गई और यह 4,872 रुपए पर बंद हुए।

चिंतन

दिल्ली चुनाव के नतीजे में 'आप' के लिए सबक

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार आंदोलन से उभरे नेता अरविंद केजरीवाल की महत्वाकांक्षी राजनीति के अंत के साथ सबक है। 27 वर्ष वाद दिल्ली प्रदेश में कमल खिला है। यह भाजपा के धैर्य, जूझारू राजनीति, सांगठनिक क्षमता, पीएम नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और विकासोन्मुख समावेशी सियासत की जीत है। कांग्रेस की पराजय उसके वजूद के लिए संकट बन सकती है। बिना सीएम चेहरे के भाजपा ने आप के प्रमुख चेहरा अरविंद केजरीवाल को करारी शिकस्त दी है। आप की भी हार हुई और केजरी भी हारे। आप के अन्य दिग्ग्ज नेता मनीष सिसोदिया, सोमनाथ भारती, सौरभ भारद्वाज, सतेंद्र जैन, राखी बिड़लान, अवध ओझा भी हार गए। दिग्गजों की हार दर्शाती है कि जनता में आम आदमी पार्टी के खिलाफ कितना आक्रोश था। भारतीय राजनीति की खासियत है कि वह कभी भी 'अति' को सहन नहीं करती है। चाहे इंदिरा गांधी की राजनीति हो या अभी अरविंद केजरीवाल की राजनीति, जनता के अपना संदेश दिया। दिल्ली में हार अरविंद केजरीवाल व उनकी पार्टी आप के लिए सही मायने में राजनीतिक यात्रा शुरू करेगी। पार्टी बनने के बाद आप ने सीधे सत्ता का स्वाद चखा। पार्टी को अपने राजनीतिक लक्ष्य के लिए कभी सड़क पर संघर्ष नहीं करना पड़ा। आंदोलन के बाद बने जनमत का आम आदमी पार्टी ने फायदा उठाया था। नई राजनीति के नाम पर दिल्ली के लोगों ने भरोसा किया। सेवक से येनकेन प्रकारेण सत्ताजीवी बनने की महत्वाकांक्षा अरविंद व उनके सिपहसलाहकारों को ले डूबी। दिल्ली विधानसभा का यह चुनाव आप के लिए बड़ा सबक है कि केवल फ्रीबिज और खोखले बयानों व सनसनीखेज आरोपों के भरोसे लंबे समय तक राजनीति नहीं की जा सकती है। अरविंद केजरीवाल के राजनीतिक अस्तित्व के लिए भी यह हार जरूरी सबक साबित होगी। या तो वे सीखेंगे व टिकेंगे या बोरिया बिस्तर समेट लेंगे। दिल्ली की जनता ने जिस उम्मीद व भरोसे के साथ नई नवेली पार्टी आप को सिर-आंखों पर बिठाया था और केजरीवाल को मौका दिया था, वे इस उम्मीद व भरोसे को कायम नहीं रख सके। भ्रष्टाचार के खिलाफ बनी पार्टी अंततः भ्रष्टाचार के आरोपों में सन कर सत्ता से बेदखल हो गई। केजरीवाल की 'मैं' शैली की राजनीति के चलते उनके बहुमूल्य योग्य साथी अलग हो गए। पार्टी के अंदर लोकतंत्र नहीं पनप सका। परिवर्तन लाने के मकसद से राजनीति में आने वाले लोग निराश हुए और अंत में दिल्ली की जनता के केजरीवाल के 'मैं' का अंत भी कर दिया। आज केजरीवाल अगर पीछे मुड़कर ईमानदारी से देखेंगे तो पता चलेगा कि वे जितना पाए, उससे अधिक उन्होंने खोया है। राजनीति जोड़ने का काम है, तोड़ने का नहीं। केजरीवाल अपने ही लोगों को सहेज कर नहीं रख सके। अपने पहले कार्यकाल के बाद केजरीवाल ने कभी भी शासन पर फोकस नहीं किया। केंद्र से टकराते रहे, एलजी से उलझे रहे, कोर्ट-कोर्ट खेलते रहे, एक के बाद एक आरोप मढ़ते रहे। कामकाज पर फोकस नहीं होने से दिल्ली के लोग पेयजल, स्वच्छ हवा, बिजली आपूर्ति, खराब सड़कें, बसों की किल्लत, कूड़े के ढेर, यमुना की गंदगी, खराब स्वास्थ्य सेवा आदि से जूझते रहे। इसलिए आप के फ्रीबिज भी काम नहीं आए। उम्मीद की जानी चाहिए कि दिल्ली में भाजपा सरकार विकसित दिल्ली के लिए काम करेगी, राष्ट्रीय राजधानी की जरूरतों को पूरा करेगी, इन्फ्रास्ट्रक्चर को संवारेगी और अपने चुनावी वादे पूरा करेगी। आम आदमी पार्टी भी रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी।

भाजपा की सुनामी में बह गई 'आप'!

विश्लेषण
योगेश कुमार गोयल

भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी पर घोटाले के गंभीर आरोप लगे थे। भाजपा ने आम आदमी पार्टी को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि आखिर आम आदमी पार्टी की इतनी बड़ी हार के पीछे क्या प्रमुख कारण रहे और क्यों पार्टी की राजनीतिक स्थिति इतनी कमजोर हुई? दिल्ली में आप सरकार के लंबे समय तक सत्ता में रहने से जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया, जिस कारण मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी का किला बुरी तरह ढह गया है। आतिशी को छोड़कर पार्टी के लगभग तमाम दिग्गज नेता चुनाव हार गए हैं और आप ने इस बार दिल्ली विधानसभा चुनावों में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया है। 2015 में आम आदमी पार्टी ने 67 सीटें जीती थी लेकिन 2020 में यह संख्या घटकर 62 रह गई थी। वहीं, भाजपा ने 2015 में मात्र 3 सीटें जीती थी जबकि 2020 में 8 सीटें जीतने में सफल हुई थी और बंपर जीत के साथ पूरे 27 सालों बाद अब दिल्ली में सरकार बनाने में सफल हुई है।

27 साल पहले भाजपा की सुषमा स्वराज आखिरी बार कुल 52 दिन के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रही थी और अब जाकर दिल्ली में भाजपा की सत्ता में बड़ी वापसी हुई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी पर घोटाले के गंभीर आरोप लगे थे और यह विधानसभा चुनाव इस बार आम आदमी पार्टी के लिए नाक का बहुत बड़ा सवाल था लेकिन भाजपा ने आम आदमी पार्टी को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि आखिर आम आदमी पार्टी की इतनी बड़ी हार के पीछे क्या प्रमुख कारण रहे और क्यों पार्टी की राजनीतिक स्थिति इतनी कमजोर हुई? दिल्ली में आप सरकार ने करीब एक दशक तक शासन किया और लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया, जिसके परिणामस्वरूप मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया। अरविंद केजरीवाल ने यमुना को साफ करने, दिल्ली की सड़कों को पेरिस जैसा बनाने और साफ पानी उपलब्ध कराने जैसे जो तीन प्रमुख वादे दिल्ली की जनता से किए थे, वे एक दशक में भी पूरे नहीं हुए। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, सांसद संजय सिंह इत्यादि पार्टी के शीर्ष नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों और उनकी गिरफ्तारी ने पार्टी की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाते हुए 'आप' की भ्रष्टाचार विरोधी छवि को कमजोर किया। खासतौर से केजरीवाल की गिरफ्तारी और बाद में उनके इस्तीफे के कारण पार्टी के नेतृत्व में अस्थिरता आई और केजरीवाल की विश्वसनीयता में बड़ी कमी आई। केजरीवाल ने हमेशा से वीआईपी कल्चर पर सवाल उठाए थे लेकिन शीशमहल के मुद्दे पर वे स्वयं 'वीआईपी कल्चर' के मुद्दे पर बुरी तरह घिर गए थे। भाजपा-कांग्रेस ने इस मुद्दे को लेकर आप को घेरने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। राजनीति में आने से पहले केजरीवाल ने कहा था कि वो वीवीआईपी कल्चर को खत्म करेंगे, गाड़ी, बंगला और सुरक्षा लेने की बात से भी उन्होंने इनकार किया था लेकिन सत्ता मिलने के बाद उन्होंने लग्जरी गाड़ियां तो ली ही, केंद्र से जेड प्लस सुरक्षा मिलने के बावजूद पंजाब सरकार की शीर्ष सुरक्षा भी ली।

पार्टी के भीतर आंतरिक कलह और नेतृत्व के मुद्दों ने भी आप की हार में बड़ा योगदान दिया। कई वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोड़ने या निष्क्रिय होने से संगठनात्मक ढांचे में कमजोरी आई। इसके अलावा नेतृत्व के प्रति असंतोष और निर्णय लेने में पारदर्शिता की कमी ने कार्यकर्ताओं

और समर्थकों के मनोबल को प्रभावित किया। आप सरकार ने बिजली, पानी और अन्य सुविधाओं में मुफ्त सेवाओं की घोषणा की थी लेकिन विपक्ष ने इसे 'रेवड़ी संस्कृति' कहकर आलोचना करते हुए इसे आर्थिक रूप से अव्यवहारिक बताया। इन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में आई समस्याओं ने जनता के बीच नकारात्मक धारणा बनाई, जिससे 'आप' की लोकप्रियता में गिरावट आई। दिल्ली में सड़क, परिवहन और स्वच्छता के क्षेत्रों जैसे बुनियादी ढ़ांचे के विकास में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई। इसके अलावा प्रदूषण, जलभराव और कूड़े के ढेर जैसी समस्याओं का समाधान नहीं होने से जनता में केजरीवाल सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ी थी। दिल्ली में आप की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण मुफ्त बिजली-पानी जैसी योजनाओं को माना जाता रहा लेकिन चुनाव के दौरान भाजपा ने भी 'आप' वाला ही दांव खेला और अपने चुनावी संकल्पों में महिलाओं, बच्चों व युवाओं से लेकर ऑटो रिक्शा चालकों तक के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो की ही, साथ ही यह ऐलान भी किया कि वह सत्ता मिलने पर आप द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं को जारी रखेगी। भाजपा की इन घोषणाओं से आप की चुनौती बहुत बढ़ गई थी। विपक्ष और खासकर भाजपा की मजबूत रणनीति तथा भाजपा का मुखर प्रचार आप के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना। भाजपा ने आप सरकार की तमाम कमजोरियों को उजागर करने में सक्रिय भूमिका निभाई। कांग्रेस ने भी इस तरह टिकट बांटे, जिसने कई सीटों पर आप को आसान जीत से रोकने में अहम भूमिका निभाई। भाजपा ने सामाजिक और धार्मिक मुद्दों को भी पुरजोर तरीके से उठाया, जिससे आप के समर्थन में बड़ी कमी आई। चुनाव से पहले कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन की चर्चाएं थी लेकिन हरियाणा विधानसभा में दोनों के बीच गठबंधन नहीं होने के कारण दिल्ली में भी दोनों दलों के बीच गठबंधन नहीं हो सका, जिसके चलते विपक्षी मतों का विभाजन हुआ और इसका सीधा लाभ भाजपा को मिला। कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करने के फैसले ने आप की रणनीतिक कमजोरी को उजागर किया और विपक्षी एकता की कमी का स्पष्ट संकेत दिया। इसका भी दिल्ली के मतदाताओं पर विपरीत प्रभाव पड़ा। पिछले दो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने एक भी सीट नहीं जीती थी। लेकिन इस बार कांग्रेस के मत प्रतिशत में जो बढ़ोतरी हुई है, उसका नुकसान भी आप को भुगतना पड़ा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी हर चुनावी सभा में 'आप' को ऐसी 'आपदा' करार देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने का भरपूर प्रयास किया, जिसने जनता के फायदे के लिए मिलने वाली केंद्र की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने दिया, उससे मतदाताओं के बीच आप की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ा। देश को भ्रष्टाचार मुक्त करने के बड़े-बड़े दावों के बीच शराब घोटाले जैसे भ्रष्टाचार के छींटे, केजरीवाल की तानाशाहीपूर्ण नेतृत्व शैली, उनका अड़ियल रवैया, इस तरह की बातों से मतदाताओं का केजरीवाल से मोहभंग होता गया और भाजपा एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरती गई। छठ पूजा के दौरान यमुना नदी में जहरीले झाग की समस्या, आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने देना, बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दों ने पूर्वांचली समुदाय में असंतोष बढ़ाया। इस उपेक्षा के कारण इस समुदाय का समर्थन आप से हटकर अन्य दलों की ओर गया और इसका नुकसान आप को भुगतना पड़ा। कुल मिलाकर, केजरीवाल की कथनी और करनी के बीच बड़ा अंतर आप की हार का बड़ा कारण रहा। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही इस मुद्दे पर आप को घेरा, जिसने आप की लुटिया डुबोने में बड़ी भूमिका निभाई।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

दिल्ली चुनाव

डॉ. चन्द्र त्रिखा

केजरीवाल युग के अंत की शुरुआत!

तो क्या यह मान लिया जाए कि 'केजरीवाल के राजनीतिक दर्शन' को जनादेश ने पूरी तरह नकार दिया? दिल्ली में चौथी बार सरकार बनाने के स्वप्न बिखर जाने के बाद अब केजरीवाल व उनकी पार्टी का भविष्य कैसा रहेगा, फिलहाल निश्चित नहीं है। लेकिन यह निश्चित है कि इस देश का विशाल जनमत अब घृणा, हिकारत और कड़वाहट की राजनीति पसंद नहीं करता। वैसे पूरे विश्व में इन दिनों नकारात्मकता का प्रदूषण फैला है। इन दिनों कहीं भी किसी भी क्षेत्र में ताज़ी हवा नहीं बह रही। जले-भुने राजनेता, जले-भुने टीवी एंकर, जले-भुने प्रवक्तागण, गली सड़ी भाषा का पथराव। किसी भी प्रमुख नेता के चेहरे पर कोई दमक या ऊर्जा दिखाई नहीं देती। मेरी प्रपौत्री की उम्र 6 वर्ष है। पूछती है बड़े दादा। ये नेतागण कभी मुस्कराते या हंसते क्यों नहीं? राहुल गांधी, सोनिया, योगी आदित्यनाथ, केजरीवाल, मल्लिकार्जुन खड़गे को तो कभी किसी ने मुस्कराते भी नहीं देखा। यही शिकायत गृहमंत्री से भी हो सकती है। यही स्थिति विश्व पटल पर भी है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन, अमेरिकी-बॉस ट्रम्प, जेलेंस्की, शाहबाज़ शरीफ कोई भी तो संतुलित या खिलाखिला दिखाई नहीं देता।

बकौल दुष्यंत कुमार 'अब किसी को भी नज़र आती नहीं कोई दरार/ घर की हर दीवार पर/ चिपके हैं इतने इश्तिहार, रोज़ अखबारों में पढ़कर यह ख्याल आया हमें/इस तरफ आती तो हम भी देखते फसलें बहार'। यानि कहीं भी राहत, संतुष्टि वाली या सुखद हवा नहीं बहती दिखाई देती है। अब ऐसी शख्सियतों को हम अपना आदर्श नायक भी कैसे मानें? कुछ प्रश्नों के कोई उत्तर मिल ही नहीं पाते। इस प्रश्न का कोई उत्तर नहीं मिलेगा कि आखिर सादगी, पारदर्शिता और निष्कलंकता की प्रतिमूर्ति बने अरविंद केजरीवाल ने अपने आवास पर इतना खर्च कैसे करवा डाला? इस प्रश्न का भी उत्तर नहीं मिलेगा कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब गाज़ा पर क्यों कब्ज़ा करना चाहते हैं? आरोप यह भी है कि ट्रम्प मूल रूप से रियल एस्टेट कारोबारी भी हैं और कॉलोनाइजर्स भी, इसलिए टॉवर निर्माण में उनकी दिलचस्पी कुछ ज्यादा ही है। विश्वभर में उनकी सम्पत्तियां व आवासी टॉवर फैले हैं। यहां तक कि भारत में भी गुरुग्राम व पुणे में उनके टॉवर हैं। इन दोनों में फ्लैटों की कीमतें करोड़ों में हैं। आखिर अब्राहम लिंकन, रुज़वेल्ट, कैनेटी व ओबामा जैसे आदर्श राष्ट्रपतियों के वारिस ट्रम्प इतने बड़बोले, रुखे, लोभी व संवेदनशील क्यों हैं? स्थिति रूस व चीन में भी अच्छी नहीं है।

टालस्टाय, गोर्की, चेखव, तुर्गदेव और सोल्ज़ेनित्सिन वाला रूस बरसों से एक ऐसे नेता की मुट्ठियों में जकड़ा है जो मूल रूप से एक जासूस है। पुतिन की पृष्ठभूमि कभी भी एक जुझारू महानायक वाली नहीं रही। उन्होंने अपने ही देश में अपने प्रतिद्वंद्वियों को चुन चुनकर ठिकाने लगाया है। अब अपने देश को एक ऐसे देश के खिलाफ युद्ध में झोंके हुए है जो कभी सोवियत संघ का ही एक सदस्य देश था। अब पुतिन पुराने सोवियत संघ की बहाली का सपना भी देखने लगे हैं। वे चाहते हैं कि वे सभी देश, जो पहले सोवियत संघ का अंग थे, वापस उसी तरह के नए-नए राष्ट्र के रूप में उभरकर आएं ताकि नया सोवियत संघ अपनी पुरानी गरिमा बहाल कर सके। उधर, ट्रम्प महोदय, गाज़ा-पट्टी पर कब्जे के इलावा एक और रोडमैप बिछाने में लगे हैं। उन्होंने अपने अटार्नी जनरल को आदेश दिया है कि अमेरिका में चर्च-विरोधी तत्वों का भी सफाया किया जाए। यानि वह ईसाइयत की बहाली चाहते हैं। ट्रम्प कहते हैं, 'मैं 'गॉड' को वापस लाना चाहता हूं ताकि देश को उनकी शरण में रहने का अवसर मिले'। ट्रम्प 'गॉड' को फिर से क्यों बुलाना चाहते हैं, यह स्पष्ट नहीं है। यानि चारों ओर 'सनक' का साम्राज्य फैलता जा रहा है। 'आदर्श नायक' नाम की कोई भी प्रजाति किसी भी देश में दिखाई नहीं देती। लेकिन इस सारे अराजक माहौल में हमारा महाकुम्भ सभी तरह की आलोचनाओं के बावजूद पूरी तरह से समापन की ओर बढ़ता दिखाई देता है।

महाकुम्भ के आयोजन में जहां एक ओर शाही संगम स्नान अपनी छटा बिखेर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर 'एआई' अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भी धूम है। बाबाओं, साधुओं, महामण्डलेश्वरों के झोलों में उनके 'लैपटॉप' हैं और साथ ही साथ अत्याधुनिक 'गैजेट्स' से सम्पन्न संयंत्र भी। फिलहाल यह सही-सही अनुमान लगाना भी सम्भव नहीं है कि हम ऐसे माहौल में किस दिशा की ओर अग्रसर हैं। क्या विश्व-शांति की परिकल्पना समाप्त होने को है? इस अराजकता के माहौल में हम 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के आदर्श को बहाल कैसे कर पाएंगे?

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार व साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

आत्मसंयमी होना व्यक्ति का प्रथम लक्षण

संकलित
दर्शन

आत्मसंयम मनुष्य की ऐसी आंतरिक क्षमता है, जिसके आधार पर मनुष्य अपना समग्र विकास करने में सक्षम होता है। बुरी आदतों पर नियंत्रण आत्मसंयम की शक्ति से ही संभव है। असल में यही खराब आदतें हमारी प्रगति की राह में अवरोध बनती हैं। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसंयम में सही ताल मिल जाए तो असंभव से लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। संयम एक ऐसा बीज मंत्र या आवरण है, जो हर स्थिति में कारगर होता है। इस संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनका जीवन यही संदेश देता है कि उनके उत्कर्ष में आत्मसंयम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है। जिन लोगों में आत्मसंयम होता है उनका स्वास्थ्य, रिश्ते, आर्थिक स्थिति और करियर अन्य लोगों की अपेक्षा बेहतर होता है। ऐसे लोग जीवन से अधिक संतुष्ट रहते हैं। उन्हें जीवन अधिक सार्थक लगता है। आत्मसंयम का जीवन रचनात्मकता से ओतप्रोत होता है। यह सद्गुण काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय को दूर करने के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व को गहराई एवं गंभीरता प्रदान कर उसके जीवन को सुखप्रद बनाता है। आत्मसंयम का महामंत्र आत्मसात कर हम असीमित इच्छाओं के अश्व की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं। थोड़ा गहराई में जाएं तो संयमी की यात्र कंकर से शंकर बनने की है। हमें अपने जीवन में आत्मसंयम की आवश्यकता इसलिए भी पड़ती है, ताकि हम पथ से भटके बिना अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल हो सकें।

आखिर कर्म ही महान

संकलित
प्रेरणा

एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

अंतर्मन

आज की पाती

असंगठित बल को संगठित करने की पहल

हमारे देश में संगठित क्षेत्र में औपचारिक रूप से पंजीकृत वो व्यवसाय आते हैं, जो श्रम कानूनों का पालन करते हैं, नौकरी की सुरक्षा और सामाजिक लाभ प्रदान करते हैं। जबकि असंगठित क्षेत्र में अनौपचारिक व्यवसाय शामिल हैं, जिनमें बहुत कम या कोई विनियमन नहीं है, अक्सर नौकरी की सुरक्षा, लाभ और कानूनी सुरक्षा का अभाव रहता है। असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के अंतर्गत घरों में काम करने वाले श्रमिक, स्व-नियोजित श्रमिक या असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करने वाले श्रमिक असंगठित क्षेत्र के दायरे में आते हैं। संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए कई अधिनियम लागू किए जा चुके हैं। असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों के आंकड़े एकत्रित करने और उनके नि:शुल्क पंजीकरण के लिए प्रयास हुए हैं। *- साकेत अग्रवाल, महासमुंद*

ट्रेंड

हमारी गारंटी

दिल्ली के चौतरफा विकास और यहां के लोगों का जीवन उत्तम बनाने के लिए हम कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे, यह हमारी गारंटी है। इसके साथ ही हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि विकसित भारत के निर्माण में दिल्ली की अहम भूमिका हो।
-नरेंद मोदी, प्रधानमंत्री

साक्षी बनने को उत्सुक

द्विवार्षिक एयरो-इंडिया के 15वें संस्करण में भाग लेने के लिए बेंगलुरु के लिए रवाना हो रहा हूं। यह आयोजन अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकियों और वैश्विक विमानन उत्कृष्टता का प्रदर्शन करेगा। एयरोस्पेस क्षेत्र के 'भविष्य' का साक्षी बनने को उत्सुक हूं।"
-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

जनादेश स्वीकार

दिल्ली का जनादेश विनम्रता से स्वीकार करते हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उनके समर्पण और सभी मतदाताओं को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद। प्रदूषण, महंगाई और भ्रष्टाचार के विरुद्ध दिल्ली वासियों के अधिकारों की लड़ाई जारी रहेगी।
- राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

आपातकालीन व्यवस्था

प्रयागराज महाकुंभ में फँसे करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए तुरंत आपातकालीन व्यवस्था की जाए। हर तरफसे जाम में भूखे, प्यासे, बेहाल और थके तीर्थयात्रियों को मानवीय दृष्टि से देखा जाए।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

करंट अफेयर

तीन देशों की साझेदारी उ. कोरिया के लिए खतरा

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा कि दक्षिण कोरिया और जापान से अमेरिका की सुरक्षा साझेदारी बढ़ने से उत्तर कोरिया के सामने गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। किम ने साथ ही अपने परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का संकल्प जताया है। सरकारी मीडिया में रविवार को आईं खबरों में यह जानकारी दी गई। किम पहले भी ऐसी चेतावानियां दे चुके हैं। उनके ताजा बयान से यह संकेत मिलता है कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उनसे मुलाकात करने और कूटनीति को पुनर्जीवित करने की पेशकश को निकट भविष्य में स्वीकार नहीं करेंगे। सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' के अनुसार शनिवार को कोरियाई पीपुल्स आर्मी की 77वीं स्थापना दिवस के अवसर पर दिए गए भाषण में किम ने कहा कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की तरह क्षेत्रीय सैन्य संगठन बनाने की अमेरिकी साजिश के तहत स्थापित अमेरिका-जापान-दक्षिण कोरिया त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी कोरियाई प्रायद्वीप में सैन्य असंतुलन पैदा कर रही है। उन्होंने कहा, यह साझेदारी हमारे देश के सुरक्षा हालात के लिए गंभीर चुनौती खड़ी कर रही है।

ऑफ बीट

लू के दौरान ठंडक बनाए रखने में पेड़ मददगार

लू दुनिया के सबसे घातक मौसमी खतरों में से एक है। हर साल, बड़ी संख्या में लोग भीषण गर्मी के कारण मर जाते हैं। दुर्भाग्यवश, शहरों में कोलतार की सड़कें, ईंट और कंक्रीट की संरचनाएं और छत की टाइल भारी मात्रा में गर्मी को अवशोषित करके उसे बनाए रख सकती है, जिसका अधिकांश हिस्सा सूर्योदय के बाद उत्सर्जित होता है। इससे शहरों में तापमान आसपास के इलाकों या ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में काफी अधिक हो सकता है जिसे 'शहरी ताप द्वीप प्रभाव' के रूप में जाना जाता है। पेड़ और हरियाली शहरी तापमान को कम कर सकते हैं लेकिन इन विशाल शीतलन प्रभावों को प्राप्त करने के लिए उन्हें मिट्टी से पानी खींचने में सक्षम होना चाहिए। दूसरे शब्दों में, कभी-कभी गर्मी के दौरान अपने पेड़ों को पानी देना मददगार हो सकता है। पेड़ दो महत्वपूर्ण तरीकों से शहरी तापमान को कम करते हैं। एक तो वे छाया प्रदान करते हैं और दूसरा उनके शीतलन प्रभाव के माध्यम से। पानी पौधे की जड़ों के माध्यम से अंदर जाता है, तने से होकर गुजरता है और फिर पत्तियों से स्टोमेटा नामक छोटे छिद्रों के माध्यम से हवा में मिल जाता है। पानी मिट्टी और अन्य सतहों से भी वाष्पित हो सकता है। पौधों और मिट्टी से पानी के संयुक्त नुकसान को वाष्पोत्सर्जन कहा जाता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

हादसे में भतीजे की मौत, चाचा की हालत गंभीर

कटनी। कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छैघरा के पास सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि उनके चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, कुठला थाना क्षेत्र के संजय नगर निवासी विजय प्रकाश उर्फ अंकू 24 अपने चाचा सुरेंद्र दुबे के साथ केमोर में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात जब दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे, तभी छैघरा गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने विजय प्रकाश को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल सुरेंद्र दुबे को बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

युवक ने की आत्महत्या

कटनी। कोतवाली थाना क्षेत्र के सूफी संतनगर में एक युवक ने खुदकुशी कर लिया। पुलिस के अनुसार विकास कुशवाहा 26 ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना गत रात की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, विकास ने रात में अपने परिवार के साथ सामान्य रूप से खाना खाया और किराना सामान भी खरीदा था। इसके बाद वह अपने कमरे में चला गया। सुबह लगभग चार बजे जब उसकी चाची ने देखा तो वह कमरे की छत की सीलिंग से रस्सी के सहारे लटका हुआ था। मृतक के चाचा राजेश कुशवाहा ने बताया कि विकास को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं थी और न ही उसका किसी से कोई विवाद था। परिवार के लिए यह समझना मुश्किल है कि आखिर विकास ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की।

नाबालिग को भगाकर ले जाने वाला युवक गिरफ्तार

कटनी। प्रेमजाल में फंसाकर नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नाबालिग लड़की 15 को भी बरामद कर लिया है। घटना 2 जनवरी 2025 की है। पीड़िता के परिजनों ने थाने में नाबालिग के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी शिवम वंशकार के खिलाफ पॉस्को एक्ट में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है। दरअसल, एक महीने पहले अपने घर से एक किशोरी लापता हो गई थी। पिता जब बाजार से घर वापस लौटा, तो उसे घर पर बेटी नहीं दिखी। जिसके बाद वह थाने पहुंचकर किशोरी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। बाद में पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी शिवम वंशकार 23 निवासी माधवनगर ने नाबालिग से पहले दोस्ती की, फिर उसे प्रेम जाल में फंसाकर मुंबई ले गया। वहां उसने किशोरी के साथ कई बार रेप किया। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से मुंबई ने छापेमारी कर किशोरी को बरामद कर लिया। साथ ही उसके पास से आरोपी को भी पकड़ा। इसके बाद न्यायालय में पेश कर उसे जेल भेज दिया गया है।

उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए आवेदन की आज अंतिम तिथि

कटनी। जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश चयन परीक्षा 2025- 26 में कक्षा 9 वीं में प्रवेश लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 फरवरी तक राज्य सरकार की बेवसाइट में निर्धारित शुल्क 200 रुपये पोर्टल पर 10 फरवरी तक भरे जायेंगे। प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के लिए कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत छात्र, छात्राएं अपने निकटतम एमपी ऑनलाइन या कियोस्क सेंटर पर जाकर कक्षा 7 वीं उत्तीर्ण की अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र एवं आरक्षण श्रेणी एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र तथा विकलांग श्रेणी के छात्र- छात्राएं अपनी श्रेणी से चयन के लिए आवेदन कर सकते हैं। चयन का आधार जाति है, ध्यान पूर्वक दर्ज करायें। विद्यार्थी को आरक्षित श्रेणी से चयनित होने पर सक्षम अधिकारी का मूल प्रमाण पत्र प्रवेश के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

शहर में रस्म अदाएगी के लिए भी नहीं की जा रही कार्यवाही, मनमाना उपयोग

व्यवसायिक उपयोग में खपाया जा रहा रसोई गैस सिलेण्डर, अधिकारी बेसुध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

घरेलू उपयोग वाले रसोई गैस सिलेण्डर का फुटपाथी चाय नाश्ते के ठेलों से लेकर होटलों तक में व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। लेकिन खाद्य विभाग की टीम इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। साल भर में कभी कभार ही इस दिशा में खाद्य विभाग द्वारा रस्म अदाएगी के लिए कार्यवाही की जाती है। रसोई गैस का दुरूपयोग तो शहर में अधिकांश चाय चाश्ते के ठेलो में देखा जा सकता है। चाय नाश्ते की होटलों में यदि निरीक्षण किया जाए तो सच्चाई सामने आ सकती है। नगर व आसपास संचालित हाथठेला से लेकर फुटपाथी व होटलो में गैस के दुरूपयोग पर जांच कार्यवाही के लिये अभियान नही चलाया जा रहा है। घरेलू गैस व्यवसायिक की अपेक्षा सस्ती होने के कारण इसका दुरूपयोग होटलो में किया जाता है। विभागीय अधिकारियों द्वारा हाथठेला चालकों सहित होटलों में घरेलू गैस के दुरूपयोग को लेकर कार्यवाही नहीं की जाती।

एलपीजी गैस का दुरूपयोग रोकने प्रशासनिक स्तर पर नियमित कार्यवाही के अभाव में ज्यादातर प्रतिष्ठान संचालक ज्यादा मुनाफे के लिये नियम निर्देशो की धज्जियां उड़ा रहे है। फुटपाथ पर अंडा, बिरयानी, चाट, चाय लगाने वाले व्यवसायी खुलेआम घरेलू गैस का ही उपयोग कर रहे है। फुटपाथियों के अलावा ऐसे अन्य होटल व्यवसाइयों की भी कमी नही है जो कारोबार से तगड़ा मुनाफा कमाने के बावजूद गैस का दुरूपयोग कर रहे है। खाद्य अमले द्वारा कभी कभार ही कायर्वाही की जाती है। नतीजन इसी ढिलाई का व्यवसायी खुलेआम फायदा उठा रहे है।

होटल संचालक खुलेआम मुख्य मार्गो पर खुली होटलों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग कर रहे हैं। अधिकारियों को दिखाने के लिए कामर्शियल नीले सिलेंडर को दुकानों पर रख लेते हैं, लेकिन उपयोग घरेलू गैस सिलेंडर का किया जाता है। जानकारों की माने तो सार्वजनिक स्थानों में खुले में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करने से कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। घरेलू गैस सिलेंडर में घरेलू गैस चूल्हे में इस्तेमाल करने के हिसाब से कम प्रेशर से गैस भरी जाती है। होटल संचालक गैस भट्टी पर सिलेंडर का उपयोग करने के लिए उसमें प्रेशर रेगुलेटर लगाते हैं। इससे सिलेंडर से गैस तेजी से बाहर आती है जिससे सिलेंडर गर्म हो जाता है। गर्मी के मौसम में इससे कभी भी हादसा होने की संभावना रहती है।

शासन के निर्देश एवं तय गाइडलाइन के अनुसार रसोई गैस सिलेंडरो का उपयोग घरो में भोजन पकाने के लिये है। होटलो के अलावा किसी भी व्यावसायिक कार्य के लिये नीले रंग के व्यावसायिक सिलेंडरो का उपयोग जरूरी है। घरेलू गैस सिलेडर की अपेक्षा व्यावसायिक सिलेडर के लिये डेढ़ से दो गुना से कीमत चुकानी पड़ती है यही वजह है कि बचत के लिये दुकानों में व्यावसायिक सिलेडर दिखावे के लिये तो रखे होते है या एक या तो उपयोग में भी होते है जबकि ज्यादातर उपयोग रसोई गैस का ही होता है।

स्वभाव स्वच्छता संस्कार अभियान 13 फरवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अवसर पर सहकारिता के महत्व के प्रति लोगों को जागरूकता लाने के लिये विभाग के तहत सभी स्तर के विभागीय कार्यालय, सहकारी संस्थाओं में 13 फरवरी को स्वभव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता दिवस कार्यक्रम मनाया जायेगा। इस संबंध में आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाऐं ने परिपत्र जारी किया है।

सभी शीर्ष संस्थाओं के प्रबंध संचालक, संभाग,जिला के संयुक्त,उप,सहायक आयुक्त सहकारिता और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाम जारी परिपत्र में कहा गया है कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभाग एवं संस्थाओं में कार्यालयीन नस्तियों को व्यवस्थित करना, पुराने रिकार्ड के बस्तों में संदर्भ अंकित होना, कार्यालय में इंडेक्स रजिस्टर का संधारण जिसकी मदद से पूर्ण परिसमापन, वैधानिक कार्यवाही, स्थापना आदि के विगत 10 वर्षों के विवरण तत्काल ज्ञात किये जा सकें, जैसे काम हों। साथ ही शौचालयों की सफाई एवं कार्यालयीन कक्षों में रोशनी एवं साज-सज्जा की जायें।

विभाग एवं संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारी जिला कार्यालय में एकत्रित हों। उसके बाद अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पर विशेष साफ-सफाई आयोजन के बैनर के साथ एक रैली निर्धारित स्थल जिला सहकारी बैंक, अन्य सार्वजनिक स्थल अथवा किसी संस्था कार्यालय तक सहकारिता एवं स्वच्छता विषयक नारे लगाते हुये निकाली जायें।

गेहूँ बिक्री के लिये 31 मार्च तक करा सकेंगे पंजीयन

कटनी। समर्थन मूल्य पर गेहूं की बिक्री के लिए किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर ने किसानों से इस अवधि में गेहूं उपार्जन हेतु पंजीयन कराने का आग्रह किया है। वर्ष 2025-26 के लिए गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2 हजार 425 रूपये घोषित किया गया है। कलेक्टर दिलीप यादव ने किसानों से आग्रह किया है कि गेहूँ की विक्री के लिए समय-सीमा में पंजीयन जरूर करायें। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए कटनी जिला में अब तक 14 किसानों ने पंजीयन कराया है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर में की गई रात्रि गश्त

जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने रात भर की गश्त, अपराधिक तत्वों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के सक्रिय मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा 08-09 फरवरी की दरमियानी रात सम्पूर्ण जिले में विशेष काम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। उक्त अभियान में 4 राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी द्वारा स्वयं क्षेत्र में जाकर थाने के बल के साथ कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र में निवासरत/छुपे स्थायी, फरारी एवं गिरफ्तारी वारंटी को तामील कराने का प्रयास किया गया है।

कांबिंग गश्त के अंतर्गत विभिन्न प्रकरणों में वांछित लंबे समय से फरार-19 स्थाई वारंटियों, 72-गिरफ्तारी वारंट तामील करवाए गए। अवैध शराब परिवहन एवं विक्रय एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने पर प्रतिबंध लगाने हेतु कटनी पुलिस ने कमिंग गस्त के दौरान कुल 58 आबकारी के प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम विवेचना में लिए गए जुआ खेलते पाये जाने पर जुआड़ियों के विरूद्ध 09 प्रकरण कायम किये गये।

परिशांति भंग करना पाये जाने पर अलग-अलग स्थानों पर 18 आरोपियों के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। परिशांति कायम रखने हेतु 80 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 126,135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। धारा 129 बीएनएसएस की कार्यवाही परिशांति कायम रखने हेतु 19 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 129 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी।

जिले में की जा रही कांबिग गस्त के द्वारा थाना क्षेत्रों के गुंडे, निगरानी बदमाश एवं जिला बदर की निरंतर चेकिंग कर अपराधों की रोकथाम सहित क्षेत्र मे शांति व्यवस्था हेतु कटनी पुलिस लगातार कार्य रही है एवं भविष्य में भी इस प्रकार से अभियान चलाये जाते रहेगें, जिसमें गुण्डा बदमाशों तथा असामाजिक तत्वों को अशांति फैलाने से रोका जा सके।

हाईवे में फंसे यात्रियों को उपलब्ध कराया भोजन व पानी

प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों को भोजन व पानी की व्यवस्था कराई गई। दरअसल प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की वजह से व्यवस्था सामान्य होने तक गत दिवस वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गई थी। नेशनल हाईवे पर पुलिस ने भी यात्रियों को परेशानियों से बचाने के लिए बैरीकेटिंग कर जाने से रोक दिया था जिस कारण लोग कई घंटों तक जाम में फंसे रहे। स्लीमनाबाद जिला कटनी–जबलपुर बॉर्डर ग्राम धनगवा में महाकुंभ में जाने और लौटने वाले अलग–अलग राज्यों के लगभग 3000 लोग वाहनों में फंसे हुए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को रोका गया है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा धनगवा पहुंच कर श्रद्धालुओं को भोजन, पानी की व्यवस्था कराई गई, आवश्यक पुलिस बल लगाया गया है ताकि जाम की स्थिति पैदा न हो। साथ ही पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा श्रद्धालुओं को धैर्य रखने और परेशान ना होने की समझाइश दी गई। तथा लगातार भोजन पानी की व्यवस्था कराई जा रही है।

शिव ध्वजारोहण का हुआ आध्यात्मिक आयोजन, अनुभव किये गए साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

निवार पहाडी खेराई मोहल्ला वार्ड नंबर 17 में स्थित सिविल लाइन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की उपशाखा में प्रभारी बीके बरखा बहन के नेतृत्व में और सिविल लाइन राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के मार्गदर्शन में शिव ध्वजारोहण का आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित हुआ । कार्यक्रम में सर्वप्रथम शिव बाबा को भोग अर्पित कर मुरली के महावाक्य बीके लक्ष्मी बहन ने सभी भाई बहनों को सुनाए। बीके विनोद भाई ने ब्रह्मा बाबा और संस्था का परिचय देते हुए कहा कि परमात्मा द्वारा शिक्षित राजयोग मेडिटेशन एक ऐसा अभ्यास है जिसके माध्यम से हम परमात्मा से जुड़ना सीखते हैं ।

राजयोग के नियमित अभ्यास से हम परमात्मा से सर्व संबंधों की अनुभूति एवं सर्व शक्तियों की स्वयं में धारणा कर सकते हैं। यह एक बेहद सरल परंतु शक्तिशाली अभ्यास है जो कहीं भी किसी भी समय खुली आंखों के साथ किया जा सकता है। चेतन भाई और सुरेश भाई ने प्रयागराज के अनुभव सबके साथ साझा किए । शिव ध्वजा रोहण कर सभी ने ब्रह्मा भोजन किया।

इस अवसर पर सुखलाल कुशवाह ,मंटू चौबे ,बम-भोले ' रामप्रसाद कुशवाह प्रशांत दुबे 'अजय निगम, अनिल विश्वकर्मा बीके दुर्गा बहन अनिता बहन बेबी बहन सुमन बहन देवयंती बहन मंगला माता ज्योति बहन शिवानी बहन शानू वैष्णवी बहन सहित अन्य भाई बहनो की उपस्थिति रही

विधायक की उपस्थिति में स्नेह सम्मेलन का हुआ आयोजन

छात्र छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रमाण पत्र एवं ट्राफी से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में सत्र 2024-25 अंतर्गत वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन उत्साह एवं हषोल्लास के शनिवार 8 फरवरी को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह एवं विशिष्ट अथिति पद्मेश गौतम सांसद प्रतिनिधि बड़वारा, अजय सोनी , विलायत कला, सोने लाल साहू, , किशोर द्विवेदी थाना प्रभारी बड़वारा, हर्ष द्विवेदी, नितिन पाण्डेय, कन्छेदी साहू, अम्बिका प्रसाद, मनोज सिंह, सोने लाल जी, प्रदीप कुमार पाण्डेय, जिला संयोजक, हिन्दू जागरण मंच श्रीमति तरूणा सिंह खेमचन्द यादव, शुभम श्रीवास सहित अन्य जन उपस्थित रहें।

इनका रहा योगदान

कार्यक्रम की समग्र व्यवस्था सांस्कृतिक समिति डॉ. कल्पना सतनामी, डॉ. योगिता अरजरिया, श्रीमती तोषी पटेल के द्वारा की गई। कार्यक्रम की सफल संचालन की बागडोर महाविद्यालय के कैप्टन ने संभाली। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालयीन स्टाफ सुशील चन्द्र दुबे, डॉ. मुकेश झारिया, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. दादूराम साकेत, डॉ. रामनरेश वर्मा, डॉ. सुजीत सिंह ठाकुर, डॉ. शर्मिला गांगले, मनमोहन द्विवेदी, रविन्द्र कुमार महोबिया, रिंकू आदि ने योगदान दी। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रतियोगिताओं में विजयी रहे तथा विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र तथा ट्रॉफी मुख्य अतिथि के कर कमलो से प्रदान की गई।अंत में स्वल्पहार वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया ।

उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत कर किया उत्साहवर्धन

वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन सोने लाल साहू के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोशनी पाण्डेय ने की। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी व कार्यक्रम प्रभारी डॉ लवकुश सिंह द्वारा महाविद्यालय में विगत वर्षों की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया गया एवं छात्र- छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

एकल एवं सामूहिक नृत्य ने सभी का मोहा मन

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ की गई तदोपरांत समस्त अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया। आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें रामायण मंचन, अतिथियों का मन मोह लिया एवं विभिन्न एकल एवं सामूहिक नृत्य, नाटक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह, एसिड अटैक, सोशल मीडिया इत्यादि मुद्दों पे नाटक का मंचन भी किया गया।

पंचकल्याण एवं गजरथ महोत्सव महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

महावीर कीर्ति स्तंभ से निकाली गई विशाल घटयात्रा में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

रविवार से श्री 1008 मज्जिनेंद्र जिनबिम्ब पंच कल्याणक एवं गजरथ महोत्सव महायज्ञ अनुष्ठान का को आगाज हो गया। धार्मिक आयोजन को लेकर जैन धर्मावलंबियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस आयोजन में कटनी के साथ ही संपूर्ण मध्यप्रदेश के अलावा पूरे देश से हजारों की तादात में श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। पंच कल्याणक एवं गजरथ महोत्सव महायज्ञ के आयोजन से कैलवारा की धरा पावन हो गई है। आचार्य विद्यासागर महाराज एवं समय सागर महाराज के परम आर्शीवाद एवं परम प्रभावक शिष्य तीर्थ चक्रवर्ती मुनि पुंगव सुधासागर महाराज, छुल्लक वरिसागर महाराज, छुल्लक विदेह सागर महाराज के मंगल सानिध्य में यह विराट धार्मिक आयोजन 9 फरवरी से 14 फरवरी तक होने जा रहा है।

आयोजन के पहले दिन रविवार सुबह शहर में विशाल एवं भव्य घटयात्रा निकाली गई। मज्जिनेंद्र जिनबिम्ब प्रतिष्ठा महोत्सव एवं गजरथ महोत्सव की विशाल घटयात्रा महावीर कीर्ति स्तंभ से प्रारंभ हुई। मार्ग में जगह-जगह जैन समाज के लोगों द्वारा रंगाली सजाकर घटयात्रा की अगवानी की गई। घटयात्रा में मुनि पुंगव सुधासागर महाराज के दर्शन करने एवं उनसे आशीर्वाद प्राप्त करने बड़ी तादात में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। घटयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए झुरही कैलवारा स्थित चेत्नोदय तीर्थस्थल पर पहुंचकर धर्मसभा के रूप में परिवर्तित हो गई। घटयात्रा में सबसे आगे बैनर धर्मध्वज लिए अश्वारोही चल रहे थे। इसके ठीक पीछे डीजे की करतल धुन पर भक्तिगीतों पर पर नृत्य करते हुए धर्मानुरागी बंधु महेन्द्र, इंद्र , ईशान इंद्र, सतन इंद्र श्रेयांश, राजा सोम अष्ट कुमारी लोकान्तिक देव चल रहे थे। धमाल पार्टी में महिलाएं नृत्य करते हुए चल रही थीं। घटयात्रा में सामाजिक संस्थाएं हाथ पर सावर सौधर्म इंद्र माता पिता भजन मंडली दिव्य घोष जयपुर मुनि संध भगवान का रथ चल रहा था। राजा बाहुबल राजा भरत धनपति कुबेर ध्वजारोहण कर्ता बघ्घी पर सावर, इनके पीछे 800 इंद्र इंद्राणी मंगल कलश लेकर चल ही थीं। घटयात्रा मार्ग में श्रावक-श्राविकाओं ने रंगोली सजाकर, पाद प्रक्षालन कर मुनि संघ की अगवानी की। इस आयोजन को लेकर पुलिस, जिला प्रशासन, नगर निगम एवं विद्युत विभाग द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था जैन समाज द्वारा की गई है।

घटयात्रा चेत्नोदय तीर्थ पहुंचने के उपरांत कार्यक्रम स्थल पर मंगल ध्वजारोहण उत्तम चंद्र जैन, अनराग जैन, अनुज जैन परिवार द्वारा किया गया। इसके पश्चात मंडल शुद्धी मंडप प्रतिष्ठा एंव श्रीजी का अभिषेक किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में परम पूज्य मुनि पुगंव 108 सुधा सागर जी महाराज के मांगलिक प्रवचन हुए। दोपहर में मंगल कलश स्थापना, योग मंडल विधान एवं शाम को आचार्य भक्ति एवं शंका समाधान का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आवास योजना का लाभ लेने 31 मार्च तक जोड़े जाएंगे नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के लिए सर्वे प्रारंभ हो गया है। इसमें पात्र परिवारों के नाम 31 मार्च तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है।

योजना अंतर्गत केन्द्रीय मंत्री-मण्डल ने योजना को आगामी पांच वर्ष के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक की मंजूरी दी है। इस संबंध ने ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने के लिए आवास प्लस सर्वे 2024 प्रारंभ किया है।

नियुक्त किये गए सर्वेयर

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे जिले में ग्राम पंचायत में नियुक्त किये गये सर्वेयर सचिव, रोजगार सहायक द्वारा किया जायेगा। सर्वे कार्य आवास प्लस एप-2024 से किया जाएगा। इसमें हितग्राही स्वयं के मोबाइल से भी आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन आवास प्लस 2.0 ग्रामीण विकास मंत्रालय एन.आई.सी द्वारा निर्मित किया गया है। इस ऐप की लिंक आवास सॉफ्ट पोर्टल उस पर भी उपलब्ध है। सर्वे के लिए समस्त जिले, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों एवं नामांकित सर्वेयर को प्रशिक्षण गया है। सर्वे 31 मार्च 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा एक अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रारंभ की गई। जिसके अंतर्गत सभी पात्र बेघर परिवारों और कच्चे तथा जीर्ण-शीर्ण मकानों में रह रहे परिवारों को बुनियादी सुविधा युक्त पक्का आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

ऐतिहासिक हुआ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव

भारत सहित पूरे विश्व में बढ़ा संस्कारधानी का गौरव

जबलपुर।

सकल जैन समाज, वीतराग विज्ञान मंडल, जैन युवा फेडरेशन एवं त्रिशला महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित जैनदर्शन के सर्वोत्कृष्ट महामहोत्सव श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के 7 दिवसीय अनुष्ठान के सुंदर एवं ऐतिहासिक रूप से संपन्न होने पर भारत सहित सम्पूर्ण विश्व की सकल जैन समाज में संस्कारधानी जबलपुर का गौरव बढ़ा, पूरे देश एवं विश्व से संस्कारधानी पधारे हजारों जैन बंधुओं ने यहां के साधर्मी वात्सल्य, अतिथि सत्कार सहित आत्मीयता की कोटिशः सराहना कर सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी।

महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन एवं नितिन जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव के लिए शहीद स्मारक गोल बाजार में बनाई गई सुंदर कुंडलपुर नगरी में अपूर्व धर्म प्रभावना हुई जिसमें संस्कारधानी जबलपुर सहित पूरे विश्व से पधारे हजारों साधर्मिगणों ने आध्यात्म की गंगा, भक्ति की यमुना एवं सिद्धांत की सरस्वती ऐसी पावन त्रिवेणी में स्नान कर अपने आपको धन्य किया और भक्त से भगवान बनने वाले इस सुंदर अनुष्ठान की यादें संजोकर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर सफल आयोजन की आयोजक मंडल को दिल से शुभकामनाएं दी।

देव लोक से प्रतीत हो रहे सुंदर

संस्कारधानी में जिनशासन का गौरव गाथा गाने वाले पिसनहारी की मढ़िया सहित सौ से अधिक दिगंबर जिनालय हैं उनमें दो नाम और जुड़ गए प्रथम श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय ज्ञानायतन करमेता एवं द्वितीय गोल बाजार स्थित श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनालय धर्मायतन का जो मानो ऐसे प्रतीत हो रहे हैं कि सीधे देव लोक से उतर कर आएं हैं और साक्षात जिनशासन की मंगल प्रभावना का प्रतीक हो और ये दिनों कहान गुरुदेवश्री के तत्वप्रभावना योग से मंडल एवं फेडरेशन द्वारा निर्मित किए गए हैं जिनमें हजारों वर्ष तक गायक भगवान आत्मा की गूंज सुनाई देगी। ज्ञानायतन में शिविर को विविध अनुष्ठानों सहित शोभायात्रा के साथ छत्र, चंबर, भामंडल विराजमान किए गए जिसमें सकल समाज सम्मिलित हुई।

संसद आशीष दुबे ने किए धर्मायतन के दर्शन

शनिवार को संस्कारधानी के सांसद दुबे धर्मायतन के दर्शन किए और मनोहारी जिनालय सहित सुंदर जिनबिम्ब, मानस्तंभ, स्वाध्याय भवन की मुक्तकंठ से सराहना कर सफल आयोजन के लिए जैन समाज सहित मंडल एवं फेडरेशन को शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर पं. भूपेंद्र शास्त्री विदिशा द्वारा सांसद श्री दुबे को जिनालय के दर्शन कराकर धर्मातयन कि जानकारी दी गई जिनके साथ अखिलेश जैन सीए, विधायक डॉ. अभिलाष पांडे, रिंकु विज नगर निगम अध्यक्ष, महापौर जगत बहादुर अन्नू, पार्षद कमलेश अग्रवाल, अमित जैन, विप्लव अग्रवाल, प्रशांत जैन, अशोक जैन फुग्गा, नितिन जैन सीमेंट, हितेश जैन, जैन युवा फेडरेशन के अंकित जैन, आगम जैन, विशाल जैन, अखिलेश जैन, अभिषेक जैन 'दिगम्बर', शरद जैन के साथ फेडरेशन के सभी युवा साथियों द्वारा सांसद का स्वागत किया गया।

सपा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन किया

जबलपुर। समाजवादी पार्टी ने मालवीय चौक पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन किया। बताया गया डोनाल्ड ट्रंप के मालवाहक विमान में क्षमता से अधिक भारतीय शरणार्थियों को भेजने के फरमान ने देश को लज्जित किया है, इसके विरोध में राष्ट्रपति ट्रंप का पुतला दहन कर अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग व भारत सरकार से इस मुद्दे पर हस्तक्षेप कर भारतीय नागरिकों को अमेरिका से अपने खर्च पर सम्मानपूर्वक वापस लाने की मांग की गई। इस संबंध में भारतीय राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपकर भारत सरकार से उचित ध्यान देने की अपील की गई। सपा के प्रदेश सचिव आशीष मिश्रा ने बताया कि हाल ही में हुई घटना से समूचे भारत वर्ष में अमेरिका के इस कृत्य से आक्रोश है, उन्होंने बताया कि अमेरिका ने 18000 भारतीय नागरिकों को अवैध रूप से प्रवेश करने चिन्हित किया है, अतः भारत सरकार संज्ञान लेकर अमेरिका में रह रहे भारतीय नागरिकों को विमान भेजकर सम्मानपूर्वक वापस बुलाये। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश यादव, प्रदेश सचिव आशीष मिश्रा, कमलेश पटेल, राहुल अहिरवार, अब्दुल कयूम, राजेन्द्र पटेल, देवेन्द्र यादव, एम इकबाल, बृजकिशोर सिंह, राम पटेल, अभिषेक शर्मा, बनारसी यादव, निखिल राठौर, शुभम अहिरवार, असलम चिश्ती, युसूफ, दिलशाद अली, राजेन्द्र अहिरवार, लक्ष्मण प्रसाद सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शाला में मनाया गया वार्षिक उत्सव, बच्चे हुए पुरस्कृत

जबलपुर। शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला पश्चिमी करियापाथर में सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति में शाला का वार्षिक उत्सव मनाया गया। शाला की प्रधान अध्यापिका छाया जैन के द्वारा सरस्वती देवी के सामने सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई, तत्पश्चात प्रधान अध्यापिका ने अपने उद्बोधन में शाला में पूरे वर्ष की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन अमिता केसरवानी और कृष्णा रत्नाकर ने किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं को जिन्होंने खेलकूद में हिस्सा लेकर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया साथ ही जिन बच्चों की पूरे वर्ष शाला में उपस्थिति अच्छी रही और जो बच्चे पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं उन्हें विभिन्न प्रकार के पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया। साथ ही मध्यान्ह भोजन वितरित करने वाली साहिकाओं और सफाई कर्मी को भी उनके सहयोग को ध्यान में रखते हुए शाला प्रधान के द्वारा पुरस्कार दिया गया। इसी तारतम्य में शाला में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छाया जैन, रॉबर्ट मार्टिन, हरीशचन्द्र वर्मा, मोनिका सोनी, पदमा मालवीय, कृष्णा रत्नाकर, पूजा सोनकर, अमिता केसरवानी, मंजुलता सोनी, शबनम कुरेशी, ममता श्रीवास्तव, सीमा तिवारी, रिक्तिका जेकब, वंदना विश्वकर्मा, राधा सोनकर, रश्मि गुप्ता आदि ने कार्यक्रम में अपना योगदान दिया।

संत रविदास मंच ने शांति से जयंती मनाने का दिया संदेश

जबलपुर। संत रविदास विचार मंच के अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी ने बताया कि जबलपुर संस्कारधानी में सामाजिक सदस्यों से जानकारी ली गई, जिसमें सभी ने हर वार्ड, मोहल्ले में संत रविदास जयंती धूमधाम व शांतिपूर्वक मनाने का भरोसा दिलाया। मंच के अध्यक्ष ने प्रशासन से अपील की है कि संत रविदास जयंती पर शराब सेवन, झगड़ा लड़ाई करने वाले असामाजिक तत्वों की कोई सहायता नेता या वकील न करें। मंच के मोहनलाल चौधरी, मुन्नालाल चौधरी, रामकली, लक्ष्मीबाई, कंधीलाल मास्टर, बाबूलाल, शिवनाथ, सियाबाई, रामकली, द्रोपदीबाई, छोटीबाई, प्रेमवती चौधरी, किरनबाई, रेखा, कैलाशबाई सहित अन्य ने प्रशासन से अपील की है कि जयंती कार्यक्रम में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो।

गीत व नाटक के माध्यम से दियाविकसित भारत के लक्ष्य का संदेश

दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी एवं जागरूकता कार्यक्रम का समापन

जबलपुर। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा होम साइंस कॉलेज में लगाई गई दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आज समापन किया गया। इस प्रदर्शनी का विषय था, विकसित भारत @ 2047 स्वच्छ भारत-सुपोषित भारत।

कार्यक्रम को दो चरणों में आयोजित किया गया जिसमें प्रथम चरण में डॉक्टर देवांशु गौतम कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना मुक्त इकाई रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में परिचर्चा व प्रश्नमंच आयोजित की गई, विकसित भारत के विजन पर छात्राओं से संवाद किया जाकर योजनाओं से जुड़े रोचक प्रश्न पूछे गए और उत्तर देने वाली छात्राओं को तुरंत पुरस्कृत भी किया गया। डॉक्टर देवांशु गौतम ने उपस्थित छात्रों से आह्वान किया कि सरकारी योजनाओं का ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाए ताकि हर एक व्यक्ति को इसका लाभ मिल सके। तदोपरांत शासकीय मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने आकर प्रदर्शनी का अवलोकन किया, तत्पश्चात भाषण स्पर्धा भी आयोजित की गई। समापन कार्यक्रम के अवसर पर शासकीय मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय एवं होम साइंस कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

दो कृतियां 'सुमित्र संस्मरण' एवं 'अधरों पर मुस्कान' विमोचित

जबलपुर। डॉ. सुमित्र ने शिक्षा, कला, साहित्य, पत्रकारिता में अप्रतिम योगदान दिया, उनके व्यक्तित्व-कृतित्व के संस्मरण पीढ़ियों को मार्गदर्शित करेंगे। संतोष नेमा द्वारा डॉ. सुमित्र के संस्मरण प्रकाशन का यह कार्य स्तुत्य है। उन्होंने संस्मरण संकलन के साथ अधरों पर मुस्कान दोहा कृति के माध्यम से जीवन-दर्शन और अध्यात्म के विविध पक्षों पर सकारात्मक सृजन किया है। उनका सृजन समाज के लिए प्रेरक प्रभावी सृजन है, तदाशय के उद्गार मंथनश्री एवं पाथेय संस्था के तत्वावधान में आयोजित संतोष नेमा संतोष की दो कृतियां 'सुमित्र संस्मरण' एवं 'अधरों पर मुस्कान' का विमोचन करते हुए अतिथियों ने व्यक्त किए। समारोह के मुख्य अतिथि मदन तिवारी वरिष्ठ समाजसेवी थे, अध्यक्षता आचार्य भगवत दुबे ने की। विशिष्ट अतिथि आचार्य हरिशंकर दुबे, विजय बागरी, गंगा पाठक, अमरेन्द्र नारायण, प्रतुल श्रीवास्तव थे।

वट वृक्ष के नीचे भगवान बटकेश्वर पंच परमेश्वर की प्राण प्रतिष्ठा

जबलपुर। प्रभु कृपा के आशीर्वाद से हमारे द्वारा रोपित वटवृक्ष जो विशाल स्वरूप आज हमारे पूज्य गुरुदेव सुखानंद द्वाराचार स्वामी राघव देवाचार्य महाराज के कुंभ के एक महाकल्प प्रवास के बाद जबलपुर आगमन पर संस्कृत कार्यक्रम भक्ति संध्या के साथ विधि विधान से भगवान बटकेश्वर भगवान पंच परमेश्वर की प्राण प्रतिष्ठा नगर के प्रख्यात शास्त्री दीप नारायण द्वारा वेद मंत्र के साथ विधि-विधान पूर्वक स्थापित किया गया, इस गुरुदेव के कृपा पात्र शिष्य अवधेश यादव द्वारा भव्य आयोजन भक्ति संध्या, सुंदरकांड पाठ आयोजन के साथ भंडारा कार्यक्रम, साथ ही समाज के पंच रतन का सम्मान पूज्य गुरुदेव के मुखारविंद से आशीर्वचन के साथ सामाजिक समरसता के संदेश समरस भारत समृद्ध भारत के साथ सभी का सम्मान किया गया। उक्त अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश गोंटिया, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट जीएस ठाकुर, अजय पटेल पिंटू, इंजीनियर संजय यादव, इंजीनियर अमरीश यादव, लेखा अधिकारी राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी जुगल किशोर यादव, कौशल यादव एवं समाज की राजमिस्त्री का सम्मान पुरुषोत्तम यादव शासकीय अधिवक्ता एडवोकेट हितेंद्र सिंह द्वारा प्राण प्रतिष्ठा आयोजन में मुख्य यजमान बने उत्कल यादव समाज के अध्यक्ष कृष्ण यादव समाज समिति के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी सर्व ब्राह्मण संघ समाज से अध्यक्ष डॉ. अरुण मिश्रा, यदुवंश मिश्रा, अरुण तिवारी, साहू समाज से विमलेश साहू, राजेश साहू, अजय विश्वकर्मा, एडवोकेट विश्वकर्मा उपस्थित हुए।

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का 300 लोगों ने लिया लाभ

जबलपुर। संत रविदास जयंती के पावन पर्व पर मुन्नीलाल अहिरवार एवं साथियों द्वारा 09 फरवरी को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गढ़ाफाटक लाल स्कूल में किया गया। शिविर में डॉ. जितेन्द्र जामदार, डॉ. पवन स्थापक (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. जन्मेजय जामदार, डॉ. अनुश्री जामदार, डॉ. श्रद्धा कार्तिकेय होम्यो चिकित्सा अधिकारी, डॉ. ज्योति त्रिपाठी, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, डॉ. उत्तमचंद कोष्टा, संविदा आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, अखिलेश श्रीवास्तव कम्पाउंडर, आशीष त्रिपाठी, औषधि सेवक, संजय विश्वकर्मा औषधि सेवक उपस्थित रहे। शिविर में मोतियाबिंद का ऑपरेशन नेत्र चिकित्सक डॉ. पवन स्थापक देवजी नेत्रालय द्वारा किया गया एवं निःशुल्क दवाइयों का वितरण कियास गया, जिसमें लगभग 300 लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। शिविर में बालकिशन चौधरी, सुशील अहिरवार, मुन्नीलाल अहिरवार, यमेश चौधरी, लीलाधर आचार्य, सुरेन्द्र राठौर, बबलू ठाकुर, राजू गुप्ता, विश्वदीप पटेरिया, आकाश तिवारी, मोनू अहिरवार, दीपक अहिरवार के साथ अनेक क्षेत्रीयजनों की उपस्थिति रही।

दिल्ली में भाजपा की जीत पर सुहागी में मिष्ठान वितरण किया

जबलपुर। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर विधायक इंदु तिवारी के मार्गदर्शन में सुहागी करमेता मंडल के व्हीकल मोड़ सुहागी पर मिष्ठान वितरण किया गया एवं सभी को जीत की बधाई दी गई। इस अवसर पर सुहागी करमेता भाजपा मंडल अध्यक्ष लखन देवानी, नरेश तिवारी, आशीष तिवारी, एड. संजीत अहिरवार, एड. पप्पी पटेल, लक्ष्मण पाठक, हरिओम जाटव, रमेश सोनी, गुड्डू विश्कर्मा, धर्मेंद्र चढ़ार, भगवानदास ठाकुर, रामशरण पटेल, संजय सोनी, पवन पटेल, संजय साहू, नरेंद्र श्रीवास, लक्की डेंगरे, मोनू मंधान, नितेश सिंह, आजाद चौधरी, बिरसा कनोजिया एव समस्त भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

प्रदेश समृद्धि की ओर अग्रसर होगा :मंत्री लखन पटेल

जबलपुर। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल कटंगी रोड स्थित रॉयल पैलेस में कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभवों के साथ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि पशुपालन व डेयरी विकास के लिए प्रदेश सरकार लगातार बेहतर कार्य कर ही है। पशुपालन व डेयरी से प्रदेश निश्चित ही समृद्धि की ओर अग्रसर होगा। इस दौरान जेएनकेव्हीव्ही के पूर्व छात्रों ने मंत्री श्री पटेल का सम्मान भी किया। सम्मेलन में शामिल होने के बाद मंत्री श्री पटेल ने दमोह के लिए प्रस्थान किया।

मरीजों को घसीटने पर मजबूर परिजन

सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में स्टाफ, स्ट्रेचर व्हील चेयर का टोटा

जबलपुर। सुपरस्पेशलिटी अस्पतालों में मरीजों को जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं मिलना अब भी एक बड़ी चुनौती बन गई है। मेडिकल अस्पताल से लेकर सुपरस्पेशलिटी अस्पताल और न्यूरो सर्जरी एक्सीलेंस अस्पताल तक, मरीजों को स्ट्रेचर और व्हील चेयर जैसी आवश्यक सेवाएं मिलना मुश्किल हो रहा है। इन अस्पतालों में विशेष रूप से ओपीडी से लेकर वार्ड में भर्ती होने तक के दौरान मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान, मरीजों के परिजनों को उन्हें घसीटते हुए अस्पताल के विभिन्न हिस्सों में ले जाना पड़ता है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ जाती है।

वार्ड बाय की कमी और स्टाफ का संकट

सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के भीतर वार्ड बाय की कमी को लेकर अस्पताल प्रशासन लगातार शिकायतें कर रहा है। 4 साल से अस्पताल प्रबंधन राज्य शासन से अतिरिक्त कर्मचारियों की मांग कर रहा है, लेकिन अब तक उनकी संख्या नहीं बढ़ाई गई है। अस्पताल में आउटसोर्सिंग के जरिए कुछ वार्ड बाय की व्यवस्था की गई है, लेकिन यह संख्या मरीजों की बढ़ती संख्या के मुकाबले काफी कम है। इस कारण मरीजों को वार्ड बदलने, शिट करने और सर्जरी के लिए एक से दूसरी जगह ले जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

मरीजों को शिफ्ट करना सबसे बड़ी समस्या

सुपरस्पेशलिटी अस्पतालों में मरीजों की बढ़ती संख्या और कर्मचारियों की कमी के कारण शिफ्ट कराने में सबसे बड़ी समस्या उत्पन्न हो रही है। ओपीडी में जांच के बाद मरीजों को वार्ड में शिफ्ट करने, वार्ड बदलने या फिर अन्य जांचों और सर्जरी के लिए ले जाने में परिजनों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर जब मरीज के साथ कोई बच्चा या बुजुर्ग होता है, तो यह परेशानी और भी बढ़ जाती है। मरीजों को अस्पताल के विभिन्न हिस्सों में ले जाने के दौरान स्ट्रेचर और व्हील चेयर की गंभीर कमी महसूस हो रही है।

संगठन के कार्यों का निष्पादन करना सामूहिक जिम्मेदारी : राकेश सिंह

भाजपा जिला बैठक को वरिष्ठ नेताओं ने किया संबोधित

जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वार संगठन के जो कार्य बताए गए है। उन्हे पूरी जिम्मेदारी से करना ही अपना कार्यकर्ता भाव प्रकट करना होता है, और पार्टी के कार्यक्रमों को पूरा करने का दायित्व सभी का है क्योंकि संगठन के कार्यों का निष्पादन करना सामूहिक जिम्मेदारी होती है, यह बात लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भाजपा जबलपुर महानगर की जिला बैठक में रानीताल स्थित संभागीय कार्यालय में कही।बैठक को संबोधित करते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा पद अस्थाई होते है किंतु कार्यकर्ता का भाव जीवन भर होता है। कार्यकर्ता का मतलब केवल सड़क पर झंडा उठाकर चलने वाला व्यक्ति नही अपितु किसी भी स्थिति में दिए गए कार्य को, दायित्व को निष्ठा से करने वाला कार्यकर्ता होता है। कार्यकर्ता शब्द अपने आप के पवित्र शब्द है और इसकी पवित्रता का भाव सिर्फ भाजपा में आता है। भाजपा ही एक मात्र पार्टी है जहां देश के प्रधानमंत्री भी गर्व से कहते है कि भाजपा का कार्यकर्ता हूं। संगठन पर्व होता है, नए दायित्वों का पुनः नियोजन करने के लिए।

दो हॉट एयर बैलून के बीच बंधी रस्सी पर चले एथलीट, बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कहा जाता है कि जीवन में नाम कमाने के लिए कुछ बड़ा करके दिखाना पड़ता है। जर्मनी के 2 साहसी एथलीट ने इस कहावत को सच कर दिखाया है। इन दोनों ने अपने हैरतअंगेज कारनामे के जरिए उन उचाईयों को छू कर दिखाया, जिन तक पहुंच पाना असंभव होता है। दरअसल, दोनों ने आसमान में उड़ते 2 हॉट एयर बैलून के बीच बंधी रस्सी पर चलकर नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया है।

एथलीट अब तक की सबसे ऊंची स्लैकलाइन पर चले

पिछले साल बनाया गया था यह रिकॉर्ड

इन एथलीट का नाम फ्रीडी कुह्न और लुकास इर्मलर है, जो पहले भी कई विश्व रिकॉर्ड बना चुके हैं। उन्होंने अब तक की सबसे ऊंची स्लैकलाइन वॉक करके गिनीज बुक में अपना नाम शामिल कर लिया है। उन्होंने 8,202 फीट यानि 2,500 मीटर पर 1 मील ऊपर यह रिकॉर्ड बनाया है। यह रिकॉर्ड 9 नवंबर, 2024 को बनाया गया था, लेकिन इसकी आधिकारिक घोषणा 27 जनवरी को की गई थी।



कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा

रिकॉर्ड प्रयास के दौरान जोड़ी को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। लुकास ने सबसे पहले रस्सी पर चलने का प्रयास किया था और दूसरे गुब्बारे तक पहुंचने में सक्षम होने से पहले वह 2 बार स्लैकलाइन से गिर थे। उन्होंने हार्नेस पहना हुआ था, लेकिन दोनों बार उन्हें पहले बैलून तक जा कर फिर से शुरुआत करनी पड़ी थी। लुकास ने अपने प्रयासों के बारे में कहा, विश्व रिकॉर्ड तोड़ने का मुख्य प्रयास मेरे लिए काफी कठिन था।

दोनों एथलीट के नाम दर्ज हैं ये अन्य रिकॉर्ड

रिकॉर्ड के पूरे होने के बाद इस जोड़ी ने एक-दूसरे की सफलता का जश्न मनाया और हॉट एयर बैलून पर मस्ती की। इसके बाद, दोनों पैराशूट की मदद से जमीन पर सफलतापूर्वक उतर गए थे। फ्रीडी ने कहाः यह मेरे जीवन की सबसे आनंददायक और खूबसूरत स्लैकलाइन वॉक थी। इससे पहले 2017 में फ्रीडी हवा में 110 मीटर लंबी लाइन पर चले थे। वहीं, लुकास ने 2019 में 2 किमी लंबी स्लैकलाइन पर चलकर एक रिकॉर्ड कायम किया था।

फ्रीडी के लिए भी चुनौतीपूर्ण था

लुकास के सफलता प्राप्त करने के बाद फ्रीडी ने रस्सी पर चलना शुरू किया। उन्होंने कहा, स्लैकलाइन पर लुकास को संघर्ष करते देखना मेरे लिए बहुत डराने वाला था। फ्रीडी को भी अपने प्रयास के दौरान चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। बदलते मौसम और लगातार हिलते हुए गुब्बारों ने स्लैकलाइन के पार जाने के उनके प्रयासों को प्रभावित किया। फ्रीडी ने बताया कि बैलून केवल आगे-पीछे ही नहीं, बल्कि ऊपर-नीचे भी हो रहे थे।

'वर्ल्ड बुक फेयर' जैसे आयोजन जनोपयोगीः आचार्य बालकृष्ण

पतंजलि ने योग-आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाई

वर्ल्ड हर्बल इन्साइक्लोपीडिया तथा सौमित्रेयनिदानम् आयुर्वेद के महाग्रंथ : आचार्य बालकृष्ण

पतंजलि के स्वदेशी उत्पाद गुणवत्ता व शुद्धता के सभी मापदण्डों पर खरे, हमारे लिए देश व्यापार नहीं, परिवार हैः आचार्य बालकृष्ण

पतंजलि ने योग, आयुर्वेद, अनुसंधान, शिक्षा, चिकत्सा व प्रेरणादायक आध्यात्मिक पुस्तकों व ग्रंन्थों का किया प्रकाशन

नई दिल्ली। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन) के तत्वाधान में भारत मण्डपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड बुक फेयर में पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि 'वर्ल्ड बुक फेयर' जैसे आयोजन जनोपयोगी हैं जिनमें विश्वस्तरीय ज्ञानपरक साहित्य सुलभ हो पाता है। उन्होंने कहा कि पतंजलि ने योग-आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाई है।

योग के विषय में आचार्य जी ने कहा कि गौरव की बात है कि योग की स्वीकार्यता आज पूरे विश्व में हो गई है। पूरे विश्व में विभिन्न भाषा-भाषी लोग समान रूप से किसी शब्द के अर्थ को जानता है तो वह योग है। योग के व्यापक गहन अर्थ को न भी जानते हों तो वह इतना तो जानते हैं कि यह कुछ ब्रिदिंग एक्सरसाइज, फिजिकल एक्सरसाइज, कुछ आसन, प्राणायाम के विषय में है।

आयुर्वेद के संदर्भ में उन्होंने कहा कि आयुर्वेद को आयुर्वेद के रूप में स्थापित करने के लिए वैश्विक स्तर पर जो कार्य होना चाहिए था, वस्तुतः वह नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद अपने आप में सम्पूर्ण विज्ञान है। आयुर्वेद स्वतंत्र है तथा इसकी किसी से प्रतिस्पर्धा नहीं है। उन्होंने कहा कि दैनन्दिन जीवन में एलोपैथी सिंथेटिक औषधी के रूप में है। आयुर्वेद हमारे जीवन में रचा-बसा है जबकि एलोपैथी मजबूरी है।

आयुर्वेद स्वतंत्र है, इसकी किसी से प्रतिस्पर्धा नहींः आचार्य बालकृष्ण

आयुर्वेद को यदि औषधि विज्ञान या जड़ी-बूटी के रूप में व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें तो इसके लिए और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद हमें सिखाता है कि हमें प्रकृति के अनुरूप पदार्थों का उपयोग करते हुए प्रकृति के अनुकूल जीवन यापन का प्रयास करना चाहिए।

आचार्य जी ने बताया कि पतंजलि ने वर्ल्ड हर्बल इंसाइक्लोपीडिया के रूप में एक महाग्रंथ का प्रकाशन किया है जिसमें 32 हजार औषधीय पौधों का सचित्र वर्णन है। इससे पहले केवल 12 हजार औषधीय पौधों की जानकारी ही उपलब्ध थी। इसके अतिरिक्त हमने आयुर्वेद आधारित पुस्तक सौमित्रेयनिदानम् का प्रकाशन किया जिसके द्वारा हमने संसार में पनप रहे नए रोग, नए विकार, नई व्याधियों का नवायुगाचार के अनुरूप स्वरूप, लक्षण व निदान सचित्र प्रस्तुत कर एक चूनौतिपूर्ण कार्य किया है। इसमें शरीर संरचना के आधार पर 14 खण्डों में विभाजित करते हुए 6821 श्लोकों में 471 मुख्य व्याधियों सहित लगभग 500 व्याधियों का सचित्र वर्णन किया गया है। साथ ही ग्रन्थ के माध्यम से आयुर्वेद की परम्परा में प्रथम बार 2500 से भी अधिक चिकित्सकीय अवस्थाओं का वर्णन किया गया है।

उन्होंने कहा कि पतंजलि के उत्पाद इस दृष्टि से निर्मित किए जाते हैं कि उनका उपभोग हमारा परिवार कर रहा है। इसीलिए हमारे उत्पादों की गुणवत्ता व शुद्धता के सभी मापदण्डों पर खरे रहते हैं। हमारे लिए देश व्यापार नहीं, परिवार है। उन्होंने सभी उत्पादक कम्पनियों से आह्वान किया कि जो भी उत्पाद बनाएँ अपने परिवार को ध्यान में रखते हुए बनाएँ। आचार्यजी ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप स्वयं या देश के लिए जो भी कार्य कर रहे हैं वह केवल आज के लिए न करें, अपितु यह सोचकर करें कि उस कार्य का लाभ उन्हें भविष्य में किस प्रकार मिल सकता है।

आचार्य जी ने कहा कि हमने पतंजलि के माध्यम से योग, आयुर्वेद, शिक्षा, चिकित्सा, अनुसंधान, प्राचीन पाण्डुलिपि आधारित ग्रंथ तथा प्रेरणादायक आध्यात्कि पुस्तकों का प्रकाशन किया है। साथ ही भारतीय शिक्षा बोर्ड के अन्तर्गत स्वदेशी शिक्षा व्यवस्था की नींव रखते हुए कक्षा-1 से कक्षा-10 तक के पाठ्यक्रम का प्रकाशन भी किया जा रहा है।

ये हैं नीलामी में बिकने वाली सबसे महंगी गाड़ियां, कीमत जानकर रह जाएंगे हैरान

नई दिल्ली। गाड़ियां ज्यादातर लोगों के लिए महज यात्रा का साधन होती हैं, लेकिन कुछ लोग इन्हें संग्रहित करने का शौक रखते हैं। ऐसे लोगों को पुरानी या दुर्लभ गाड़ियां खरीदना पसंद होता है और वे इनके लिए करोड़ों की कीमत चुकाने से भी पीछे नहीं हटते हैं। आइए नीलामी में बिकने वाली 5 सबसे महंगी गाड़ियों की सूची पर नजर डालते हैं। इन सभी गाड़ियों की कीमत सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे।

1955 मर्सिडीज बेंज 300 एसएलआर उहलेनहॉट कूपे

1955 मर्सिडीज बेंज 300 **SLR** उहलेनहॉट कूपे नीलामी में बिकने वाली दुनिया की सबसे महंगी गाड़ी है। इस गाड़ी के केवल 2 मॉडल बनाए गए थे, जिनका नाम इसके डिजाइनर रुडोल्फ उहलेनहॉट के नाम पर रखा गया था। एक को मर्सिडीज के कॉर्पोरेट संग्रहालय में प्रदर्शित किया गया है और दूसरे मॉडल को 2022 में नीलामी किया गया था। इसकी कीमत 12 अरब रुपये से अधिक लगी थी। इसके जरिए फैंगियो और मॉस जैसे ड्राइवरों ने 5 रेस जीती थीं।

स्कैग्लिएटी की 1962 फेरारी 250 जीटीओ 3413 जीटी

स्कैग्लिएटी की 1962 फेरारी 250 जीटीओ का 3413 जीटी मॉडल इस सूची में चौथा स्थान रखता है। इस गाड़ी को 2018 में आरएम सोथबी नामक नीलामी घर ने नीलाम किया था। इस गाड़ी का नंबर 23 है और यह फेरारी 250 जीटीओ का तीसरा मॉडल है। नीलामी के दौरान इस गाड़ी को 4.23 अरब रुपये की भारी कीमत पर बेचा गया था। इसे स्कैग्लिएटी नामक कोचवर्क कंपनी ने अपग्रेड भी किया था।

स्कैग्लिएटी की 1962 फेरारी 250 जीटीओ

स्कैग्लिएटी की 1962 फेरारी 250 जीटीओ नीलामी में बिकने वाली तीसरी सबसे महंगी गाड़ी है। यह एकमात्र जीटीओ मॉडल थी, जिसे स्कुडेरिया फेरारी ने अपने स्पोर्ट्स कार प्रयासों के दौरान चलाया था। यह गाड़ी फेरारी क्लब ऑफ अमेरिका के अध्यक्ष के स्वामित्व में थी, जिसे 2023 में नीलाम किया गया। नीलामी में इस कार की कीमत 4.52 अरब रुपये लगी थी। इस गाड़ी का नंबर 7 है और इसने कई रेसरों को जीत दिलाने में योगदान दिया था।

1954 मर्सिडीज डब्ल्यू 196 आर स्ट्रीमलाइनर

अब तक की सबसे महंगी फॉर्मूला 1 कार ही अब तक नीलाम हुई दूसरी सबसे महंगी कार भी है। इस गाड़ी का नाम है मर्सिडीज डब्ल्यू 196 आर स्ट्रीमलाइनर, जिसे फरवरी 2025 में बेचा गया था। इसे 4.82 अरब रुपये की भारी कीमत पर बेचा गया है। यह स्ट्रीमलाइनर बेचा जाने वाला पहला और बिक्री के लिए जाने वाला दूसरा डब्ल्यू 196 आर मॉडल था। इस गाड़ी को इंडियानापोलिस मोटर स्पीडवे संग्रहालय में लगभग 60 सालों तक प्रदर्शित किया गया था।

रिश्वत लेते रक्षा मंत्रालय के ऑडिटर समेत तीन गिरफ्तार 8 लाख रुपए लेते पकड़ाए

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने रक्षा मंत्रालय के प्रधान नियंत्रक रक्षा लेखा कार्यालय में तैनात एक वरिष्ठ ऑडिटर और दो निजी व्यक्तियों को 8 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए दो अन्य आरोपी एक प्राइवेट डिफेंस सप्लायर और उसके कर्मचारी हैं। सीबीआई ने 7 फरवरी को इस मामले में केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता खुद भी एक डिफेंस सप्लायर है। सीबीआई इस मामले में गहराई से जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस भ्रष्टाचार में और कौन-कौन शामिल हो सकता है। रक्षा क्षेत्र में इस तरह की रिश्वतखोरी से जुड़ा यह मामला बड़ा झटका माना जा रहा है।

भुगतान के बदले मांगी गई रिश्वत

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि वरिष्ठ ऑडिटर और एक प्राइवेट डिफेंस सप्लायर ने उसके पहले से मंजूर हो चुके बिलों के भुगतान के बदले 10 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। इतना ही नहीं, आरोपी ऑडिटर ने यह धमकी भी दी थी कि अगर रिश्वत नहीं दी गई, तो भविष्य में उसके और बिलों का भुगतान अटका दिया जाएगा। बाद में आरोपी अधिकारी ने 10 लाख की जगह 8 लाख रुपये की पहली किस्त लेने की सहमति दी और शिकायतकर्ता को यह रकम एक प्राइवेट डिफेंस सप्लायर के कर्मचारी को देने को कहा।

सीबीआई का जाल, रंगे हाथों पकड़े गए आरोपी

सीबीआई ने इस मामले में जाल बिछाया और जैसे ही आरोपी कर्मचारी शिकायतकर्ता से 8 लाख रुपये की रिश्वत ले रहा था, उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। इसके बाद सीबीआई ने आरोपी निजी कंपनी के मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान सीबीआई को पता चला कि आरोपी सरकारी अधिकारी रक्षा मंत्रालय के प्रधान नियंत्रक रक्षा लेखा, रक्षा कार्यालय परिसर, नई दिल्ली में वरिष्ठ ऑडिटर के पद पर तैनात है, उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

माली में बंदूकधारियों ने 25 नागरिक को मार डाला

एजेंसीःबमाको (माली)। माली की सेना की निगरानी में जा रहे वाहनों के एक काफिले पर बंदूकधारियों ने हमला कर दिया, जिसमें 25 नागरिक मारे गए। एक सैन्य प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि मरने वालों में अधिकतर सोने की खदान में काम करने वाले खनिक थे। यह हमला शुक्रवार को देश के उत्तर-पूर्व में स्थित सबसे बड़े शहर गाओ से लगभग 30 किलोमीटर दूर हुआ, जहां सत्तारूढ़ जुंटा के विरोधी सशस्त्र समूह सक्रिय हैं। यह इस वर्ष नागरिकों पर किया गया सबसे घातक हमला था। सेना के प्रवक्ता कर्नल मेजर सौलेमेन डेम्बेले ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि हमलावरों ने सेना द्वारा संचालित लगभग 60 वाहनों के काफिले को निशाना बनाया। सैनिकों ने पीड़ितों की सहायता की और 13 घायलों को गाओ अस्पताल पहुंचाया।

आवश्यकता

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐं - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐं, फन्ड + बोनस- 09034329258 (रायपुर /09 /फरवरी25)

आवश्यकता है- पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898 (रायपुर /21 /फरवरी25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

राशिफल

मेष — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

वृष — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

मिथुन — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

कर्क — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

सिंह — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

कन्या — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे

तुला — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

वृश्चिक — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

धनु — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

मकर — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

मीन — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

बजरंग दल ने राहुल गांधी के बयान को लेकर दर्ज कराई एफआईआर

एजेंसी ▶▶| झारसुगुड़ा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ झारसुगुड़ा पुलिस ने "राष्ट्रविरोधी" बयान देने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को भाजपा, उसकी युवा शाखा, आरएसएस, बजरंग दल और झारसुगुड़ा जिले के अन्य सदस्यों द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज कराई गई। शिकायत के आधार पर यह एफआईआर दर्ज की गई। झारसुगुड़ा एसपी परमार स्मित पुरुषोत्तमदास ने बताया कि इस संबंध में कल उत्तरी रेंज के आईजी हिमांशु लाल के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के अनुसार, राहुल गांधी जानबूझकर राष्ट्रविरोधी बयान दे रहे हैं, जिससे हर भारतीय नागरिक आहत है। आईजीपी ने एसपी परमार स्मित पुरुषोत्तमदास को मामले की जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसपी के निर्देशानुसार, झारसुगुड़ा थाने में राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

अमेरिका की हमास को चेतावनी सभी बंधकों को तुरंत रिहा करो

नई दिल्ली। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने हमास के बंधकों को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मांग को दोहराते हुए कहा कि हमास सभी बंधकों को तुरंत रिहा कर दे। रुबियो ने व्हाइट हाउस की एक पोस्ट का उल्लेख करते हुए कहा, 'राष्ट्रपति एकदम स्पष्ट थे। हमास को अब सभी बंधकों को रिहा करना होगा!' जानकारों का कहना है कि अमेरिका अब इस मामले में बहुत गंभीर है। बता दें कि 19 जनवरी को इजरायल और हमास के बीच संघर्षविराम शुरू होने के बाद से यह पांचवीं अदला-बदली है, जिसमें बंधकों को बदल दिया गया है।

तीन बंधकों को हमास ने सौंपा

इजरायल ने घोषणा की कि गाजा पट्टी में संघर्षविराम के तहत हमास की ओर से रिहा किए गए तीन इजरायली बंधक उनकी सेना को मिल गए हैं। इजरायल को भी दर्जनों फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करना है। हमास ने तीनों बंधकों को शनिवार को गाजा में रेड क्रॉस को सौंप दिया। हमास ने एली शरबी, ओहद बेन अमी और ओर लेवी को 7 अक्टूबर 2023 को किए गए हमले में बंधक बना लिया था।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

शब्द पहेली - 5774



बाएँ से दाए
1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,खाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी-2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

ऊपर से नीचे
1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टौंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

शब्द पहेली- 5773 का हल

■	स	र	ग	ना	■	आ	म	रा	य	■
फि	■	न	ज	ला	■	फि	क	र	■	त
त	ल	■	ल	य	■	स	र	■	ला	ल
र	ह	ना	■	क	हा	र	■	ज	ल	वा
त	र	सा	ना	■	ति	■	ज	ल	च	र
■	■	■	र	ह	म	दि	ल	■	■	■
ब	ग	दा	द	■	ता	■	न	ज	रा	ना
र	म	ल	■	स	ई	स	■	प	ह	रा
ग	ला	■	स	दा	■	ल	स	■	त	य
द	■	ग	ली	चा	■	वा	न	र	■	ण
■	का	श्त	का	र	■	र	म	जा	न	■

सूडोकु नवताल - 5784

★★★★☆ मध्यम

		5			3			
	2			9	5			
9						6		
			9				3	5
	6						7	
4	8				1			
		7						3
			2	4			9	
			8			2		

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 5783 का हल

2	7	6	4	9	5	8	1	3
5	8	1	7	2	3	9	6	4
9	3	4	8	1	6	2	5	7
6	5	9	2	4	8	3	7	1
8	4	7	9	3	1	6	2	5
1	2	3	5	6	7	4	9	8
3	6	5	1	8	2	7	4	9
7	9	2	3	5	4	1	8	6
4	1	8	6	7	9	5	3	2

'सनम तेरी कसम' ने तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड

नई दिल्ली। कुछ फिल्में री-रिलीज के दौरान अच्छा प्रदर्शन भी कर रही हैं। इस साल 'सनम तेरी कसम' पर दर्शक टूट पड़े हैं। मूल रूप से साल 2016 में रिलीज हुई इस फिल्म ने तब टोटल कमाई जितनी की थी, उतनी री-रिलीज के दौरान सिर्फ दो दिनों में कर डाली है। सनम तेरी कसम को 7 फरवरी को सिनेमाघरों में एक बार फिर रिलीज किया गया। पहले दिन इसने करीब चार करोड़ रुपए का कारोबार किया। दूसरे दिन इसने करीब पांच करोड़ रुपए का कारोबार किया है। रिपोर्ट के मुताबिक दो दिनों में फिल्म की कमाई करीब 9.50 करोड़ रुपए रही है। यह इसके ऑरिजनल लाइफटाइम कलेक्शन से ज्यादा है।

लाइफ Style

प्राजक्ता

माता-पिता को तोड़नी पड़ी थी उनकी गुल्लक

अभिनेत्री और यूट्यूबर प्राजक्ता कोली ने अपने बचपन की एक इमोशनल याद साझा की है। उन्होंने बताया कि एक बार उनके माता-पिता ने उनकी गुल्लक तोड़ी है। उन्होंने कहा कि पैसों की कमी के कारण माता पिता ने उनकी गुल्लक फोड़ी थी। हालांकि, उस दौरान वे छोटी बच्ची थीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्राजक्ता ने कहा, मुझे याद है जब मैं 12 साल की थी, मैं अपने स्कूल या ट्यूशन से घर आई और मम्मी पापा ने मुझे प्यार से बैठाया। मुझे याद है उन्होंने कहा, 'आबू, हम इस महीने थोड़ा संघर्ष कर रहे हैं। इसलिए हमें आपका गुल्लक तोड़ना होगा।' मैंने कहा, 'ठीक है'। उन्होंने कहा, 'कोई बात नहीं, हम आपके लिए एक नया गुल्लक लाएंगे।' प्राजक्ता के पिता मनोज कोली ने कहा, 'हां...उस समय मैं एक मल्टी-लेवल मार्केटिंग कंपनी में काम कर रहा था। उस समय भारत में एक नया चलन था। उस समय, 1999-2000 में, मैंने उस कंपनी में बहुत सारा पैसा लगाया, लगभग 11 लाख, मेरी सारी बचत और कंपनी दिवालिया हो गई। उसके बाद मैं खाली हो गया...उस समय मैंने टैक्सी चलाई, कुछ भी काम नहीं कर रहा था, मेरे पास घर के महीने भर के खर्च के लिए पैसे नहीं थे। मैंने रिश्तेदारों और दोस्तों से मदद लेने की पूरी कोशिश की, लेकिन नहीं मिली। मेरा आखिरी विकल्प अपना गुल्लक तोड़ना था और उस पैसे से हमें उस महीने के खर्च में मदद मिली। मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि हम प्राजक्ता के सहयोग से अपने परिवार को चलाने में मदद की शुरुआत तब से हुई।'

हॉलीवुड मसाला

'जुरासिक वर्ल्ड...' का ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जो काफी धमाकेदार है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि डायनासोर का धरती पर अंत होने वाला है। अब इंसानी जीवन को बचाने के लिए जिंदा डायनासोर के डीएनए की जरूरत है। इसे निकालने के लिए स्कारलेट जॉनसन और टीम के पास आखिरी मौका है। यह फिल्म 2 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी। साल 2022 में 'जुरासिक वर्ल्ड: डोमिनियन' में हुई घटनाओं के पांच साल बाद की कहानी 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' में दिखाई गई है।

एड शीरन को परफॉर्म करते हुए पुलिस ने रोका

मुंबई। एड शीरन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें पुलिस उनका माइक बंद करते हुए दिख रही है। ये वीडियो देख फैंस भड़क गए। उनका कहना है कि ये निराशानजनक है। बता दें कि एड शीरन का बेंगलुरु में लाइव कॉन्सर्ट है। इससे पहले उन्होंने स्ट्रीट पर जैमिंग की। ब्रिटिश सिंगर एड शीरन इस वक्त भारत में हैं। 'शेप ऑफ यू' और 'परफेक्ट' जैसे गानों के लिए फेमस सिंगर के कुछ वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वो बेंगलुरु के चर्च स्ट्रीट पर अचानक एक जैमिंग सेशन में शामिल हुए। उन्होंने गान शुरू किया, पर तुरंत ही वहां पुलिस आ गई और माइक बंद कर दिया, प्रोग्राम रोक दिया। ये वीडियो देख सिंगर के फैंस भड़क रहे हैं और पुलिस के इस रवैये को गलत बता रहे हैं।

मेहंदी लिखवाया कुछ ऐसा कि हो गया विवाद

मुंबई। सारा अली खान अभी सिंगल हैं। 29 साल की एक्ट्रेस ने अपने पुराने इंटरव्यूज में कहा है कि वह 31-31 साल तक शादी करना चाहेंगी और दो बच्चों की मां भी बनेंगी। हालांकि, अभी उसमें वक्त है। मगर उसके पहले इन्होंने कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिसे देख हर कोई हैरान रह गया। लोगों को लगा कि एक्ट्रेस की शादी हो गई है। वह जिस तरह से सजी-धजी नजर आईं, उसमें वह एकदम नई-नवेली दुल्हन लग रही हैं। हालांकि, कुछ की नजर उनकी मेहंदी पर अटक गई। फोटोज में सारा अली खान के हाथों में मेहंदी भी रची हुई है। जिसे उन्होंने फ्लॉन्ट किया है। इसमें बाएं हाथ पर त्रिशूल और ओम लिखा हुआ है। वहीं, दाहिने हाथ पर 'जय भोलेनाथ' लिखा हुआ है। एक ने लिखा, 'हाथ पर भगवान की फोटो नहीं होना चाहिए। ये गलत है।

अल्लू को नहीं पसंद बॉलीवुड शब्द...

मुंबई। अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा-2 द रूल' की कमाई को आसमान की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में हिंदी फैंस का भी हाथ रहा है। क्योंकि, फिल्म के तमिल वर्जन के बाद सबसे ज्यादा कमाई हिंदी वर्जन ने ही की थी। सिनेमाघरों में रिकॉर्ड तोड़ कमाई करने के बाद अब अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा-2' नेटफ्लिक्स पर जलवा दिखा रही है। फिल्म की तमिल वर्जन के बाद सबसे शानदार कमाई हिंदी वर्जन से ही हुई थी। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि अल्लू अर्जुन को बॉलीवुड शब्द ही पसंद नहीं है। इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि वह उत्तर भारत की फिल्म इंडस्ट्री से नफरत करते हैं। असल में उन्होंने एक इवेंट में बताया कि उन्हें 'बॉलीवुड' शब्द नहीं पसंद, इसकी जगह वह 'हिंदी सिनेमा' कहना पसंद करते हैं।

टीवी मसाला

कपिल शर्मा के बचाव में आए राजीव ठाकुर

नई दिल्ली। कॉमेडियन राजीव ठाकुर कपिल शर्मा के व्यवहार पर लगातार उठते सवालों पर उनके बचाव में आए हैं। उन्होंने कहा कि अगर मैं भी उनके जितना प्रसिद्ध हो गया तो शायद मैं भी चिढ़ जाऊं, वह बहुत दबाव में हैं और लोग इसे नहीं समझते। अभिनेता और कॉमेडियन कपिल शर्मा पर अक्सर रूड होने का आरोप लगता है। कपिल शर्मा का सुनील ग्रोवर के साथ विवाद भी हो चुका है। इसके बाद कपिल के पिछले कॉमेडी शो में अहम भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री उपासना सिंह ने एक बार बताया था कि वह इतने व्यस्त हो गए थे कि उनका ठीक से अभिवादन भी नहीं कर पाए। अब कॉमेडियन राजीव ठाकुर, कपिल शर्मा के बचाव में आए हैं। राजीव ने इस बात पर जोर दिया कि कपिल किस तरह के दबाव से जूझ रहे हैं। उन्होंने कपिल और सुनील के बीच बहुत चर्चित लड़ाई के बारे में भी बात की। अब वे कपिल शर्मा के साथ फिर से द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो में नजर आ रहे हैं। राजीव ठाकुर ने कहा, राजीव ने कहा, 'वह बहुत दबाव में हैं और लोग इसे नहीं समझते। 2 से 2.5 घंटे की स्क्रिप्ट कौन याद रख सकता है? उन्होंने कभी भी कोई गलती नहीं की, एक बार भी नहीं। वह अपनी हर एंट्री में दम भर देते हैं। परफॉर्म करने के अलावा, उन्हें मेहमानों का स्वागत करना पड़ता है, उन्हें सहज महसूस कराना पड़ता है और चैनल की क्रिएटिव टीम के साथ बैठकर शो पर काम करना पड़ता है। उन्होंने कहा, 'अगर शो 10-12 सालों से सफलतापूर्वक चल रहा है, तो यह उनके प्रयास और कड़ी मेहनत की वजह से है। यह अहंकार की बात नहीं है।

सास-बहू धारावाहिकों के बजाय, इन पाक ड्रामा के दीवाने हो रहे भारतीय

नई दिल्ली। हर कोई आजकल कुछ नए कंटेट की तलाश में रहता है, इसलिए भारतीय अब पुरानी कहानियों पर आधारित कहानियों को छोड़

पाकिस्तानी ड्रामा की ओर रूख कर रहे हैं, जिसमें उन्हें प्यार, सस्पेंस और तहजीब युक्त कहानियां मिल रही हैं। कुछ धारावाहिकों ने तो लोगों के दिलों में बहुत गहरी जगह बना ली है। हुमायूं सईद, आईजा खान और अदनान सिद्दकी 'मेरे पास तुम हो' धारावाहिक में मुख्य भूमिका में हैं। यह सीरियल पाकिस्तान के बेस्ट ड्रामा में से एक है। इसमें प्यार और दर्द की कहानी को थोड़ा हटकर दिखाया गया, जिसने लोगों के दिल को छू लिया था। यह ड्रामा 2019 में आया था। पाकिस्तानी शोज की बात की जाती है तो 'तेर बिन' को पहले नंबर पर रखा जाता है।

राज कपूर के लेकर शाहरुख खान तक ये हैं हिंदी सिनेमा के रोमांटिक हीरो...

मुंबई। वैलेंटाइन वीक के खास मौके पर हिंदी सिनेमा के उन अभिनेताओं की याद आती है, जिन्होंने अपने अभिनय और आकर्षण से दर्शकों के दिलों में एक स्थायी जगह बनाई है। रोमांटिक हीरो की भूमिका निभाने वाले इन अभिनेताओं ने अपने अंदाज और मासूमियत से न सिर्फ सिनेमा जगत को, बल्कि दर्शकों पर भी गहरी छाप छोड़ी। आइए जानते हैं कुछ ऐसे प्रमुख रोमांटिक हीरो के बारे में जिन्होंने हिंदी सिनेमा में खास मुकाम हासिल किया।

दिलीप कुमार : दिलीप कुमार हिंदी सिनेमा के बड़े सुपरस्टार थे। पर्दे पर वह भी रोमांटिक अंदाज दिखा चुके हैं। 'मुगल-ए-आजम' और 'नया दौर' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी ने उन्हें रोमांटिक हीरो की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। उनके अभिनय को आज भी याद किया जाता है।

राज कपूर : राज कपूर अपनी रोमांटिक किरदारों की वजह से खूब मशहूर हुए। उनकी फिल्में 'आवारा' और 'श्री 420' में रोमांस और सामाजिक संदेशों का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला। वह अपने समय के सबसे बड़े रोमांटिक नायक थे, जिनकी फिल्मों में प्यार के अलावा जीवन के गहरे मायने भी नजर आते थे।

राजेश खन्ना : राजेश खन्ना के बिना ये सूची

अधूरी है। अपने रोमांटिक अंदाज से उन्होंने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। बड़ी संख्या महिलाएं उन्हें पसंद करती थीं। 'अराधना' और 'सच्चा झूठा' समेत दर्जनों फिल्मों में वह अपने रोमांस का जादू बड़े पर्दे पर चलाते नजर आए।

देव आनंद : देव आनंद का नाम आते ही रोमांस, दिलकश अंदाज और आकर्षक छवि सामने आ जाती है। बड़े पर्दे पर वह कई फिल्मों में रोमांटिक किरदार निभा चुके हैं। करियर के पीक पर देव आनंद की महिला प्रशंसक काफी ज्यादा हुआ करती थीं।

ऋषि कपूर : भारतीय सिनेमा के रोमांटिक अभिनेताओं में ऋषि कपूर का नाम भी शामिल है। अपनी पहले ही फिल्म 'बॉबी' से उन्होंने धमाल मचा दिया था। 'चांदनी' और 'बोल राधा बोल' जैसी फिल्मों में उन्होंने अपनी नटखट और आकर्षक भूमिका से रोमांस की दुनिया में अपना एक विशेष स्थान बनाया। उनकी मुस्कान और मासूमियत दर्शकों को दिलों में बसा हुआ है।

शाहरुख खान : शाहरुख खान को रोमांटिक फिल्मों का 'किंग' कहा जाता है। 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और 'कुछ कुछ होता है' जैसी फिल्मों में उनकी रोमांटिक भूमिकाएं देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी लोकप्रिय बना दिया। उनके अभिनय में जो सहजता और प्यार की भावना दिखती है, वह उन्हें आज भी दर्शकों का पसंदीदा बनाती है।

सलमान खान : सलमान खान ने रोमांटिक फिल्मों में अपनी अनूठी पहचान बनाई है। 'मैंने प्यार किया' और 'हम दिल दे चुके सनम' जैसी फिल्मों में उनका रोमांटिक अंदाज आज भी दर्शकों के दिलों में बसा हुआ है।

'आई एम नॉट एन एक्टर' का ट्रेलर रिलीज...

मुंबई। अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी की आगामी फिल्म 'आई एम नॉट एन एक्टर' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर मार्च में कैलिफोर्निया में 'सिनेक्वेस्ट फिल्म फेस्टिवल 2025' में होने वाला है। फिल्म के निर्देशक ने इंस्टाग्राम पर ट्रेलर साझा करते हुए इस फिल्म को कलाकारों के लिए प्रशंसा बताया। उन्होंने लिखा, 'एक्टिंग की कला और क्राफ्ट के लिए एक प्रशंसा साथ ही, एक अभिनेता के जीवन के लिए भी।' आदित्य कृपलानी द्वारा निर्देशित यह हिंदी-अंग्रेजी ड्रामा पूरी तरह से मुंबई अभिनेता की कहानी है, जो वीडियो कॉल के माध्यम से एक रिटायर्ड, उदास फ्रैंकफर्ट बैंकर को सलाह देता है। नवाजुद्दीन को आखिरी बार फिल्म 'रौतू का राज' में नारायणी शास्त्री, राजेश कुमार और अतुल तिवारी के साथ मुख्य

भूमिकाओं में देखा गया था। अब वह इस फिल्म में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा अभिनेता मैडॉक फिल्म्स की हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की आगामी फिल्म 'थामा' में आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना के साथ नजर आने वाले हैं।

वैलेंटाइन वीक में देखा जा सकता है कुछ बढ़िया लव स्टोरी फिल्में

हिंदी सिनेमा की सुपरहिट प्रेम कहानियां, जो आज भी हैं यादगार

नई दिल्ली। फरवरी का महीना! सर्दियों की विदाई और गर्मियों की आमद वाले इस मौसम को गुलाबी मौसम कहा जाता है। इसी में पड़ता है वैलेंटाइन वीक। सात दिनों में प्रेम दीवाने प्यार को जी लेने को उतावले रहते हैं। अब जब कथित मोहब्बत वाला महीना चल ही रहा है तो क्यों न सिनेमा की दुनिया की कुछ बढ़िया लव स्टोरी फिल्मों का भी जिक्र किया जाए।

'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' (1995) : बॉलीवुड की लव स्टोरी फिल्मों का जिक्र हो और 'दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का जिक्र न हो, ऐसा कैसे हो सकता है भला? हिंदी सिनेमा के रोमांस किंग और काजोल की जोड़ी वाली यह फिल्म ब्लॉकस्टर साबित हुई। 90 के दशक की इस फिल्म को आज भी दर्शक उतनी ही दिलचस्पी से देखते हैं।

'हम दिल दे चुके सनम' (1999) : सलमान खान और ऐश्वर्या राय की जोड़ी इस फिल्म में नजर आई। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी इस फिल्म का सेट, कहानी और स्टारकास्ट से लेकर म्यूजिक तक, सबकुछ नंबर वन रहा। सलमान और ऐश्वर्या की जोड़ी को पसंद करने वाले दर्शकों को लिए तो यह एक धरोहर सरीखी है। फिल्म में दोनों के बीच रोमांस देखने को मिला।

मोहब्बतें (2000) : आदित्य चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म के टाइटल की तरह ही इसमें प्यार वाले इमोशंस हैं। इसमें अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय अहम रोल में हैं। इनके अलावा उदय चोपड़ा, जुगल हंसराज, जिमी शेरगिल, शमिता शेट्टी, किम शर्मा और प्रीति झिंगियानी जैसे सितारे हैं। दो पीढ़ियों के वैचारिक अंतर को भी फिल्म में बखूबी दिखाया गया है।

देवदास (2002) : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी यह फिल्म शरतचंद्र चटोपाध्याय के

उपन्यास 'देवदास' पर आधारित है। इसमें शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षित लीड रोल में हैं। इसमें देव और पारो की प्रेम कहानी को दिखाया गया है। इससे पहले 1936 मे 'देवदास' बन चुकी है। 1936 की फिल्म कुंदनलाल सहगल द्वारा अभिनीत थी, जबकी 1955 मे रिलीज हुई 'देवदास' मे दिलीप कुमार ने लीड रोल किया था।

वीर जारा (2004) : यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शाहरुख खान और प्रीति जिंटा लीड रोल में हैं। दो अलग-अलग मुल्कों के लोगों के बीच प्यार करने वालों की स्थिति को मार्मिक तरीके से दिखाया गया है। फिल्म में भारतीय पायलट वीर (शाहरुख खान) को पाकिस्तानी लड़की जारा (प्रीति जिंटा) से मोहब्बत हो जाती है। वीर को जब पाकिस्तानी जेल में बंदी बनाया जाता है, तो जारा उसे मृत मान लेती है और भारत आकर उसके गांव के लोगों की सेवा करती है। 22 साल बाद सामया सिद्दीकी (रानी मुखर्जी) वीर का केस लड़ती है। जारा को सच्चाई पता चलती है।

जब वी मेट (2007) : शाहिद कपूर और करीना कपूर अभिनीत और इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी इस फिल्म का जवाब नहीं। यह ऐसी फिल्म है, जिसके दूसरे पार्ट का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और अक्सर इम्तियाज अली से सीक्वल बनाने की गुजारिश करते हैं। करीना कपूर ने चुलबुली गीत का किरदार अदा किया है। फिल्म के गाने भी धमाल हैं। फिल्म की कहानी आदित्य (शाहिद कपूर) और गीत (करीना कपूर) की है। एक बिजनेसमैन का बेटा आदित्य बेवजह ट्रेन में चढ़ जाता है और खुदकुशी करना चाहता है। ट्रेन में उसकी मुलाकात जिंदादिल गीत से होती है। आदित्य को जिंदगी के प्रति नया नजरिया मिलता है।

रॉकस्टार (2011) : रणबीर कपूर, नरगिस फाखरी, अदिति राव हैदरी जैसे सितारों से सजी यह फिल्म भी इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी। फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान ने रचा। इस रोमांटिक फिल्म ने फैंस को खूब दीवाना बनाया। बीते वर्ष इसे एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। फिल्म की कहानी प्यार और संगीत की है। कहानी उस बात को आधार देती है कि दिल में दर्द हो तो कला और खूबसूरत होकर उभरती है। कुछ ऐसा ही है कॉलेज स्टूडेंट जनार्दन (रणबीर कपूर) के साथ।

राम-लीला (2013) : संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण अहम रोल में हैं। इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म का म्यूजिक भी दर्शकों को खूब पसंद आया। अलग-अलग कबीलों के खास घरानों के रहने वाले राम (रणवीर सिंह) और लीला (दीपिका पादुकोण) एक-दूजे के प्यार में पड़ जाते हैं।

ला लिगा : एमबापे और अल्वारेज ने दागे गोल, एटलेटिको और रियल का मैच ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

काइलियान एमबापे के गोल की मदद से रियल मैड्रिड ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शनिवार को यहां स्पेनिश फुटबॉल लीग में एटलेटिको मैड्रिड को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया और अंक तालिका के शीर्ष पर अपना स्थान बरकरार रखा।

जूलियन अल्वारेज ने 35वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर एटलेटिको को 1-0 की बढ़त दिलाई लेकिन एमबापे ने 50वें मिनट में गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया जो अंत तक बराबर रहा। इस ड्रॉ के बाद रियल मैड्रिड की टीम 23 मैच में 50 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार है। एटलेटिको इतने ही मुकाबलों में 49 अंक के साथ दूसरे पायदान पर है। रियल मैड्रिड की टीम अब मंगलवार को चैंपियन्स लीग नॉकआउट दौर प्ले हाफ के पहले चरण में मैनचेस्टर सिटी से उसके मैदान पर खेलेगी।

जीता बिलबाओ

अन्य मुकाबलों में एथलेटिक बिलबाओ ने गिरोना को 3-0 से जबकि सेल्टा विगो ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रीयाल बेटिस को 3-2 से हराया। विलारीयाल ने लास पालमास को 2-1 से शिकस्त दी।

एफए कप के पांचवें दौर में पहुंचा मैनचेस्टर सिटी

लंदन। रियल मैड्रिड के खिलाफ चैंपियन्स लीग प्ले ऑफ से पहले मैनचेस्टर सिटी को एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट में तीसरे टीयर की टीम लेटन ओरिएंट के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए जूझना पड़ा। शनिवार को मैनचेस्टर सिटी ने ओरिएंट को 2-1 से हराकर एफए कप के पांचवें दौर में जगह बनाई। ओरिएंट की टीम स्टीफन ओर्टेगा के 16वें मिनट में दागे आत्मघाती गोल से मध्यांतर तक 1-0 से आगे थी लेकिन दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी अब्दुकोदिर खुसानोव और केविन डि ब्रून ने गोल दागकर चार बार के गत प्रीमियर लीग चैंपियन सिटी की जीत सुनिश्चित की। सिटी की टीम मंगलवार को चैंपियन्स लीग के दो चरण के प्ले ऑफ के पहले चरण में मैड्रिड की मेजबानी करेगी।

न्यूकासल ने बर्मिंघम को हराया

न्यूकासल ने भी बर्मिंघम को 3-2 से हराकर एफए कप के अगले दौर में प्रवेश किया लेकिन आठ बार के चैंपियन चेल्सी की टीम पांचवें मिनट में बढ़त बनाने के बावजूद ब्राइटन के खिलाफ 1-2 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। बोर्नेमाउथ ने भी एवर्टन को 2-0 से हराकर एफए कप के पांचवें दौर में जगह बनाई जबकि इपस्विच ने कोवेंट्री को 4-1 से शिकस्त दी। फुलहम ने विगान को 2-1 से हराया जबकि लीड्स की टीम मिलवाल के खिलाफ 0-2 की शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

खबर संक्षेप

एमआई केपटाउन पहली बार बनी एसए20 चैंपियन

जोहानिसबर्ग। पिछली दो बार आखिरी स्थान पर रही एमआई केपटाउन ने राशिद खान की कप्तानी में तीसरे सत्र में चमत्कारिक प्रदर्शन करते हुए दो बार की चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप को वांडरर्स पर खेले गए फाइनल में बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर 76 रन से हराकर एसए 20 खिताब अपने नाम किया। पूरा स्टेडियम अपने स्थानीय नायक 'रबाडा रबाडा' के शोर से गूंज उठा जिन्होंने 3.4 ओवर में 25 रन देकर चार विकेट लिए। वहीं ट्रेंट बोल्ट ने चार ओवर में सिर्फ नौ रन देकर दो विकेट लिए। जीत के लिए 182 रन का पीछा करते हुए सनराइजर्स 105 रन पर आउट हो गए।

यूपी वारियर्स की कप्तान बनीं दीप्ति

नई दिल्ली। यूपी वारियर्स ने रविवार को अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को डब्लूपीएल 2025 के लिए कप्तान नियुक्त किया क्योंकि नियमित कप्तान एलिसा हीली पैर की चोट के कारण लीग से बाहर हो गई हैं। वारियर्स को उम्मीद है कि दीप्ति डब्लूपीएल 2024 में अपने शानदार प्रदर्शन को दोहराएगी जिसमें उसने आठ पारियों में 136.57 के स्ट्राइक रेट और 98.33 की औसत से 295 रन बनाए थे। दीप्ति ने अपनी ऑफ स्पिन से 7.23 की इकॉनमी रेट से 10 विकेट भी लिए थे। 27 वर्षीय दीप्ति को कप्तानी का भी अनुभव है, उन्होंने घरेलू मैचों में बंगाल और पूर्वी क्षेत्र का नेतृत्व किया है।

द.अफ्रीका ने नोर्किया की जगह बॉश को चुना

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका ने इस महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रविवार को चोटिल तेज गेंदबाज एनरिच नोर्किया की जगह कोर्बिन बॉश को टीम में शामिल किया। पिछल महीने पीठ की चोट के दोबारा उभरने के कारण नोर्किया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता से बाहर हो गए।पिछले साल दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले बॉश ने सिर्फ एक एकदिवसीय मुकाबला खेला है जिसमें उन्होंने नाबाद 40 रन बनाने के अलावा एक विकेट भी चटकाया।

इंग्लैंड की महिला हॉकी टीम पहुंची ओडिशा

भुवनेश्वर। इंग्लैंड की महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के भारत चरण के मैचों में भाग लेने के लिए रविवार को भुवनेश्वर पहुंची। विश्व रैंकिंग में सातवें पायदान पर काबिज टीम 15 फरवरी को यहां कलिंगा स्टेडियम में मेजबान भारत और 25 फरवरी को शीर्ष रैंकिंग की टीम नीदरलैंड से भिड़ेगी। टीम के सदस्यों का यहां बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर ओडिशा खेल विभाग और हॉकी इंडिया ने जोरदार स्वागत किया।

कंगारुओं की लगातार चौथी जीत और श्रीलंका की लगातार चौथी हार

ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को नौ विकेट से हराकर 2-0 से किया क्लीनस्वीप

एजेंसी ▶▶| गॉल

ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरा टेस्ट नौ विकेट से जीतकर दो मैच की श्रृंखला में श्रीलंका का 2-0 से सूपड़ा साफ किया। श्रीलंका के 75 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मार्नस लाबुशेन (नाबाद 26) ने चौथे दिन लंच से 15 मिनट पहले संन्यास ले रहे दिमुथ करुणारत्ने की गेंद को मिड विकेट पर एक रन के लिए खेलकर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक विकेट पर 75 रन पर पहुंचाकर टीम को जीत दिलाई। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा 27 रन बनाकर नाबाद रहे।

ऑस्ट्रेलिया ने 2011 के बाद श्रीलंका में पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीती है। टीम ने तब रिकी पोंटिंग की अगुआई में श्रीलंका को 1-0 से हराया था। ऑस्ट्रेलिया को 2016 में स्टीव स्मिथ की कप्तानी में श्रीलंका में 3-0 से क्लीनस्वीप का सामना करना पड़ा जबकि 2022 में श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ रही। पैट कमिंस की जगह कप्तानी कर रहे स्मिथ ने इस तरह श्रृंखला जीतकर राहत की सांस ली होगी। स्मिथ का टेस्ट क्रिकेट में 200वां कैच किया। उनसे पहले सिर्फ चार खिलाड़ियों जाक कैलिस, महेला जयवर्धने, राहुल द्रविड़ और जो रूट ने यह उपलब्धि हासिल की है।

करुणारत्ने ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने रविवार को श्रीलंका के पूर्व कप्तान और सलामी बल्लेबाज दिमुथ करुणारत्ने की जमकर सराहना की, जिन्होंने गॉल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने 100वें टेस्ट के साथ ही अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया। करुणारत्ने ने अपने विदाई टेस्ट में 36 और 14 रन की पारी खेली। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा, 'दिमुथ का करियर बहुत अच्छा रहा है। उन्होंने खेल के पारंपरिक प्रारूप में एक बल्लेबाज के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और 100 टेस्ट खेलने वाले अपने देश के सातवें खिलाड़ी बने।' छत्तीस साल के करुणारत्ने ने टेस्ट में लगभग 40 की औसत से 7222 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका सर्वाधिक स्कोर 244 रन रहा है। उन्होंने 50 एकदिवसीय में 1316 रन बनाए है। उन्होंने 2019 और 2023 के बीच 30 टेस्ट मैचों में श्रीलंका की कप्तानी की, जिसमें 12 जीते और 12 हारे।

डब्लूटीसी : दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया

दुबई। ऑस्ट्रेलिया रविवार को श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के बाद 2023-25 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में शीर्ष पर काबिज दक्षिण अफ्रीका से थोड़ा पीछे दूसरे स्थान पर रहा। दक्षिण अफ्रीका 69.44 प्रतिशत अंक के साथ डब्लूटीसी फाइनल में जगह बनाने वाली पहली टीम बनी थी जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 67.54 प्रतिशत अंक के साथ समापन किया। अब दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया दोनों टीम 11 जून से लॉर्ड्स में डब्लूटीसी फाइनल में एक दूसरे के सामने होंगी।

वनडे क्रिकेट

रोहित ने की फॉर्म में वापसी, गेल को पीछे छोड़ बने 'सिक्सर किंग'

एजेंसी ▶▶| कटक

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने आखिरकार कटक में अपनी फॉर्म में वापसी कर ली है। रोहित ने वनडे में रिकॉर्ड 336 छक्के जड़ दिया है। इससे पहले वे वेस्टइंडीज के क्रिकेटर क्रिस गेल की बराबरी पर थे। न्यूजीलैंड सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी रोहित का बल्ला शांत रहा था। कटक में रोहित ने शुरुआत से ही अपना पुराना रंग दिखाया। हिटमैन के नाम से मशहूर रोहित ने कुछ शानदार छक्के मारे और क्रिस गेल के वनडे में सबसे ज्यादा छक्कों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। गेल के नाम वनडे में कुल 331 छक्के हैं।

रोहित इससे आगे निकल गए। रोहित ने 22 रन का आंकड़ा छूते हुए भारत के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ को पीछे कर दिया। अब रोहित वनडे में सबसे ज्यादा रनों के मामले में राहुल से आगे निकल गए हैं। रोहित ने शुरू से इंग्लैंड के गेंदबाजों पर दबाव बनाया। वह लय हासिल कर रहे थे तभी खराब लाइट के कारण मैच रोका गया। लगा कि रोहित अपनी लय खो देंगे। तकरीबन आधे घंटे के बाद जब मैच शुरू हुआ तो रोहित ने आते ही चौका मार दिया। रोहित ने लय नहीं खोई थी। उन्होंने नौवें ओवर की चौथी गेंद पर चौका मार अपना अर्धशतक पूरा किया। ये रोहित का 58वां वनडे अर्धशतक था। अर्धशतक पूरा करने के बाद रोहित ने ऊपर आसामन की तरफ देखा और भगवान का शुक्रिया अदा किया।

सबसे ज्यादा छक्के

छक्के	खिलाड़ी
351	शाहिद अफरीदी
336	रोहित शर्मा*
331	क्रिस गेल
270	सनथ जयसूर्या
229	एमएस धोनी
220	इयोन मोर्गन

रानी सूर्यमुखी देवी चैंपियनशिप

चैंपियन छत्तीसगढ़ का ओडिशा के खिलाफ अजेय रिकॉर्ड कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल ऑल इंडिया फ्लड लाइट टी -20 क्रिकेट चैंपियनशिप की डिफेंडर टीम छग स्टेट क्रिकेट संघ ने टूर्नामेंट के पहले दिन शनिवार को एक बार फिर गत वर्ष की उपविजेता ओडिसा क्रिकेट एसोसिएशन को हराकर टीम के खिलाफ अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा है।

अजय मंडल की कप्तानी में छत्तीसगढ़ ने ओडिशा को 6 विकेट से हराकर जीत दर्ज की है। बल्लेबाज आशीष डहरिया (57) और प्रतीक यादव (44) इस जीत के हीरो रहे। वहीं इससे पहले खेले गए मैच में महाराष्ट्र इलेवन को विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन ने 57 रनों के बड़े अंतर से चित कर दिया।

सीएससीएस से खिताबी हार का बदला लेने उतरी ओडिशा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। लेकिन कप्तान की उम्मीद के उलट ओडिशा के बल्लेबाज सीएससीएस के गेंदबाजों केंद्र सामने ढेर होते चले गए। टीम 117 रन पर सिमट गई।

सीएससीएस की ओर से मयंक यादव (4 विकेट) और शुभम सिंह ने 3 विकेट लिए। 118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएससीएस 6 विकेट से जीत दर्ज की। अपनी घातक गेंदबाजी से प्रतिद्वंद्वी टीम को पीछे धकेलने वाले मयंक यादव प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

57 रन से जीता विदर्भ

महाराष्ट्र इलेवन के खिलाफ विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन ने 20 ओवर में सिर्फ 3 विकेट खोकर 197 रन का बड़ा स्कोर सेट किया। 194 रनों के स्कोर का पीछा करने उतरे महाराष्ट्र इलेवन टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 140 रन ही बना सकी। विजेता टीम के बल्लेबाज जगजोत ससन को उनकी आतिशी बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

फिलिप्स के शतक से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 78 रन से रौंदा

लाहौर। ग्लेन फिलिप्स के पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच में पाकिस्तान को 78 रन से हरा दिया। फिलिप्स ने 74 गेंद में छह चौकों और सात छक्कों से 74 गेंद में नाबाद 106 रन की पारी खेलकर चैंपियन्स ट्रॉफी की अपनी पुख्ता तैयारियों का नजारा पेश किया। उनकी पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने छह विकेट पर 330 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। डेरिल मिचेल (81) और केन विलियमसन (58) ने भी न्यूजीलैंड के लिए अर्धशतक जड़े। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी ने तीन विकेट चटकाए लेकिन उन्होंने 10 ओवर में 88 रन लुटाए। अबरार अहमद ने 21 रन देकर दो विकेट हासिल किए। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 47.5 ओवर में 252 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड की तरफ से मिचेल सेंटनर ने 41 जबकि मैट हेनरी ने 53 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए।

ज्योति-तेजस को बाधा दौड़ में लगातार तीसरा स्वर्ण

100 मीटर : ज्योति ने 13.10 सेकंड के साथ राष्ट्रीय रिकार्ड में किया सुधार

एजेंसी ▶▶| देहरादून

आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी और महाराष्ट्र के तेजस शिरसे ने रविवार को यहां राष्ट्रीय खेलों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ क्रमशः महिला 100 मीटर बाधा दौड़ और पुरुष 110 मीटर बाधा दौड़ में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीते। अपने स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक शिरसे और याराजी ने इससे पहले गुजरात और गोवा में हुए पिछले दो राष्ट्रीय खेलों में भी स्वर्ण पदक जीते थे।

गत एशियाई चैंपियन और 2023 में हुए हांगझोउ एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता 25 साल की याराजी ने फाइनल में 13.10 सेकंड के समय के साथ 13.22 सेकंड के अपने पिछले राष्ट्रीय खेलों के रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने 2023 में बनाया था। याराजी का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 12.78 सेकंड है।बाइस साल के शिरसे ने 13.65 सेकंड के समय के साथ 13.71 सेकंड के अपने राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार करते हुए स्वर्ण पदक जीता। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13.41 सेकेंड का है जो उन्होंने पिछले साल बनाया था।

टूर्नामेंट 11 से 16 फरवरी तक चीन के किंगदाओ में खेला जाएगा

सिंधू चोट के कारण एशियन चैंपियनशिप से हटीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण चीन में होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है। इससे देश की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पदक का रंग सुधारने की संभावनाओं को बड़ा झटका लगा है। यह टूर्नामेंट 11 से 16 फरवरी तक किंगदाओ में खेला जाएगा। भारतीय खिलाड़ी अभी गुवाहाटी में ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा ले रहे हैं। सिंधू के अलावा शिविर में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय के साथ-साथ सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष युगल जोड़ी भी हिस्सा ले रही है। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी उस भारतीय टीम का हिस्सा थी जिसने टूर्नामेंट के पिछले सत्र में कांस्य पदक जीता था। सिंधू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'मैं भारी मन से यह बता रही हूं कि मैं बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप 2025 के लिए टीम के साथ यात्रा नहीं करूंगी। चार फरवरी को गुवाहाटी में ट्रेनिंग के दौरान मुझे अपनी पैर की मांसपेशियों में दर्द महसूस हुआ। अपने देश के लिए पट्टी लगाकर खेलने के प्रयास करने के बावजूद एमआरआई से पता चला है कि मुझे शुरुआत में जितना लगा था चोट के ठीक होने में उससे अधिक समय लगेगा।'

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्रं-1, सिवनी

निविदा आमंत्रण क्र. 22/555/व.ले.लि./2024-25 सिवनी, दिनांक 04.02.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

क्र.	टेण्डर क्र.	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में)	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर राशि (रू.में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा खोलने का कार्यालय का नाम एवं पता ।
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	2025_PWD RB_400592	बी.टी. रिनीवल	उपसंभाग क्र-1 सिवनी के अंतर्गत पिपरिया बर्रा मार्ग लं. 3.20 कि.मी. मे बी.टी. रिनीवल का कार्य ।	प्रथम	5000	26.40 लाख	50000	02(दो) माह वर्षा ऋतु छोड़कर	मुख्य अभियंता लो.नि.वि. परिक्षेत्र जबलपुर ।
2	2025_PWD RB_400593	ए.आर.	उपसंभाग क्र-1 सिवनी के अन्तर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनो हेतु विशेष मरम्मत का कार्य ।	प्रथम	2000	20.00 लाख	40000	06(छः) माह वर्षा ऋतु सहित	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि.संभाग क्र-1 सिवनी
			योग 02 कार्य			46.40 लाख			

उपरोक्त वेबसाइट पर आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 25.02.2025 (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

मध्यप्रदेश शासन के आदेश क्र. 205/प्रस/लोनिवि./20, भोपाल दिनांक 03.11.2020 से प्राप्त निर्देशानुसार भौतिक रूप से कोई भी दस्तावेज प्राप्त नही किये जायेगें, सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन ही अपलोड किये जायेगे एवं सम्पूर्ण दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड नही किये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नही किया जावेगा ।

इलेक्ट्रानिक ई.एम.डी. (धरोहर राशि) RTGS./NEFT. के माध्यम से ही स्वीकार किये जावेगें । इलेक्ट्रानिक के अलावा अन्य किसी भी रूप मे ई.एम.डी. (धरोहर राशि) स्वीकार नही की जावेगी ।

इंजी. आर.के. हनुमंते
कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्रं-1, सिवनी

G-22826/24

फंड की कमी या फिर विभागीय लापरवाही

सिपाही से लेकर टीआई तक सबका अटका वेतन

हरिभूमि जबलपुर।

पुलिस महकमे के सबसे मजबूत अंग 'सिपाही' की मासिक सैलरी एक बार फिर से जिला वेतन शाखा की लापरवाही के चलते होल्ड हो गई है। जो वेतन महीने की 1 और 2 तारीख को निर्धारित और नियमित रूप से कर्मचारियों के बैंक खातों में ट्रांसफर किया जाता है, वह इस महीने अब तक आरक्षक, प्रधान आरक्षक, एएसआई, एसआई और निरीक्षकों के खातों में नहीं आई है। हालांकि, इनसे ऊपर रैंक के सभी अधिकारियों की सैलरी निर्धारित समय पर उनके खातों में ट्रांसफर कर दी गई है।

पुलिस विभाग के अधिकांश कर्मचारी इस वेतन रोकने के कारण को जानने के लिए अपने स्तर पर हर संभव प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उन्हें न तो संबंधित शाखा से कोई स्पष्ट जवाब मिल रहा है और न ही अधिकारियों से। इस मामले से पहले भी सितंबर 2024 में करीब 17 दिनों तक आरक्षक-प्रधान आरक्षकों का वेतन बेवजह रोका गया था।

वेतन रोकने के कारण धार्मिक पर्वों के दौरान पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और सामुदायिक पुलिसिंग में कार्यरत अग्रणी आरक्षकों की कठिनाई बढ़ गई है। इन आरक्षकों के वेतन न मिलने पर उनके बीच चर्चा होने लगी है, और कुछ आरक्षक अब यह कहने लगे हैं कि अगर वेतन रोकना ही है तो बड़े अधिकारियों का रोक लें। वेतन न मिलने से महीने की शुरुआत में बच्चों की स्कूल, कॉलेज या कोचिंग फीस और कार या मकान के लोन की किश्तें भरने में भी कठिनाई हो रही है।

जमीनी अमला प्रभावित

जबलपुर जिले में कुल 2200 से अधिक आरक्षक और प्रधान आरक्षक विभिन्न थानों, महिला थाना, ट्रैफिक थाना, अजाक, बीडीडीएस, फिंगर प्रिंट, डुमना एयरपोर्ट, जिला मुख्यालय, रेडियो शाखा, सीसीटीवी, साइबर, हाईकोर्ट सुरक्षा, बंगला ड्यूटी, जिविशा, और रक्षित निरीक्षक कार्यालय सहित अन्य इकाइयों में तैनात हैं। समय पर वेतन न मिलने से पुलिस विभाग के मूल बल का उत्साह भी प्रभावित हो रहा है।

जल्द जारी करने का आश्वासन

हालांकि, पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही सभी कर्मचारियों के बैंक खातों में वेतन ट्रांसफर कर दिया जाएगा। इसके साथ ही, पुलिस विभाग में बजट की कमी की चर्चा भी की जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हाल ही में सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके रिटायरमेंट कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने उनके सुखमय जीवन की कामना करते हुए स्मृति चिन्ह, अवकाश नगदीकरण, बीमा, जीपीएफ और गेज्युटी के दस्तावेज़ दिए थे। हालांकि, इन दस्तावेजों में दिए गए चेकों की नगदी बहाली अब तक उनके बैंक खातों में नहीं हुई है। सबसे बड़ी समस्या जीपीएफ (ग्रेच्युटी प्रोविडेंट फंड) की राशि के भुगतान को लेकर सामने आ रही है।

▶ 63 सौ क्विंटल फर्जी धान घोटाला...

▶ अधिकारियों ने साधी चुप्पी

मां रेवा वेयरहाउस मझौली में एक दूसरे पर फोड़ रहे ठीकरा

कलेक्टर के आदेश की सरेआम उड़ी धज्जियां

हरिभूमि फॉलोअप

मझौली की सेवा सहकारी समिति खाद्य द्वारा मॉ रेवा वेयरहाउस में की गई धान खरीदी का खुलासा हरिभूमि में होने के बाद वेयर हाउस संचालक नीतेश पटेल, समिति प्रभारी विजय राय व खरीदी केन्द्र प्रभारी दिनेश व्यास, एक दूसरे पर ठीकरा फोड़ते नजर आ रहे हैं। वहीं अधिकारियों ने इस मसले पर चुप्पी साध ली है। अधिकारी न तो फोन उठा रहे हैं और न ही किसी प्रकार का जवाब देते दिखाई दे रहे हैं।

हरिभूमि, जबलपुर।

गौरतलब है कि मझौली तहसील की खांड सेवा सहकारी समिति द्वारा मॉ रेवा वेयरहाउस में धान की खरीदी की गई थी। धान की खरीदी 23 जनवरी को बंद हो गई, इसके बाद यहां पर बड़ा घोटाला हुआ। जिसमें लगभग 63 सौ क्विंटल धान को फर्जी तरीके से चढ़ाकर एचआर काट दिए गए। सूत्रों का कहना है कि यह पूरी धान मझौली व इंद्राना क्षेत्र के व्यापारियों की थी। इतना ही नहीं फर्जी किसान जिन्होंने अपनी धान बेची ही नहीं उनका भुगतान भी करा दिया गया। जबकि असली किसान अभी तक सोसायटी के चक्कर काट रहे हैं। पूरे मामले की तहकीकात करने जब हरिभूमि की टीम मॉ रेवा वेयर हाउस पहुंचे तो वहां पर अलग ही कहानियां सुनाई गई।

▶ वेयरहाउस संचालक सहित खरीदी प्रभारी ने किया घोटाला

▶ असली किसानों का भुगतान अटका

63 सौ क्विंटल फर्जी धान डकार गया मॉ रेवा वेयरहाउस

जिले में धान खरीदी पर प्रशासन भले ही अपनी वाहवाही लूट रहा हो परंतु हर बार की तरह इस बार भी धान का जमकर गोलमाल किया गया है। दरअसल प्रशासन कह रहा है कि मात्र 10 हजार क्विंटल धान गायब है, जिसमे कालाडुमर में 71 सौ क्विंटल व कटंगी के 58 सौ क्विंटल की जांच की जा रही है, परंतु इससे भी इतर मझौली के मॉ रेवा वेयर हाउस में 6 हजार 3 सौ क्विंटल धान फर्जी तरीके से चढ़ा दी गई।

वेयरहाउस संचालक और खरीदी प्रभारी का खेल

डेढ़ करोड़ रूपये का खेल

5 लाख में दबाया मामला

खरीदी केन्द्र प्रभारी की मिलीभगत

दबाव बनाकर करवाए हस्ताक्षर- दिनेश व्यास

इस मामले में खरीदी केन्द्र प्रभारी दिनेश व्यास ने बताया कि मॉ रेवा वेयरहाउस के संचालक नीतेश पटेल द्वारा उनके ऊपर दबाव बनाया गया, उसके बाद उनसे हस्ताक्षर भी करवाए गये, दिनेश व्यास का ये भी कहना था कि हम यहां पर खरीदी नहीं करना चाहते थे, परंतु पूरी खरीदी नीतेश पटेल द्वारा की गई है। इतना ही नहीं जिस सर्वेयर ने इनकी शिकायत की थी, उसको भी इन्होंने हटवा दिया था। हमने जो वेयर हाउस में स्टेक लगाए थे वह 23 होना थे परंतु वहां पर मात्र 20 स्टेक ही हैं, एक स्टेक में 14.20 सौ धान आती है।

प्रभारी व वेयर हाउस संचालक ने की हेराफेरी- विजय राय

खांड़ सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक विजय राय का कहना है कि मेरे पास दो समितियों का प्रभार है, जिसमें 5 खरीदी केन्द्र बनाए गए थे। चार में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं हुई मात्र मॉ रेवा वेयरहाउस में ही खरीदी को लेकर अनियमितताएं हुई हैं। इसमें खरीदी केन्द्र प्रभारी दिनेश व्यास एवं वेयर हाउस संचालक नीतेश पटेल के साथ ऑपरेटर श्रीराम की मिली भगत है। लगभग 63 सौ क्विंटल फर्जी तरीके से धान के एचआर काटे गए हैं।

मेरा गोदाम को 2 जनवरी को फुल हो गया थाः नीतेश पटेल

यहां पर मॉ रेवा वेयर हाउस संचालक नीतेश पटेल ने अलग ही दावा किया है। नीतेश का कहना है कि मेरा वेयर हाउस 2 जनवरी को ही फुल हो गया था, जिसका प्रमाण पत्र समिति द्वारा दिया गया उसके बाद वेयरहाउस 74 पिताश्री वेयर हाउस की मेंपिग की गई थी। जहां पर धान का उठाव होकर जमा होना था। मेरा इस पूरे प्रकरण में किसी प्रकार का लेना-देना नहीं है, ये पूरा मामला समिति प्रबंधक, खरीदी केन्द्र प्रभारी की देखरेख में हुआ है।

किसान हो रहे परेशान

63 सौ क्विंटल फर्जी धान खरीदी मामले में खरीदी केन्द्र को धान बेचने वाले लगभग 50-60 किसान ऐसे हैं जो हर रोज सोसायटी के चक्कर लगा रहे हैं। किसान सत्येंद्र पटेल ने तो स्पष्ट आरोप लगाए हैं कि यहां पर जितनी भी खरीदी हुई है, वह वेयरहाउस संचालक नीतेश पटेल ने की है। खरीदी में हमने 4 किलो प्रति क्विंटल धान भी अतिरिक्त कमीशन के रूप में दी है, अब पैसा भी नीतेश पटेल को देना चाहिए। सत्येंद्र पटेल ने लगभग 450 क्विंटल धान को खांड सेवा सहकारी समिति को बेचा है।

अधिकारियों की मिलीभगत

इस पूरे मामले में खरीदी एजेंसी नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंधक दिलीप किरार, खाद्य विभाग के संजय खरे से बात करना चाहा गया तो उनके मोबाइल पर रिंग जाती रही किन्तु उन्होंने फोन नहीं उठाया। इससे प्रतीत होता है कि कहीं न कहीं जिले में जितने भी घोटाले हुए हैं उनमें इनकी भूमिका भी संदिग्ध है।

तीन किमी से दूर नहीं होगा केंद्र, निर्देश जारी

पांचवीं-आठवीं की परीक्षाएं 24 से इस बार बोर्ड पैटर्न पर होंगे पेपर



हरिभूमि, जबलपुर

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कक्षा पांचवी-आठवीं की मुख्य परीक्षाओं को लेकर राज्य शिक्षा केंद्र ने कार्यक्रम जारी कर दिया है। 24 फरवरी से यह परीक्षाएं आरएसके द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्रो पर आयोजित होंगी। खास बात यह भी है कि परीक्षा केंद्रो की दूरी को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, जिसके अनुसार, सभी परीक्षा केंद्र 3 किमी के दायरे में ही रहेंगे। ताकि विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने में सहूलियत हो। दरअसल, प्रदेश के सरकारी स्कूलों की कक्षा लेकर राज्य शिक्षा केंद्र की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। परीक्षा के पेपर आरएसके के निर्देशानुसार तैयार कराए गए हैं। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। विशेष परिस्थितियों में राज्य शिक्षा केंद्र को सूचित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अनुमति से परीक्षा केंद्रों की संख्या बढ़ाई जा सकेगी। इस बार परीक्षा में सरकारी व निजी स्कूलों के करीब 24 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे।

इस बार डिटेंशन पॉलिसी भी लागू

कक्षा 5वीं व 8वीं की परीक्षा में निर्धारित अर्हकारी अंक प्राप्त नहीं करने वाले विद्यार्थियों को पुनः परीक्षा का अवसर दिया जाएगा। इसके लिए दो माह बाद पुनः परीक्षा आयोजित होगी। इस बार डिटेंशन पॉलिसी भी लागू होगी। पुनः परीक्षा में भी अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को उसी कक्षा में रोके जाने (डिटेंशन पॉलिसी) का प्रावधान होगा।

नकल मिली तो परीक्षा होगी निरस्त

अगर कोई विद्यार्थी नकल करते या अनुचित साधनों का प्रयोग करते पकड़ा जाएगा तो उसकी परीक्षा निरस्त कर दी जाएगी। यह भी निर्देशित किया गया है कि परीक्षा के दिन जनशिक्षा केंद्र से 45 मिनट पहले केंद्रों पर प्रश्नपत्रों का बंडल वितरित किया जाएगा। परीक्षा समाप्त होने के बाद सभी केंद्रों से एक घंटे में उत्तर पुस्तिकाओं को जनशिक्षा केंद्र पर जमा कराना होगा।

हर जनशिक्षा केंद्र के अंतर्गत पांच केंद्र

हर जनशिक्षा केंद्र के अंतर्गत 5 केंद्र बनाए जाएंगे। परीक्षा केंद्र स्कूल से तीन किमी के अंदर ही होंगे और एक केंद्र पर 250 से अधिक विद्यार्थी नहीं होंगे। इस बार राज्य व जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष भी बनाया जाएगा। परीक्षा संबंधी शिकायत यहां दर्ज कराई जा सकती है।

जबलपुर से वाया गोंदिया-रायपुर तक चलेगी ट्रेन

जल्द शुरु हो सकती है नई वंदे भारत ट्रेन

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर से जल्द ही एक नई वंदे भारत ट्रेन शुरू हो सकती है जो कि जबलपुर से वाया गोंदिया होते हुए रायपुर तक चलेगी। बताया जा रहा है कि जबलपुर-रायपुर वंदे भारत ट्रेन को हफ्ते में 6 दिन चलाया जा सकता है। ट्रेन संचालन को लेकर रेलवे ने एक इंटरनल नोटिफिकेशन जारी किया है, जिससे ये भी पता चल रहा है कि ट्रेन का किन किन स्टेशन पर स्टॉपेज हो सकता है।

करीब 7 घंटे में पूरा होगा सफर

जबलपुर-रायपुर के बीच 410 किमी की दूरी है और जानकारी के मुताबिक वंदे भारत ट्रेन इस दूरी को महज करीब 7 घंटे में पूरा करेगी। बता दें कि जबलपुर-गोंदिया ब्रॉडगेज लाइन बनाई जाने के बाद रेलवे ने इस पर वंदे भारत ट्रेन चलाने की अनुमति दी है। जबलपुर से रायपुर के बीच वंदे भारत ट्रेन शुरू होने से इस रूट पर सफर करने वाले यात्रियों को काफी सुविधा होगी क्योंकि अभी तक इस रूट पर सफर करने वाले यात्रियों को केवल अमरकंटक एक्सप्रेस से ही सफर करना पड़ता था जो कि कटनी होकर गुजरती है।

इन स्टेशनों पर होगा स्टॉपेज

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जो इंटरनल नोटिफिकेशन जारी हुआ है उसके अनुसार जबलपुर से वंदे भारत ट्रेन सुबह 5 बजे रवाना होगी और 5.12 बजे मदन महल पहुंचेगी, इसके बाद 5.26 बजे कछपुरा, 6.49 बजे नैनपुर, 8.08 बजे बालाघाट, 9.10 बजे गोंदिया, 10.24 बजे राजनांदगांव, 11.12 बजे दुर्ग और 11.55 बजे रायपुर पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में रायपुर से ट्रेन दोपहर 1.20 बजे रवना होगी और 2.10 बजे दुर्ग , 2.29 बजे राजनांदगांव, 3.55 बजे गोंदिया, 4.29 बजे बालाघाट, 5.44 बजे नैनपुर और फिर कछपुरा, मदन महल होते हुए रात 8.15 बजे जबलपुर मुख्य स्टेशन पहुंचेगी।

फरीदाबाद में प्रशिक्षण में शामिल हुये जबलपुर के पांच कृषि अधिकारी

जबलपुर। केंद्रीय उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला एवं प्रशिक्षण केंद्र फरीदाबाद, हरियाणा में आयोजित पाँच दिवसीय गुण नियंत्रण प्रशिक्षण में शामिल होने के बाद जिले के चार कृषि अधिकारी आज रविवार को जबलपुर पहुंचे। तीन फरवरी से सात फरवरी तक आयोजित इस प्रशिक्षण में अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन श्रीमती इंदिरा त्रिपाठी, अनुविभागीय कृषि अधिकारी सिहोरा श्रीमती मनीषा पटेल, सहायक संचालक श्रीमती कीर्ति वर्मा एवं सहायक संचालक रवि आम्रवंशी शामिल हुये थे। उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास डॉ एस के निगम ने यह जानकारी देते हुये बताया कि प्रशिक्षण में कृषि अधिकारियों को कृषि फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर 1985 में हुए संशोधन और उर्वरकों के गुण नियंत्रण के संबंध में सूक्ष्मता से जानकारी दी गई है, जिसका जिले के किसानों को भरपूर लाभ मिलेगा। डॉ निगम के मुताबिक जिले में 24 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ, 28 हजार हेक्टेयर क्षेत्र रबी एवं लगभग 1 लाख 10 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में जायद फसलों की बोनी की जाती है । उन्होंने बताया कि जिले में प्रतिवर्ष लगभग 1 लाख 25 हजार मीट्रिक टन उर्वरक की आवश्यकता होती है।

अवैध लेनदेन करने वाले दो लोगों पर मामला दर्ज

कमीशन का लालच देकर खुलवाए बैंक खाते

जबलपुर। खमरिया थानांतर्गत दो लोगों ने एक युवक को बैंक खाता खुलवाने के एवज में कमीशन का लालज देकर उसके खाते से लाखों का अधिकृत लेनदेन किया। युवक का खाता होल्ड होने पर उसे खाते के दुरुपयोग की जानकारी मिली। पुलिस ने दोनों आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। खमरिया पुलिस ने बताया कि साकेत कालोनी तिघरा निवासी अभिषेक सिंह से दो माह पूर्व गांव के उत्कर्ष नामदेव ने कहा कि क्या तुम्हें पैसे की जरूरत है तो अभिषेक ने कहा हां हैतो उत्कर्ष ने कहा कि पैसे चाहिए तो इस बात के लिए तुम्हें खाता खुलवाना पड़ेगा। उत्कर्ष ने कहा कि शेयर मार्केट में काम करता हूँ। इसे खातों की जरूरत पड़ती है। अभिषेक, उत्कर्ष के झांसे में आ गया। उत्कर्ष ने उससे खाता खुलवाने आधार कार्ड व पैन कार्ड मांगा और पिपरिया बैंक ले जाकर उसका खाता खुलवाया लेकिन उत्कर्ष ने उसे तीन हजार रुपये नहीं दिए। इसके बाद उत्कर्ष नामदेव ने अभिषेक सिंह की पासबुक व एटीएम कार्ड स्वयं रख लिया और उसे गुमराह कर बोला कि तुम्हारा खाता अभी नहीं खुला है जब पैसे आयेंगे तब तुम्हें मिल जाएंगे। कुछ दिनों बाद उत्कर्ष, अभिषेक के पास आया और बोला कि पैसा बैंक में आ गया है और फंस गया है। उसे निकालना है तो अभिषेक सिंह, उत्कर्ष नामदेव के साथ बैंक गया। जहां उत्कर्ष के पास मोबाइल में पासबुक की फोटो थी उसी में लिखे नम्बर को दिखाकर काउंटर में बात की तो पता चला कि अभिषेक का खाता होल्ड हो गया है। खाता में लेनदेन ज्यादा होने से पैसे नहीं निकल पाएंगे। तब अभिषेक ने बैंक में पूछा तो पता चला कि खाते से १० लाख से ऊपर का लेनदेन हुआ है। अभिषेक वापस आ गया। उत्कर्ष से पूछने पर उसने कुछ नहीं कहा। शंका होने पर अभिषेक ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच में पता चला कि जय केशरवानी व उत्कर्ष नामदेव ने खाता खुलवाने कमीशन का लालच लेकर खाते से अनाधिकृत लेनदेन किया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240